राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 269, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 12 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

197वीं जयंती पर सामाजिक सदाशयता के क्रांतिदूत महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धा सुमन .... पेज 03

इलाहाबाद,फूलपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा से अटकलों पर विराम .... पेज 05

दो बड़े शॉट के साथ 15 रन प्रति ओवर के फार्मूले से मिली जीत : गिल .... पेज 07

## देश में भीषण गर्मी और हीटवेव को लेकर केंद्र सरकार सतर्क

### पीएम मोदी ने स्थिति से निपटने के लिए समीक्षा बैठक की

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हीट वेव से को लेकर स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक की। गर्मी अब धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रही है। वहीं, बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रधान मंत्री को आगामी गर्म मौसम के मौसम (अप्रैल से जून) के पूर्वानुमान सहित अप्रैल से जून 2024 की अवधि के लिए तापमान दृष्टिकोण के बारे में जानकारी दी गई। देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है, विशेष रूप से मध्य भारत में इसकी उच्च संभावना है। पीएमओ ने कहा कि बैठक में आवश्यक दवाओं, तरल पदार्थ, आइस पैक, ओआरएस और पीने के पानी के संदर्भ में स्वास्थ्य क्षेत्र में तैयारियों की समीक्षा की गई।

## हरियाणा में स्कूल बस पलटी, 6 बच्चों की मौत : 22 घायल

### प्रिंसिपल, ड्राइवर और स्कूल सचिव गिरफ्तार; नारनौल डीटीओ और सेक्रेटरी सस्पेंड



महेंद्रगढ़। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में गुरुवार सुबह प्राइवेट स्कूल की तेज रफ्तार बस पलट गई। हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गई, जबकि 22 बच्चे घायल हुए हैं। इनमें से 2 की हालत गंभीर है।

महेंद्रगढ़ के कस्बा कनीना में स्थित तरुपब्लिक स्कूल ईद पर छुट्?टी के बाद भी खुला था। गुरुवार सुबह बस करीब 35 बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इस बीच गांव उन्हानी के पास हादसा हो गया।

5 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 1 ने अस्पताल में दम तोड़ा। हादसे में मरने वाले बच्चों की पहचान सत्यम (16), युवराज (14), दो सगे भाई यशु व अंशु, वंश (14) और रिकी (15) के रूप में हुई है। इनमें से 4 एक ही गांव झाड़ली के हैं। मरने वालों में राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा के भांजे पूर्व सरपंच संजय शर्मा का पुत्र भी शामिल है।

महेंद्रगढ़ के एसपी अर्श वर्मा ने कहा कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे की घटना है। ड्राइवर के शराब के नशे में होने की सूचना है। हम उसका मेडिकल करवा रहे हैं। वह ज्यादा तेज गति से स्कूल बस चला रहा था। जिस वजह से बस रोड से फिसल गई और पेड़ से टकरा गई।

इस मामले में पुलिस ने ड्राइवर धर्मेंद्र, स्कूल प्रिंसिपल दीप्ति राव और स्कूल सचिव होशियार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। शुरूआती जांच में पता चला कि ड्राइवर के नशे में होने पर ग्रामीणों ने उन्हें सूचना दी। दीप्ति ने कहा कि आज बस ले जाने दीजिए, कल हटा देंगे लेकिन उससे पहले ही ये हादसा हो गया।

वहीं राज्य के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने महेंद्रगढ़ रिजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के असिस्टेंट सेक्रेटरी प्रदीप कुमार को सस्पेंड कर दिया है। उन्हें बिना वैध दस्तावेजों के चल रहे वाहनों पर रोक न लगाने का जिम्मेदार माना गया है। वहीं ट्रांसपोर्ट कमिश्नर यशेंद्र सिंह ने नारनौल के डीटीओ प्रदीप कुमार को सस्पेंड कर दिया है। एडिशनल ट्रांसपोर्ट कमिश्नर को मामले की जांच सौंपते हुए शुक्रवार तक रिपोर्ट मांगी गई है।

#### एसपी बोले- डॉक्यूमेंट पूरे न होने के बारे में भी जांच की जाएगी

ईद की सरकारी छुट्टी होने पर स्कूल लगे होने पर स्कने कहा कि इस बारे में स्कूल अथॉरिटी से संपर्क नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान देखेंगे कि इस मामले में स्कूल की क्या जिम्मेदारी बनती है, उस हिसाब से कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि गाड़ी के डॉक्यूमेंट पूरे न होने के बारे में भी जांच की जाएगी।

#### बस का फिटनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर

परिवहन मंत्रालय के ऑफिशियल मोबाइल ऐप के अनुसार इस स्कूल बस के डॉक्यूमेंट भी कंप्लीट नहीं हैं। फिटनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर दिखाया जा रहा है। इसके बाद भी स्कूल इस बस को चला रहा था।

#### भाजपा नेता का है स्कूल

कनीना में स्थित ये स्कूल करीब 22 साल पुराना है, जो 12वीं कक्षा तक संचालित है। इस स्कूल के मालिक भाजपा नेता राजेंद्र लोढ़ा हैं। वे नगर पालिका कनीना के 3 बार अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इसमें एक बार भाजपा तो एक बार इनेलो को समर्थन दिया था। एक बार वह निर्दलीय के तौर पर अध्यक्ष रहे।

## ईद मिलने जा रहे 5 लोगों को डंपर ने कुचला

### एक बाइक पर पति-पत्नी, दूसरी पर 3 दोस्त थे; पीलीभीत हाईवे पर हुआ हादसा



पीलीभीत। पीलीभीत में नमाज के बाद दोस्तों से ईद मिलने जा रहे 2 बाइक सवारों को डंपर ने कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार सभी 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने हाईवे पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।

हादसा इतना भयानक था कि दोनों बाइक की धज्जियां उड़ गईं। पांचों शव सड़क पर उधर-इधर पड़े थे। हर तरफ केवल खून ही खून था। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना सुबह करीब 10 बजे की है।

जहानाबाद थाना क्षेत्र में हरिद्वार नेशनल हाईवे पर निसरा और बारात भोज गांव के पास यह हादसा हुआ। हादसे के वक्त एक बाइक पर उवैश (32) और उनकी पत्नी सकरा बेगम (30) सवार थे। वहीं, दूसरी बाइक पर तीनों दोस्त आकिब (21) पुत्र हसीम खान, शाहिब (25), अरबाज (26) सवार थे। सभी एडोली गांव के रहने वाले थे।


#### ड्राइवर को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर हंगामा

लोगों ने बताया कि हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। हाईवे पर जाम लगा दिया गया। हंगामे की सूचना मिलने पर सीओ सदर डॉ. प्रतीक दहिया, प्रभारी निरीक्षक जहानाबाद मुकेश शुक्ला भारी संख्या में पुलिस और पीएसी के साथ मौके पर पहुंचे।

जहानाबाद थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार शुक्ला ने बताया कि सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हुई है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## केजरीवाल के पीए बिभव कुमार बर्खास्त

### 2007 के केस में दिल्ली विजिलेंस का एक्शन



नई दिल्ली। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को दिल्ली विजिलेंस डायरेक्टरेट ने बर्खास्त कर दिया है। विशेष सचिव, सतर्कता वाईवीवीजे राजशेखर ने 10 अप्रैल को पारित एक आदेश में बिभव कुमार के खिलाफ लंबित 2007 के मामले का हवाला दिया, जिसमें उन पर सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप था।

आदेश में तत्काल प्रभाव से बिभव कुमार की नियुक्ति समाप्त कर दी गई है। हालांकि, आम आदमी पार्टी की लीगल टीम बिभव की बर्खास्तगी के खिलाफ केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में जाने की योजना बना रहे हैं। लीगल टीम इस बात पर मंथन कर रही है कि किस आधार पर उक्त आदेश को चुनौती दी जा सकती है।

आप की कानूनी टीम के अनुसार, बिभव कैट के सामने जो मुद्दे रखेंगे, उसमें इस आदेश का समय और विजिलेंस के आदेश को असंवैधानिक करार देना शामिल होगा।

#### क्या था 2007 में बिभव पर दर्ज केस

आदेश के मुताबिक 2007 में महेश पाल नाम के एक सरकारी कर्मचारी ने बिभव पर आरोप लगाया था कि उन्होंने उसके काम में बाधा डाली और उनके साथ दुर्व्यवहार किया। विजिलेंस ने आदेश में कहा कि बिभव कुमार के खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। आदेश में यह भी कहा गया कि वैरिफिकेशन में चूक से मंत्रियों, सांसदों के निजी स्टाफ में ऐसे व्यक्तियों की नियुक्ति हो सकती है, जो पात्र नहीं हैं। यह खतरनाक है, क्योंकि संवेदनशील जानकारी और डेटा तक भी ऐसे व्यक्तियों की पहुंच हो सकती है।

#### 3 दिन पहले हुई थी बिभव और दुर्गेश से पूछताछ

3 दिन पहले ही प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जांच के बाद विभव कुमार और आप विधायक दुर्गेश पाठक से पूछताछ की थी। ईडी ने सोमवार को बिभव से पूछताछ शुरू कर दी थी।

## हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

### वृंदावन से दर्शन कर दिल्ली लौट रहे थे; कार के परखच्चे उड़े



मथुरा। मथुरा में गुरुवार को वृंदावन से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने राहगीरों की मदद से गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला। जिसमें दीपक कनौजिया और सिनेलता की मौके पर ही मौत हो गई।

मोती नगर दिल्ली निवासी दीपक कनौजिया माता, पिता,पत्नी और बेटे के साथ वृंदावन दर्शन करने आए थे। दीपक दर्शन कर कोलकाता दिल्ली हाईवे से वापस जा रहे थे। यह लोग जैसे ही थाना जैंत क्षेत्र में अकबरपुर कट के समीप पहुंचे कि तभी अज्ञात वाहन ने इनकी स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी।

#### पत्नी और बेटे की हुई अस्पताल में मौत

पुलिस ने गंभीर रूप से घायल हुए दीपक के पिता ज्ञानचंद, पत्नी प्रीति और 4 महीने के बेटे दिविसा को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान प्रीति और दिवीसा की मौत हो गई। जबकि पिता ज्ञानचंद की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं गाड़ी चला रहे ड्राइवर विशाल की भी हालत गंभीर है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और इसकी सूचना पुलिस को दे दी। थाना जैंत प्रभारी अजय वर्मा ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मौके से क्षतिग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात सुचारु कर दिया गया है। टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की शिनाख्त की जा रही है।

**ईद-उल-फितर**



नई दिल्ली में ईद-उल-फितर के अवसर पर इंडिया गेट पर पर्यटकों की भीड़।

## बेंगलुरु में भाजपा कार्यकर्ता पर हमला

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु ग्रामीण संसदीय क्षेत्र के केम्पाशेट्टीडोड्डी गांव में गुरुवार को कथित तौर पर लाठी से हमला किये जाने से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ता सीएस नवीन के सिर में गंभीर चोट लग गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पीड़ित परिवार से मिली जानकारी के आधार पर लगता है कि यह हमला नवीन और शेखर नामक एक परिचित के बीच संभवत: वित्तीय विवाद से उपजा है। झगड़ा तब बढ़ गया जब कथित तौर पर शेखर और उसके साथी ने नवीन पर लाठी से हमला कर दिया। पीड़ित को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, बिदादी थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 324 , 504 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए, कांग्रेस नेतृत्व, विशेष रूप से उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और उनके भाई डीके सुरेश, जो बेंगलुरु ग्रामीण से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं, की आलोचना की।

## कर्नाटक में 146 करोड़ की शराब, 45.67 करोड़ की नकदी जब्त

### निष्पक्ष-स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए आयोग बरत रहा सख्ती

एजेंसी

बेंगलुरु। चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सख्ती बरत रहा है। आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिए आयोग के निर्देश पर नकदी, शराब और मतदाताओं को प्रलोभित करने वाले साधनों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

कर्नाटक में 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 146 करोड़ मूल्य की शराब और 45.67 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की जा चुकी है।

#### भारी मात्रा में मुफ्त बांटे जाने वाला सामान जब्त

कर्नाटक की 28 सीटों पर दो चरण में 26 अप्रैल और सात मई को आम चुनाव होना है।

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने बताया कि उड़नदस्तों, निगरानी दलों और पुलिस की टीमों ने 45.67 करोड़ की नकदी, 9.70 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ, 10.81 करोड़ का सोना और 7.73 करोड़ रुपये की मुफ्त में बांटे जाने वाला सामान जब्त किया है।

इधर, आंध्र प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने गुरुवार को बताया कि आंध्र प्रदेश में 16 मार्च से अब तक 100 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, ड्रग्स, कीमती धातुएं व मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान को जब्त किया है।

#### मिजोरम में छह करोड़ की अवैध शराब व ड्रग्स जब्त

आम चुनाव से पहले मिजोरम पुलिस अब तक छह करोड़ रुपये की अवैध शराब और ड्रग्स जब्त कर 94 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अवैध शराब से जुड़े 61 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया और 51 मामले दर्ज किए गए। वहीं ड्रग्स के मामले में 25 मामले दर्ज कर 33 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

**हादसा**

### 4 को किया गया रेस्क्यू, 5 की तलाश में आज फिर से चलाया जाएगा सर्च ऑपरेशन

## कासगंज में पिकनिक मनाने आए 9 युवक नहर में डूबे



कासगंज। कासगंज में गुरुवार को पिकनिक मनाने आए 8 दोस्त नहाने के दौरान नहर में डूबने लगे। उनको डूबता देख स्थानीय युवक उसे बचाने उतरा तो वह भी डूबने लगा शोर गुल की आवाज सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से 4 लोगों को बाहर निकाला गया और 5 की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था। 5 घंटे की तलाश के बाद नहर में डूबे किसी भी युवक का पता नहीं चल पाया। रात होने पर प्रशासन ने सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया। शुक्रवार की सुबह फिर से सर्च आपरेशन चलाया जाएगा। घटना ततारपुर हजारा नहर की है।

5 लोगों की डूबने की सूचना मिलने पर डीएम सुधा वर्मा और एसपी अपर्णा रजत कौशिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लिए। गोताखोर की मदद से प्रशासन का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पुलिस और पीएसी के 10 जवान दो स्टीमर की मदद से नहर में सर्च कर रहे हैं। साथ ही 12 गोताखोरों को भी युवकों की तलाश के लिए लगाया गया है। घटनास्थल से एक किलो मीटर के दायरे में सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

परिवार वालों ने बताया की सुबह 10 बजे घर से ईद की नमाज अदा करके सभी लोग स्विमिंग पुल में नहाने जाने की बात कहकर निकले थे। आज दोपहर एक बजे सभी लोग पिकनिक मनाने के लिए यहां पहुंचे। डेढ़ बजे नहर में नहाने के लिए उतरे और थोड़ी ही देर में डूब गए। लड़कों के नहर में डूबने की सूचना परिजनों को मिली तो परिजन मौके पर पहुंचे और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। नहर काफी गहरी बताई जा रही है और इसमें मगरमच्छ भी रहते हैं।

#### इनकी तलाश जारी

मुजाहिद पुत्र मेहंदी हसन (18) एटा
सलमान पुत्र युसूफ (17)
शाहिद पुत्र हासिम (18)
अभिषेक एटा
आसिफ पुत्र अकील (21)

#### सभी दोस्त थे

डूबने वालों में सलमान, अभिषेक और शाहिद बेल्डिंग का काम करते थे। आसिफ टेलरिंग का काम करता था। सभी आपस में दोस्त थे।

#### इनको किया गया रेस्क्यू

शोहिल पुत्र छोटे
फेजान पुत्र सत्तर
फरमान पुत्र मुन्ने
रोहित पुत्र नगला

## सीबीआइ ने के. कविता को तिहाड़ में गिरफ्तार किया



नयी दिल्ली। सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के..चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की तरफ से गिरफ्तार किए जाने के बाद से तिहाड़ जेल में हैं। सीबीआई ने उन्हें वहीं से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें दिल्ली के राऊज एवेंयू कोर्ट में पेश किया जाएगा। इससे पहले सीबीआई के अधिकारियों ने एक विशेष अदालत से अनुमति लेने के बाद जेल के अंदर के. कविता से पूछताछ की थी। के. कविता से सह-आरोपी के फोन से बरामद व्हाट्सएप चैट और भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की गई थी। आरोप है कि आम आदमी पार्टी (आप) को आबकारी नीति में बदलाव के लिए रिश्वत के तौर पर 100 करोड़ रुपये दिए गए थे। बताया गया है इसी मामले में बीआरएस नेता से पूछताछ के लिए शनिवार को सीबीआई अधिकारी तिहाड़ जेल गए थे।

इडी ने 15 मार्च को उन्हें हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। बता दें कि उनकी न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है।

## शार्ट न्यूज

### आय से अधिक संपत्ति मामले में डीके शिवकुमार को लोकायुक्त का नोटिस

बेंगलुरू । कर्नाटक लोकायुक्त ने राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच को लेकर दस्तावेज जमा करने के लिए नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है, आपके खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का मामला है। मामला लोकायुक्त को स्थानांतरित कर दिया गया है। सीबीआई जांच के दौरान आपने जो जानकारी और दस्तावेज जमा किये हैं , उसे लोकायुक्त के समक्ष भी प्रस्तुत करें। लोकायुक्त की ओर से नोटिस जारी किये जाने से शिवकुमार को खुद का बचाव करने के लिए जांच और दबाव का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में जांच का काम सीबीआई को सौंपे जाने संबंधी पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के फैसले के विपरीत मौजूदा कांग्रेस सरकार की ओर से इसकी अनुमति वापस लेना एक विवादास्पद कदम माना जा रहा है। उपमुख्यमंत्री को हाल ही में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किये गये मामले को रद्द करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले से अस्थायी राहत मिल सकती है।

### भारत में मुंह के कैंसर के सबसे ज्यादा मामले

अमृतसर। भारत में लगभग 30 लाख लोग कैंसर से पीड़ित हैं, जिनमें से 14 लाख मामले नए हैं। देश में हर साल कैंसर से 9.10 लाख लोगों की मौत हो जाती है। आईवीवाई अस्पताल के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी निदेशक डॉ. विजय बंसल ने गुरुवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत में मुंह के कैंसर का प्रसार सबसे तेजी से हो रहा है, हर साल मुंह के कैंसर के 1.75 लाख नए मामले सामने आते हैं। मुंह के कैंसर के 90 प्रतिशत मामले तंबाकू और गुटखा खाने से होते हैं। मेडिकल ऑन्कोलॉजी निदेशक डॉ. जतिन सरीन ने कहा कि सिर और गर्दन का कैंसर मुख्य रूप से हमारी जीवनशैली और सुपारी चबाने की आदत, तंबाकू और शराब का सेवन के कारण होता है। सिर और गर्दन के कैंसर के निदान के लिए स्वर्ण मानक परीक्षण एक ऊतक बायोप्सी है। उन्होंने कहा कि कैंसर के फैलने की सीमा को पीईटी स्कैन या कंट्रास्ट एन्हांस्ड एमआरआई, सीटी स्कैन जैसी इमेजिंग के माध्यम से निर्धारित किया जा सकता है। डॉ. बंसल ने बताया कि सिर और गर्दन के कैंसर के इलाज में तीन तरीके सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी शामिल हैं।

### गहरी खाई में गिरने से व्यक्ति की मौत

नाहन। हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के कमरऊ पंचायत के शालना गांव के एक व्यक्ति की खाई में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित व्यक्ति कमरऊ से पैदल शिरडी गांव जा रहा था। यह घटना कल देर शाम हुई। उन्होंने बताया कि रघुवीर सिंह (59) पुत्र नैन सिंह निवासी शालना कमरऊ घर से शिरडी जा रहा था। इसी दौरान कमरऊ से पास कुछ दूरी पर रास्ते में उसका पैर फिसल गया और गहरी खाई में जा गिरा। देर रात तक उसके पहुंचने का कोई फोन नहीं आया तो परिजनों ने शिरडी से कमरऊ शालना फोन से संपर्क किया। उन्हें पता चला कि वह शिरडी नहीं पहुंचा है। उसके बाद परिजनों ने ग्रामीणों के साथ व्यक्ति की तलाश शुरू की। कुछ दूरी पर ग्रामीणों ने देखा कि वह गहरी खाई में गिरा हुआ है। जब पास जाकर देखा तो पाया कि उनके सिर पर गहरी चोटें थी तथा वह मृत अवस्था में पड़ा था। कमरऊ पंचायत के प्रधान मोहन ठाकुर ने बताया कि ढांग में गिरने से व्यक्ति की मौत हो गई है।

### मिस इंग्लैंड 2024 के फाइनल में पहुंची हिमाचल की बेटी महक चंदेल

ऊना। हिमाचल प्रदेश की बेटी महक चंदेल मिस इंग्लैंड-2024 ग्रैंड फिनाले की फाइनलिस्ट बनी गयी है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली हिमाचली युवती है। मिस इंग्लैण्ड 2024 की फाइनल प्रतियोगिता 16 और 17 मई को लंदन में आयोजित की जाएगी। मूलत चिन्तपूर्णी की रहने वाली महक चंदेल विदेशी धरती पर कई बार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। लंदन में आयोजित हो रही सौंदर्य प्रतियोगिता में इंग्लैंड की आठ हजार युवतियों ने हिस्सा लिया, जिसमें से कई राउंड की प्रतियोगिता के बाद 40 को मिस इंग्लैंड 2024 के फाइनल के लिए चुना गया है, इसमें महक चन्देल भी हैं। पिता अनिल चन्देल लंदन में एक कारोबारी हैं, जबकि उनकी माता इंदरपाल ओहरी चन्देल लंदन के कॉलेज में गणित की प्रोफेसर हैं, वो समाज सेवा में भी सक्रिय हैं। हिमाचली संस्कृति से गहरा लगाव रखने वाली 21 वर्षीय महक चन्देल का जन्म साउथ हॉल लंदन में हुआ, वह तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी हैं। क्रिमिनोलॉजी में स्नातक की डिग्री ग्रहण कर चुकी महक इस समय स्कूली बच्चों के लिए कार्य करने वाली संस्था के साथ कार्य कर रही है।

### पवन सिंह काराकाट से निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव

पटना । भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह ने बिहार के काराकाट संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। सिंह ने बुधवार को सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया । उन्होंने एक्स पर लिखा माता गुरुतरा भूमेरू अर्थात माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती है और मैंने अपनी मां से वादा किया था कि इस बार चुनाव लड़ूंगा। मैंने निश्चय किया है कि मैं 2024 का लोकसभा चुनाव काराकाट से लड़ूंगा। गौरतलब है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने राष्ट्रीय लोक मंच के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा तो महागठबंधन ने भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी के राजाराम सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पवन सिंह को पश्चिम बंगाल के आसनसोल से अपना उम्मीदवार बनाया था लेकिन उन्होंने निजी कारणों का हवाला देकर यहां से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था ।

### कांग्रेस के लोगों से निकल गया राम : भजनलाल

अलवर । राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि भगवान राम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस के लोगों से राम निकल गया है, इसलिए आज उसकी ऐसी स्थिति बनी है कि वह अपने हाथ का ही विरोध करने लगी है। शर्मा गुरुवार को अलवर जिले के कठूमर विधानसभा क्षेत्र में भरतपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी रामस्वरूप कोली के समर्थन में आयोजित जनसभा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक जगह कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में फार्म भर दिया गया और इसके बाद केन्द्र की कांग्रेस प्रत्याशी से फार्म वापस लेने के लिए कहा लेकिन प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस बांसवाड़ा में कह रही है कि हमारे उम्मीदवार को वोट नहीं देना है। उस कांग्रेस का क्या होगा जो अपने आप में मना कर रही है कि हाथ वाले को वोट मत देना। उन्होंने कहा कि देखिए कांग्रेस की क्या स्थित हो रही है कि वह अपने हाथ का ही विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति इसलिए हो रही है कि व्यक्ति के रोम रोम में राम बसते हैं और सुबह जगते ही सबसे पहले राम राम करते है लेकिन राम का अस्तित्व मिटाने और राम को काल्पनिक बताने वाले कांग्रेस के ये लोग है, इनसे राम निकल गया।

### बिहार के लोकसभा चुनावों में 17 सीटों पर लहराया है वामदल का 'लाल झंडा'

पटना। बिहार में अब तक हुये लोकसभा चुनाव में वामदल का 'लाल झंडा' 17 सीटों पर बुलंद हुआ है। बिहार में वर्ष 1952 में पहले लोकसभा चुनाव से वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव तक वामदल की प्रमुख पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के प्रत्याशी 17 सीटों पर चुनाव जीतने में सफल रहे हैं। वर्ष 1962 के चुनाव में पहली बार बिहार से वामदल का खाता खुला। पहली बार अविभाजित बिहार की जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाकपा के उदयकर मिश्रा ने जीत हासिल की ।वर्ष 1967 में भाकपा ने 05 सीट जीती ।केसरिया से कमला मिश्र मधुकर, जयनगर से भोगेन्द्र झा, बेगूसराय से वाई शर्मा, पटना से राम अवतार शास्त्री और जहानाबाद से चंद्रशेखर सिंह ने जीत दर्ज की।

# बुजुर्ग और दिव्यांग घर पर ही डाल सकेंगे वोट

**5 विधानसभा सीट के लिए बनाई टीम, सुबह 7 से शाम 6 बजे तक कर सेकेंगे मतदान**

**नोएडा।** 85 साल या अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग और कोविड पॉजिटिव मतदाता घर पर अपना वोट दे सकते है। इसके लिए 15 और 16 अप्रैल को डॉक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा घर पी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष वर्मा ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा वॉर इसके लिए टीम बना दी गई है। मसलन नोएडा के लिए 8 टीम, विधानसभा दादरी के लिए 3 टीम और विधानसभा जेवर के लिए 9 टीमों का गठन किया गया है।



प्रत्येक मतदान टीम में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर एवं वीडियो ग्राफर को लगाया गया है। उन्होंने बताया मतदान टीम 15 अप्रैल और 16 अप्रैल 2024 को घर घर जाकर सुबह 07 से सायं 06 बजे तक मतदान कराने का कार्य करेगी।

जनपद बुलन्दशहर के गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र के समाहित विधानसभा सिकन्द्राबाद और विधानसभा क्षेत्र खुर्जा में 13 और 15 अप्रैल को पोस्टल बैलेट मतदान का कार्य कराया जायेगा। समस्त राजनैतिक दल एवं समस्त प्रत्याशी गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को भेजकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन कर सकते है।

## दिनदहाड़े महिला के गले से छीनी चेन

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-50 के एफ ब्लाक की रोड पर एक महिला के गले से बाइक सवार बदमाश चेन स्नेचिंग कर ले गए। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकार्ड हो गई। ये काम दिन दहाडे किया गया। पीड़ित महिला ने थाना सेक्टर-49 पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर ही है। जल्द ही बाइक सवार बदमाश को गिरफ्तार किया जाएगा। ये वीडियो 13 सेकेंड का है। जिसमें एक महिला अपने पति के साथ सड़क के किनारे चल कही जा रही थी। इस दौरान सामने से बाइक सावर आता है और गले पर झपट् ?टा मारकर चेन खींच कर ले जाता है। इसका एक और वीडियो भी है जिसमें साफ दिख रहा है कि बाइक सावर सड़क पर ही कुछ देर तक खड़ा रहता है। इसके बाद मौका पाते ही वो महिला के गले से चेन खींच लेता है। महिला शोर मचाती है लेकिन तब तक बाइक सवार फरार होता है। जबकि वहां सोसाइटी के गार्ड से लेकर कई लोग मौजूद थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। जिसमें बाइक सावर का नंबर भी पुलिस को मिल गया है।

## नोएडा में 7 बदमाश गिरफ्तार

**मोबाइल टावर से महंगे उपकरण चुराते थे, मनमाने दाम पर बेचते थे**



नोएडा। नोएडा में पुलिस ने 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 40 आरआरयू, डिवाइस, एक मोटरसाइकिल और 6 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। उन्होंने सेक्टर-68 डंपिंग ग्राउंड को अपना ठिकाना बनाया था। पुलिस अब उनसे पूछताछ कर रही है।

### दो संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा कर पकड़ा

एडीसीपी ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि थाना फेस-3 पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान सर्विलांस टीम के सहयोग से एक बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार नहीं रुके। पुलिस ने उनका पीछा कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दानिश कुरैशी और राधे के रूप में हुई। उनसे पूछताछ के बाद उनके कब्जे से मोबाइल टावर से चोरी किया हुआ सामान बरामद हुआ। इन दोनों की निशानदेही पर डंपिंग ग्राउंड सेक्टर-68 से फैजान कुरेशी, रिजवान मलिक, बिलाल मलिक उर्फ सुलतान को गिरफ्तार किया गया।

### साई अपार्टमेंट के पास से रोहित और शहजाद गिरफ्तार

इसके अलावा साई अपार्टमेंट के सामने के डंपिंग ग्राउंड से रोहित, शहजाद उर्फ मनीष को गिरफ्तार किया गया। जिनसे आरआरयू व चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए। ये लोग महंगे उपकरण चोरी करके कबाड़ और अन्य स्थानों पर बेच देते थे। जिससे मिले पैसों का प्रयोग मौज मस्ती के लिए करते थे। इन सभी पर कई मुकदमे दर्ज है।

## रबूपुरा पुलिस ने कच्ची शराब की फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

**340 लीटर शराब के साथ एक तस्कर अरेस्ट**



जेवर। रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने कच्ची शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि आरोपी के दो साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से करीब 340 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। साथ ही शराब बनाने की अन्य सामग्री भी भारी मात्रा में पाई गई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेशकर जेल भेजने की बात कह रह रही है। पुलिस ने बताया कि पिछले काफी दिनों से जानकारी हो रही थी कि रबूपुरा क़स्बे में कच्ची शराब बनाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम बुधवार रात मौके पर पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक कमरे में 3 व्यक्ति कच्ची शराब बना रहे हैं। जहां पर भट्टी भी चल रही थी। जिसके बाद दो आरोपी पुलिस को चकमा देकर दीवार कूदकर फरार हो गए।

## नोएडा के होटल में चल रहा था सेक्स रैकेट : 7 लोग गिरफ्तार

**आपत्तिजनक चीजें मिली, 7 लड़कियों का रेस्क्यू किया गया**

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के बहलोलपुर गांव में एकहोटल में सेक्स रैकिट पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11 मोबाइल फोन, 12 हजार रुपए और आपत्तिजनक चीजें बरामद हुई हैं। आरोपी बिहार से सीधी-साधी नाबालिग लड़कियों को एनसीआर में नौकरी दिलवाने के बहाने नोएडा लाते हैं। उनसे जबरन यहां पर देह व्यापार करवाते हैं।

इस घटना में शामिल तीन लोग अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस ने मौके से तीन नाबालिग लड़कियों को मुक्त भी कराया है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम के प्रभारी निरीक्षक राजीव बालियान को बीती रात को सूचना मिली कि

बहलोलपुर गांव में स्थित ओयो होटल शीतल में अवैध रूप से वेश्यावृत्ति का



धंधा चल रहा है। इस होटल को फरमान व उसका भाई फैयाज चला रहे हैं। ये लोग बिहार से नाबालिग लड़कियों को नौकरी दिलवाने के बहाने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लाते हैं। उनसे जबरन देह व्यापार करवाते हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर सहायक पुलिस आयुक्त दीक्षा सिंह, थाना सेक्टर 63 पुलिस तथा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने होटल पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि वहां से पुलिस ने अजहरुद्दीन उर्फ राजू ,अख्तर मोहम्मद, सुमित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मोहम्मद फैयाज, फरमान, मरगूम आलम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि होटल के भवन मालिक सुरेंद्र यादव व होटल संचालकों को लड़कियां सप्लाई करने वाली रुखसाना और रहमान उर्फ बल्लू भाई फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि होटल की बिल्डिंग सुरेंद्र यादव नामक व्यक्ति की है, जिसे आरोपी किराए पर लेकर यहां पर अनैतिक देह व्यापार का कारोबार कर रहे हैं। मौके से 3 नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया गया। जिनकी उम्र 16 से 17 वर्ष है। लड़कियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें बिहार से नौकरी दिलाने का लालच देकर नोएडा लाया गया था। उनसे जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ग्राहकों से एक हजार रुपए से 2 हजार रुपए तक वसूलते थे। आरोपी अवैध धंधे से बरामद रकम को आपस में बराबर बांट लेते थे। जब भी किशोरियों या महिलाएं विरोध करती थी तो उन्हें डराया धमकाया जाता था।

पुलिस को कई कमरों में कई जोड़े आपत्तिजनक अवस्था में मिले। पुलिस को मौके से एक डायरी भी मिली है, जिसमें उनके ग्राहकों की सूची है। पुलिस आरोपियों के मोबाइल फोन के आधार पर भी यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि गैंग में और कितने लोग शामिल हैं।

## बंद फर्नीचर की कंपनी के बेसमेंट में लगी आग

**नोएडा में सबकुछ जल कर राख हुआ, आग बुझाने में लगा 1 घंटा**

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-10 स्थित फर्नीचर की बंद कंपनी के बेसमैंट में देर रात आग लग गई। आग तेजी से फैली की पूरे बेसमैंट और फर्स्ट फ्लोर तक आग फैल गई। पहले लोगों ने आग को बुझाने प्रयास किया। लेकिन बेकाबू होती आग को देख कोतवाली फेज-1 और फायर बिग्रेड को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने तीन गाड़ियों की मदद से आग पर करीब एक घंटे में काबू पाया। हादसे में किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई। जबकि कंपनी के अंदर रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है। फायर डिपार्टमेंट की टीम आग




लगने के कारणों की जांच और आग से हुए नुकसान का आकलन कर रही है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि नोएडा के सेक्टर -10 सी 454 में स्थित एम आर ऑफिस सिस्टम और सुप्रीम फर्नीचर की कंपनी है। इन दोनों कंपनी में जब आग लगी तब ये कंपनी बंद थी।

बुधवार देर रात सेक्टर-10 स्थित सी ब्लॉक की बंद फर्नीचर की कंपनी में आग लगने की सूचना मिली। इस सूचना के बाद मौके पर फायर सर्विस यूनिट की टीम पहुंची तो पता चला कि कंपनी के भूतल पर आग लगी है। इसके बाद दमकल की गाड़ियों की मदद से आग को बुझाया गया। कंपनी के अंदर कोई मौजूद नहीं था आग लगने की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। प्रारंभिक जांच में लग रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। जिस समय आग लगी, घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई थी, जिसे मौके मौजूद कोतवाली फेज-1 की पुलिस ने हटा दिया।

## पुलवामा में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) टीआरएफ का एक स्थानीय आतंकवादी मारा गया।

पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, सेना की 53 आरआर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 183 बटालियन ने गुरुवार तड़के पुलवामा के फ्रैसीपोरा गांव इलाके में एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों के जवान जब लक्षित स्थान पर पहुंचे, तभी वहां छिपे आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलायी। दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया।

सूत्रों ने बताया कि आतंकवादी का शव बरामद कर लिया गया है और उसकी पहचान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर/टीआरएफ के श्रीनगर निवासी दानिश शेख के रूप में की गयी है। उसके पास से हथियार, गोला-बारूद और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी है।

## ओडिशा में बीजद के दो विधायकों की विधानसभा सदस्यता रद्द

भुवनेश्वर। ओडिशा विधानसभा की अध्यक्ष प्रमिला मल्लिक ने दलबदल विरोधी कानून के तहत बीजू जनता दल (बीजद) के दो विधायकों अरविंद धाली और प्रेमानंद नायक को विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया है। धाली और नायक क्रमश: जयदेव और तेलकोई विधानसभा सीटों से बीजद विधायक थे, जिन्होंने हाल ही में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। ओडिशा विधानसभा के सूत्रों ने बताया कि अध्यक्ष की कार्रवाई सरकारी मुख्य सचेतक प्रशांत कुमार मुदुली की ओर से 18 मार्च को ओडिशा विधानसभा के सदस्यों (दल-बदल के आधार पर अयोग्यता) नियम, 1978 के नियम 6 के तहत एक याचिका दायर किये जाने के बाद हुई, जिसमें श्री धाली और श्री नायक को अयोग्य घोषित करने की मांग की गयी थी, क्योंकि दोनों ने स्वेच्छा से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस संबंध में विधानसभा सचिवालय की ओर से बुधवार को एक अधिसूचना जारी की गयी , जिसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं की अयोग्यता तुरंत प्रभावी होगी। उन्होंने बताया कि श्री धाली और श्री नायक को सरकारी मुख्य सचेतक की ओर से दायर याचिका पर व्यक्तिगत सुनवाई के लिए विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष उपस्थित होने के लिए कहा गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए, जिसके कारण सुश्री मल्लिक ने उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी से अयोग्य घोषित कर दिया। धाली को भाजपा ने जादेव विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उन्हें विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराये जाने को एकतरफा कार्रवाई बताया है और कहा है कि उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया गया।

### लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ , तीन गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी मॉडयूल का भंडाफोड़ करने के साथ ही तीन स्थानीय सहयोगियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री और गोला-बारुद बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बारामूला पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़े कुछ लोग बारामूला शहर में सक्रिय हैं। सूचना मिलने के बाद जांच अभियान शुरू किया गया। इसी दौरान आरोपी व्यक्तियों को ओल्ड टाउन बारामूला में सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ओवैस अहमद वाजा,बासित फैयाज कालू और फहीम अहमद मीर के रूप में की गयी है। तीनों सुरक्षा बलों की गतिविधियों के बारे में लश्कर-ए-तैयबा को जानकारी देने और सहायता पहुंचाने की गतिविधियों में सक्रिय थे और उनका इरादा आगामी संसदीय चुनाव के मद्देनजर बारामूला में शांति प्रक्रिया को बाधित करना था।

## अरुणाचल विधानसभा चुनाव में 115 करोड़पति मैदान में, खांडू सबसे अमीर

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में उतरे 143 उम्मीदवारों में से 115 (81 प्रतिशत) उम्मीदवार करोड़पति हैं, जबकि एक उम्मीवार की संपत्ति का ब्योरा नहीं मिल सका है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से यहां जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 के चुनावों में 184 में से 131 (71 प्रतिशत) उम्मीदवार करोड़पति थे।

प्रमुख राजनीतिक दलों में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 59 उम्मीदवारों में से 57 (97 प्रतिशत), नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के 20 उम्मीदवारों में से 16 (80 प्रतिशत), कांग्रेस के 19 उम्मीदवारों में से 13 (68 प्रतिशत) तथा पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) के 11 में से और नौ (82 प्रतिशत)




उम्मीदवारों ने एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है।

इनमें से भाजपा उम्मीदवार एवं मुख्यमंत्री पेमा खांडू (जो तवांग में मुक्तो सीट से निर्विरोध चुने गए हैं) सबसे धनी हैं, जिनके पास 332 करोड़ रुपये से अधिक की चल और अचल संपत्ति है। इसके विपरीत, चांगलांग जिले के बोर्डुम्सा-दियुन निर्वाचन क्षेत्र से अरुणाचल डेमोक्रेटिक पार्टी (एडीपी) के उम्मीदवार मदन तांती 40,000 रुपये की चल संपत्ति के साथ सबसे गरीब हैं। एडीआर ने अरुणाचल प्रदेश इलेक्शन वॉच के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे 143 उम्मीदवारों में से 142 के स्व-शपथ पत्रों का विश्लेषण किया और बुधवार को अपनी रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया है कि निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर सागली सीट पर निर्विरोध जीतने वाले भाजपा के रातू तेची के स्पष्ट और पूर्ण हलफनामे की अनुपलब्धता के कारण उनका विश्लेशष नहीं किया गया है। विश्लेषण किए गए 142 उम्मीदवारों में से 98 राष्ट्रीय दलों से, 27 राज्य दलों से, चार पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों से और 13 उम्मीदवार स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे हैं।

## शार्ट न्यूज

### 197वीं जयंती पर सामाजिक सदाशयता के क्रांतिदूत महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



नेशनल चाइल्ड एंड वूमेन डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में महात्मा ज्योतिबा फुले की 197वीं जयंती पर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक सदाशयता के क्रांतिदूत थे। उन्होंने ही सर्वप्रथम महिला शिक्षा के महत्व को समझा और उसके क्रियान्वयन के लिए अपनी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले के सहयोग से बाधाओं के बावजूद सफलता अर्जित की। शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को एक्स पर पोस्ट करके उनसे महात्मा ज्योतिबा फुले की स्मृति में नई दिल्ली में एक स्मारक बनवाने की मांग की है।

### लॉरेंस बिश्नोई व काले गैंग के शार्प शूटर ने की गोलीबारी, बिल्डर से मांगी करोड़ों की रंगदारी

नई दिल्ली। लॉरेंस बिश्नोई और काले राणा गैंग के शार्प शूटर ने एक करोड़ की रंगदारी के लिए मोती नगर के बिल्डर विकास शर्मा के घर के बाहर गोलीबारी की। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने गोलीबारी करने वाले बदमाश को शाहबाद डेयरी इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश के पास से पुलिस ने एक पिस्टल और दो कारतूस के अलावा गोलीबारी के दौरान पहने कपड़े बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आगामी चुनाव को देखते हुए जिले की वाहन चोरी निरोधक शाखा निरीक्षक राज मलिक के नेतृत्व में बदमाशों पर निगरानी रख रही थी। आठ अप्रैल को पुलिस को शाहबाद डेयरी इलाके में एक बदमाश के पिस्टल लेकर घूमने की जानकारी मिली। साथ ही बताया गया कि बदमाश मोती नगर के बिल्डर के घर के बाहर हुई गोलीबारी में शामिल है। पुलिस की टीम ने इलाके में घेराबंदी कर प्रह्लादपुर निवासी सतेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूलतः बरगवां, सीतापुर यूपी का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि सितंबर 2023 में वह लॉरेंस बिश्नोई, काला राणा और कपिल मान गैंग के एक सदस्य के संपर्क में आया। मार्च 2024 को उसे सिग्नल ऐप के जरिए 31 मार्च को नारायण इलाके में पहुंचने के लिए कहा गया। जहां उसकी मुलाकात एक अन्य लड़के से हुई।

### अवैध हथियारों की खेप पकड़ी

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर पुलिस और सर्विलांस टीम ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले को गिरफ्तार किया। उसका एक साथी पुलिस को चकमा देकर भाग गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। आरोपी के कब्जे से दो पिस्तौल, चार तमंचे और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस बरामद हुए।सूरजपुर कोतवाली प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर लोकेश अलीगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से आरोपी को साइट बी के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से दो पिस्तौल 32 बोर, तीन तमंचे 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर और 20 जिंदा कारतूस 32 बोर, चार जिंदा कारतूस 12 बोर और 10 जिंदा कारतूस 315 बोर के बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में आरोपी लोकेश ने बताया कि वह अपने साथी के साथ मिलकर अलीगढ़ स्टेशन के पास से एक व्यक्ति से हथियार खरीद कर लाता था। इसके बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा के अलावा इधर-उधर घूमकर अच्छी कीमत पर बेच देता था। पुलिस ने बताया कि लोकेश के विरूद्ध जनपद अलीगढ़ में मुकदमे पंजीकृत हैं। उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि यह गैंग 10 से 12 हजार रुपये में देसी तमंचा सप्लाई करता था, जबकि पिस्तौल 50 से 60 हजार रुपये में बेचता था। व्हाट्सएप के जरिए हथियार का फोटो दिखाकर सौदा तय किया जाता था।

### दो दिन में पांच हजार घरों पर दस्तक

गाजियाबाद। संचारी के साथ दस्तक अभियान शुरू हो गया है। दो दिन में जिले में पांच हजार घरों पर 600 टीमें दस्तक दे चुकी हैं। अभियान में टीबी, कुष्ठ रोग और बुखार, खांसी के संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग की जा रही है। यह अभियान 30 अप्रैल तक जारी रहेगा।संचारी रोग के साथ बुधवार से दस्तक अभियान शुरू हो गया। जिला मलेरिया अधिकारी जीपी मिश्रा ने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की 600 टीम जिले में घर-घर जाकर संचारी रोग नियंत्रण माह तथा दस्तक अभियान के बारे में जानकारी दे रही हैं। अब तक जिले में पांच हजार से ज्यादा घरों में दस्तक दी जा चुकी है। जिस घर में 15 साल से कम उम्र का बच्चा है, उस घर के बाहर संचारी रोग जागरूकता का स्टीकर लगाया जा रहा है। दस्तक अभियान के तहत टीमों द्वारा बुखार, आईएलआई (इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस), टीबी रोगी, कुष्ठ रोगी और कुपोषित बच्चों की स्क्रीनिंग की जा रही है और उनकी जानकारी मौके से ई-कवच पोर्टल पर उपडेट की जा रही है। ताकि यूडीएसपी पोर्टल के माध्यम से संदिग्धों को तीन दिन के अंदर उपचार दिया जा सके।डा मिश्रा के मुताबिक इस बार पिछले साल के डेंगू प्रभावित इलाकों को अति संवेदनशील मानते हुए विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### एसएमएस का खर्च भी उम्मीदवार के खाते में जुड़ेगा

गुरुग्राम। लोकसभा आम चुनाव में प्रचार के दौरान प्रत्याशी की ओर से थोक में भेजे गए एसएमएस का खर्च उसके चुनाव खर्चे में जोड़ा जाएगा। ये एसएमएस आडियो, वीडियो, टेक्स्ट आदि किसी भी प्रकार के हो सकते हैं।डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार जिला में मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी गठित कर दी गई है। जो कि प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी निगरानी रख रही है। आयोग की ओर से सोशल मीडिया के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मतदान की समाप्त से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान राजनीतिक प्रकृति के थोक में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध रहेगा। चुनाव प्रचार के दौरान मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों को ऐसे थोक एसएमएस की जानकारी मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए गए हैं। निशांत कुमार यादव ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के साथ संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर एमसीएमसी कमेटी की कड़ी नजर रहेगी। किसी उम्मीदवार पर व्यक्तिगत आक्षेप, किसी जाति, धर्म पर गलत टिप्पणी की गई तो ऐसे एसएमएस भेजने वाले का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली में चुनाव प्रचार तेज, आतिशी ने डोर-टू-डोर किया कैंपेन



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे देश में सरगर्मी तेज है। दिल्ली में एक तरफ जहां बीजेपी चुनाव प्रचार में जुटी है तो वही आम आदमी पार्टी भी डोर-टू-डोर कैंपेन चला अपना जोर लगा रही है। इसी कड़ी में दिल्ली की प्रतिष्ठित चांदनी चौक लोकसभा सीट से बीजेपी के प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल गुरुद्वारा बंगला साहिब पहुंचे। भाजपा प्रत्याशी यहां दर्शन करने के लिए आए थे और यहां उन्होंने मत्था टेका। गुरुद्वारा बांगला साहिब में अरदास के बाद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, आज अपने चुनाव प्रचार के तहत मैंने गुरुद्वारा बंगला साहिब में प्रार्थना की है। देश में एक ऐसी सरकार बननी चाहिए जो लोगों को घरों में खुशियां ला सके और मैं भी इस सरकार का हिस्सा हो सकता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार हम चांदनी चौक सीट से रिकॉर्ड मतों से जीत रहे हैं। हम दिल्ली की सभी लोकसभा सीटों पर जीत रहे हैं।

मार्च के महीने में जब बीजेपी ने अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की थी तब उसमें प्रवीण खंडेलवाल का नाम था। बीजेपी ने दिल्ली की चांदनी चौक सीट से डॉक्टर हर्षवर्धन का टिकट काट कर प्रवीण खंडेलवाल को मैदान में उतारा है। अर्थव्यवस्था एक्सपर्ट के तौर पर पहचान रखने वाले प्रवीण खंडेलवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर घुद को मोटिवेटर भी बताया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र रहे प्रवीण खंडेलवाल ने यही से एलएलबी भी किया है। इससे पहले प्रवीण खंडेलवाल हिंदू नववर्ष के पहले दिन नवरात्र पर अपने घर में पूरे परिवार के साथ मां दुर्गा की पूजा करते नजर आए थे।

### आतिशी ने किया प्रचार

बीजेपी के अलावा आम आदमी पार्टी ने भी दिल्ली में चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। आप नेता आतिशी मर्लेना जेल का जवाब वोट से अभियान के तहत दिल्ली की सड़कों पर नजर आईं। कुछ दिनों पहले पार्टी ने यह कैंपेन लॉन्च किया था। आतिशी दिल्ली के गोविंदपुरी एक्सटेंशन में डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार करती नजर आई हैं। आतिशी ने कहा कि दिल्ली की जनता को पता है कि केजरीवाल ने उनको मुफ्त बिजली, पानी और शिक्षा दी है। इसलिए जनता अपने वोट से उनको जवाब देगी। बता दें कि दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर अभी बीजेपी का कब्जा है। इस बार बीजेपी ने अपने 6 मौजूदा सांसदों का टिकट भी काट दिया है।

### मतदान के लिए बूथ तैयार कर रहा निगम

गाजियाबाद। गाजियाबाद लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान के लिए नगर निगम बूथ तैयार करने में जुट गया है, ताकि मतदान वाले दिन मतदाताओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो।गाजियाबाद लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों के नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ऐसे में अब इस सीट पर अधिक से अधिक मतदान कराने में जिला प्रशासन जुट गया है। इसको लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसमें लोगों से मतदान करने की अपील की जा रही है। इसी प्रक्रिया के तहत नगर निगम भी मतदान बूथ तैयार करने में जुट गया है। ताकि 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में किसी को कोई दिक्कत न हो। नगर निगम के अधिकारी बताते हैं कि मतदान बूथ पर नियमानुसार सुविधाएं होंगी, ताकि मतदाता आसानी से अपने वोट डाल सके। इसके लिए निगम की टीमों को सभी नियमों का पालन करते हुए बूथ तैयार करने को कहा गया है। साथ ही बूथों पर रंगाई पुताई से लेकर साफ सफाई की भी व्यवस्था की जा रही है।

# गाजियाबाद में पढ़ी गई ईद-उल-फितर की नमाज

**पूरे जिले में ईद की धूम, देश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए मांगी दूआ**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में ईद उल फितर की नमाज ईदगाहों में पढ़ी गई। रमजान के 1 महीने के बाद खुशी का त्योहार मनाते हुए यह नमाज पढ़ी गई। ईदगाह पर बच्चे युवा और बुजुर्गों की काफी भीड़ देखी गई। इस दौरान पीएससी, QRT और अर्धसैनिक बल भी तैनात रहे।

रमजान उल मुबारक के 1 महीने बाद ईद उल फितर की नमाज गाजियाबाद में कई ईदगाह में पढ़ी गई। इस दौरान देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ की गई। नमाज के बाद लोगो ने आपस में गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। साथ ही मिठाई खिलाकर गले लगाया। गाजियाबाद में ईदगाहों पर काफी भीड़ दिखाई दी। जिसमें बच्चे युवा और बुजुर्ग थे। ईद उल फितर इस्लामी कैलेंडर के दसवें महीने शव्वाल के पहले दिन मनाया जाता है।

इस्लामी कैलेंडर के सभी महीनों की तरह यह भी नए चांद के दिखाने पर शुरू होता है। इस त्योहार को भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार माना जात जाता है। इस त्योहार को सभी आपस में मिलकर मनाते हैं और खुदा से सुख शांति और बरकत के लिए दुआ मांगते हैं। वहीं गाजियाबाद में इस दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एडिशनल पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद दिनेश पी ने बताया की सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए एक बटालियन पीएसी के अलावा 29 क्यूआरटी और स्थानीय पुलिस तैनात रही थी।

### फ्लैट की बालकनी में लगी भीषण आग

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में एक हाईराइट सोसाइटी के फ्लैट के बाहर बालकोनी में आग पग। यह आग इतनी भीषण थी कि उसने बालकनी में रखे हुए पूरे सामान को भी जलकर राख कर दिया। सूचना के बाद फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंची लेकिन तब तक मौके पर मौजूद सोसाइटी के फायर हाइड्रेट सिस्टम ने आग पर काबू पा लिया। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र के अंतर्गत इको विलेज-2, सोसाइटी में आठवी मंजिल पर बंद पड़े फ्लैट में अचानक आग लग गई।यह आग दूर से ही दिखाई दे रही थी। बताया जा रहा है कि यह आग पहले एसी में लगी थी, उसके बाद फ्लैट की बालकनी को भी उसने अपनी आगोश में ले लिया ।इसके बाद बालकनी में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया।आग लगते ही अफरा तफरी मच गई।आग की खबर लगते ही सोसाइटी के मेंटेनेंस की टीम मौके पर पहुच गई और आसपास के लोगो ने आग पर काबू पाया। पुलिस द्वारा जानकारी दी गई कि यह हर्ष ठाकुर का फ्लैट है जोकि बंद पड़ा हुआ था।वह दो दिन से मेरठ गए हुए है। उसके फ्लैट की बालकनी में रखे जूतों की रैक एवं दरवाजे में आग लगने की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कारवाई करते हुऐ फायर सर्विस यूनिट मौके पर रवाना हुई। मौके पर जाकर पाया गया कि आग को उपस्थित लोगों व स्टाफ द्वारा सोसाइटी के फायर हाइड्रेंट सिस्टम की मदद से पहले ही बुझा दिया गया था।

# मैं ईडी से डरकर नहीं आया हूं, दलितों का अपमान बर्दाश्त नहीं : राजकुमार

नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बुधवार को एक बड़ा झटका लगा। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राज कुमार आनंद ने मंत्री पद और आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया की राज कुमार आनंद ने ईडी के दबाव में पार्टी का साथ छोड़ा। जिसपर राज कुमार आनंद की प्रतिक्रिया आई है।

दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री राज कुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी से अपने इस्तीफे पर कहा कि मैं ये साफ करना चाहता हूं कि मैं ईडी से डरकर नहीं आया हूं।

ईडी का जो छापा मेरे यहां पड़ा था वो



मेरे आवास पर केवल शराब घोटाले की मनी ट्रेल को ढूंढने के लिए पड़ा था। ईडी ने अपने बयान में कह दिया था कि इस मामले में एक रुपये का भ्रष्टाचार नहीं हुआ है।

उन्होंने आगे कहा कि ये झूठ की राजनीति पर अगर मैं भरोसा करता रहता तो आज भी मैं वहां रहता जहां पर मैं था। कल सौरभ भारद्वाज ने कहा, दलित, बेचारा, कमजोर... क्या सभी दलित कमजोर और बेचारे हैं?... मैं दलितों का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा।

उधर, दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा, सबको पता है कि राज कुमार आनंद ने क्यों इस्तीफा दिया। नवंबर में उनके घर पर 23 घंटे की रेड होती है। राज कुमार आनंद के साथ हमारी सहानुभूति है। वे बहुत दबाव में गए हैं। उन पर ईडी का दबाव था।

### ईडी से डर गए राजकुमार आनंद : सौरभ भारद्वाज

राजकुमार आनंद के इस्तीफे पर सौरभ भारद्वाज ने कहा, हर कोई जानता है कि उनके आवास पर ईडी की छापेमारी हुई थी। वह दबाव में थे और डर गए थे। हमें उनसे कोई शिकायत नहीं है। एक स्क्रिप्ट दी गई और उनके पास इसे पढ़ने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था...हमने पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से एक दलित उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का कारण पार्टी को तोड़ना और दिल्ली और पंजाब सरकार को भंग करना था।

# 21 को भारतीय नव वर्ष का भव्य आयोजन इंदिरा गांधी स्टेडियम में

विक्रम संवत 2081 के उपलक्ष्य में दिल्ली बीजेपी का मंदिर प्रकोष्ठ हिन्दू नव वर्ष महोत्सव मनाने जा रहा है।21 अप्रैल, रविवार को राजघाट स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में भव्य कार्यक्रम होगा। प्रकोष्ठ के संयोजक करनैल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू हो जाएगा। 51 हजार लोग एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। प्रोग्राम में विख्यात भजन गायक हंसराज रघुवंशी भी आएंगे। उन्होंने राम



मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ढेर सारे भजन गाए। वायरल भजनों से उन्हें प्रसिद्धी मिली। महोत्सव की शुरुआत में गणेश वंदना होगी। 15 मिनट में संपूर्ण रामलीला दिखाई जाएगी। देशभर के अखाड़ों से साधु संतों को आमंत्रित किया गया है। हरिद्वार से 20 बसें आ रही है।

करनैल के मुताबिक, दिल्ली में ये इस तरह का पहला कार्यक्रम होगा। महोत्सव में दिल्ली में बीजेपी के सातों लोकसभा प्रत्याशी, मौजूदा सांसद और 5 हजार संतों की उपस्थिति होगी। केंद्र के बड़े मंत्रियों भी न्योता दिया गया है। महोत्सव में स्वामी राघवानंद, चिदानंद, अवधेशानंद, नवल किशोर दास, कंचन गिरी, महंत नारायण गिरी, धीरेंद्र पुरी, गिरीशानंद, दीनबन्धुदास, विद्यागिरी, ओमप्रकाश गिरी, रामगोबिन्द दास, रामपुरी जी, विभानंद गिरी, अजबदास, कृष्ण गिरी, आनंदेश्वर नंद गिरी, नारायण दास, सोम गिरी, दुर्गेश दास, मंगलदास उदासीन, कुरा गिरी और प्रचार गिरी भी आदि हिस्सा लेंगे।

### महिला का अश्लील वीडियो बनाया

गौतमबुद्धनगर। ग्रेनो वेस्ट की सोसाइटी में रहने वाली महिला ने एक साइबर ठग के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। महिला का आरोप है कि उसका माफर्ड वीडियो तैयार कर उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जा रहा है। पीड़िता का आरोप है कि पाकिस्तान के नंबर से उसे कॉल किया गया था। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर साइबर ठग गैंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित महिला का आरोप है कि करीब दो महीने पहले पाकिस्तान के एक नंबर से उनके मोबाइल पर व्हाट्सऐप कॉल आई। इस बीच साइबर ठग ने महिला का एक वीडियो बना लिया। इसके बाद उसका माफर्ड वीडियो तैयार कर अश्लील बना दिया। साइबर ठग द्वारा वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जा रहा है। पीड़िता ने परेशान होकर पुलिस से शिकायत कर मदद की गुहार लगाई है। पुलिस से गैंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### मोदीनगर में जयंत चौधरी ने की जनसभा

मोदीनगर। मोदीनगर में रालोद प्रमुख व राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह चाहते थे कि किसान ,मजदूर व छोटे उद्यमी का विकास है। उसी नीति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काम कर रहे है। यदि विकास की गति को आगे बढ़ाना है तो नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनाना ही होगा। उन्होंने कहा कि मोदीनगर के विकास के लिए रालोद प्रत्याशी का भी जीतना ज़रुरी है। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने मोदीनगर हापुड़ मार्ग पर गांव भोजपुर में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे के लूप के पास स्थित मैदान परिसर में बुधवार शाम को जनसभा में कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल के अंदर जो भी योजना लाए है ,वह जमीन पर पहुंची और उसका लाभ जनता को सीधा मिला है। उन्होंने कहा कि बागपत लोकसभा क्षेत्र में आने वाले मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में रिकार्ड विकास हुआ है। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे व नमो भारत ट्रेन का निर्माण हुआ है। इन दोनों प्रोजेक्ट के निर्माण से क्षेत्र में तरक्की आ गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में महिला बिल पास करा दिया गया है। आने वाले दिनों में लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिल जाएगा। अब देश में महिला क्रांति आने वाली है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने जो किसान ,मजदूर के लिए काम किया है ,उसकी छाप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कामों में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करेंगे तो हम मिलकर किसानों के लिए बेहतर करने की स्थिति में होगे। उन्होंने कहा कि आपके बीच राजकुमार सागवान के रूप में एक ऐसा प्रत्याशी दिया ,जिस पर कोई आपेक्ष नहीं लगा सकता है।

### आप विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी करने के लिए ईडी ने अदालत का किया रुख

नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आप विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी करने के लिए अदालत का रुख किया है। ईडी की ओर से राउज एवेन्यू कोर्ट में एक अर्जी दाखिल की गई है। ईडी के वकील ने कुछ दस्तावेज दाखिल करने की मांग की। अदालत ने मामले को 18 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को जारी नोटिस में उपस्थित न होने पर समन जारी किया था। कोर्ट ने उन्हें 20 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने धारा 50, पीएमएलए व अन्य धाराओं के तहत दायर ईडी की हालिया शिकायत पर संज्ञान लिया।

# बीजेपी प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे आरएलडी अध्यक्ष

**गौतमबुद्ध नगर।** जनपद बुलन्दशहर में गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र सिकंदराबाद तहसील के गांव भटौना स्थित चौधरी चरण सिंह इंटर कालेज में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करने के लिए राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी पहुंचे जहां गौतमबुद्ध नगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा के समर्थन में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जयंत चौधरी ने देशवासियों को ईद की बधाई दी और कहा कि आज मलूक नागर बसपा के वरिष्ठ नेता सांसद बिजनौर से ये परिवार के साथ राष्ट्रीय लोक दल में आये हैं. हमारा कुनबा बढ़ रहा है। तेज गति के साथ हमें एनडीए को मजबूत करना है। गौतमबुद्ध नगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा के पक्ष में दिनांक 26.04.2024 को भारी संख्या में मतदान करें और माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान अबकी बार 400 पार के नारे को सफल बनायें।

आरएलडी अध्यक्ष श्री जयंत चौधरी जी ने कहा कि वह किसानों के लिए काम करते हैं, जाटों की बात मत करो राजनीति एक जाति से नहीं होती. राष्ट्रीय लोक दल एक जाति को लेकर नहीं चलती हैं।

सरकार कोई भी आ जाए संविधान के मूल ढांचे को कोई सरकार नहीं बदल सकती. नागरिक के अधिकारों के लिए सरकार बहुत सजग और सचेत है। पिछले 10 वर्षो के रिकॉर्ड को आप देख सकते हैं कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में कितना अद्भुत कार्य हुआ है और अगले 5 साल बहुत कुछ अच्छा



होने वाले हैं। इसलिए आप अपना बहुमूल्य वोट भाजपा को देकर माननीय प्रधानमंत्री जी को पुन: प्रधानमंत्री बनायें। माननीय प्रधानमंत्री जी ने किसानों के मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह जी को जो भारत रत्न देकर सम्मानित किया है उसके लिए आज हर एक किसान अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में गांव व किसानों के लिए जो हमारे देश एवं प्रदेश की सरकार ने कार्य किया है उसे उससे किसानों के स्वर्णिम युग की शुरुआत हुई है। पिछले 10 वर्षों में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में अभूतपूर्व वृद्धि की गई। करोड़ों की संख्या में गरीब किसानों और मजदूरों के लिए घर और शौचालय बनाए गए, किसान के सम्मान में प्रधानमंत्री जी ने किसान सम्मान निधि की शुरुआत की और फसल बीमा के तहत करोड़ों किसान उससे लाभान्वित हुए।

मुझे कहते हुए गर्व हो रहा है कि स्व. चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह जी ने किसानों के स्वर्णिम भविष्य का जो सपना देखा था उसे आज माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पूरा कर रहें है। तदोपरांत गुलावठी, एचाना तथा उस्तारा में कई जगहों पर आयोजित जन संपर्क कार्यक्रम में लोगों से कम से कम 80 प्रतिषत मतदान हो उसके लिए सभी लोगों से हाथ जोड़कर अपील की।

इस दौरान सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह, त्रिवेश गुप्ता, शैलेष तेवतिया, पवन तेवतिया, विकास चौहान, पीयूष, गगन शर्मा, बब्बू प्रधान, प्रवीन जौली, जिलाध्यक्ष आरएलडी पंकज प्रधान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष आरएलडी कुंवर पीके सिंह, चौ. वीरपाल सिंह तेवतिया, प्रदेश उपाध्यक्ष आरएलडी, हरीओम डागर, पंकज प्रधान, नरेन्द्र तेवतिया, नवीन तेवतिया, जितेन्द्र तेवतिया, डा. अंतुल तेवतिया, सांसद प्रतिनिधि सुरेश चन्द शर्मा, चौ. घनश्याम यादव, सुनील यादव, जितेन्द्र चौधरी, हरेन्द्र सिंह, दलवीर सिंह, पुष्पेन्द्र भाटी प्रमुख, अरविन्द दीक्षित, अजीत दौला, सुरेन्द्र धनकड, जगदीश रावल, ब्रजवीर सिंह, अनुज पवार, धर्मेन्द्र तेवतिया, राजकुमार कौशिक एवं काफी संख्या में लोग मौजूद रहें।

# सीईओ ने किया नोएडा के सेक्टर और गांव का निरीक्षण

**साफ-सफाई, अतिक्रमण और प्रगति रत कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश**

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने औद्योगिक एवं आवासीय सेक्टरों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहर के अनुरक्षण, सफाई व्यवस्था, प्रगति रत कार्यों, अतिक्रमण वगैरह की समीक्षा की। सबसे पहले टीम के साथ सेक्टर-137 के टी-पाइंट पर इंटर सेक्शन के सुधार के निर्देश दिए। इस टी-पाइंट पर काफी अंधेरा देखने को मिला, यहां हाई मास्ट लगाने



के लिए कहा गया। सेक्टर-137 में 45 मीटर चौड़े मार्ग की सर्विस रोड पर सेक्टर-137 का वेंडिंग जोन को संचालित करने के लिए कहा गया।

इसी रास्ता पर कुछ स्थानों पर सीएडंडी वेस्ट पड़ा हुआ मिला। जिसको सफाई करने के लिए कहा गया। इसके अतिरिक्त कई स्थानों पर टाइल निकली हुई पाई गयी, जिनके स्थान पर नइ टाइल लगाने के निर्देश दिए गए।

इस सेक्टर से जुड़ी ड्रेन में बहुत ज्यादा दुर्गंध आने पर सभी हाउसिंग सोसाइटी के एसटीपी को चैक करने के निर्देश दिए गए। पर्यावरण सैल को भी निर्देशित किया गया कि उक्त सोसाइटी के एसटीपी को नियमित चैक किया जाये। सोसाइटी के सीवर सीधे नाले में डिस्चार्ज होता पाया गया तो पर्यावरण सैल अधिकारी तय की जाएगी।

सेक्टर-137, 91 एवं गढ़ी शहदरा के चौराहे का सुधार करने के लिए वर्क सर्किल-8 को निर्देशित किया गया। यहां चौराहे पर हाई मास्ट लाइट लगाने और सेक्टर-137 में ही एक वाणिज्यिक भूखण्ड खाली पाया गया। जिसके सम्बन्ध में पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के लिए नियोजन विभाग को निर्देशित किया गया।

# संपादकीय

## शहरो में पानी की कमी

अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में, हम सभी को जल की अविरल आवश्यकता होती है। जल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो हमारी पेशेवर, व्यक्तिगत और सामाजिक जिंदगी को संभालने में मदद करता है। लेकिन दुर्भाग्यवश, आधुनिक युग में, जल की कमी और उसकी अधिकता के मुद्दे भारत के साथ ही पूरे विश्व को प्रभावित कर रहे हैं। इस लेख में, हम इस महत्वपूर्ण समस्या पर ध्यान देंगे, जिसे हम सभी एक साथ मिलकर हल कर सकते हैं।

भारत एक विशाल और अनूठा देश है, जिसमें विभिन्न जल संसाधनों की बोटलें आम तौर पर होती हैं। लेकिन यह एक समग्र सत्य है कि हम अपने जल संसाधनों की धारा को तेजी से घटा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर, बारिश के पानी का संग्रहण और उपयोग कम हो रहा है, जबकि बड़े शहरों में जल संकट बढ़ता जा रहा है। इसका मतलब है कि हम अपने जल संसाधनों का सही से प्रबंधन नहीं कर रहे हैं और इस समस्या को हल करने की आवश्यकता है।

जल की कमी का मुख्य कारणों में से एक है वाणिज्यिकीकरण और उपयोग की बढ़ती मांग। औद्योगिकीकरण, कृषि और आवास के लिए जल का बड़ा हिस्सा उपयोग में आता है, जिससे बारिश के पानी के स्त्रोतों को अत्यधिक दबाव में डाला जाता है। इसके अलावा, जल संरक्षण के अभाव में, अनेक स्थानों पर जल संसाधनों का अत्यधिक उपयोग होता है, जो स्थाई जल संरक्षण को कमजोर करता है।

जल की कमी के नुकसान गंभीर हो सकते हैं। यह सिर्फ हमारे व्यक्तिगत उपयोग को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि कृषि, उद्योग, और विभिन्न प्राकृतिक प्रणालियों को भी प्रभावित कर सकता है। जल संकट के बिना, हमारी खाद्य सुरक्षा, जल संपदा और वातावरण संरक्षण के लक्ष्य कठिनाई से साध्य हो जाते हैं।

जल संकट का सामना करते समय, हमें समाधान और उपाय ढूंढने की आवश्यकता है। यहां कुछ महत्वपूर्ण कदम हैं जिन्हें हमें अपनाना चाहिए

**जल संरक्षण की अवधारणा को प्रोत्साहित करें :** सभी को जल संरक्षण के महत्व को समझाने और इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। स्कूलों, कॉलेजों, समुदायों और सरकारी अभियानों के माध्यम से जल संरक्षण की अवधारणा को बढ़ावा देना चाहिए।

**बारिश के पानी का संग्रहण :** हमें बारिश के पानी को संग्रहित करने के लिए संगठित तरीके से काम करना चाहिए, जैसे कि जल संचयन तालाबों, बांधों, और रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से।

**प्रौद्योगिकी और अभियान्त्रिकी में नवाचार:** उच्च तकनीकी उपकरणों का उपयोग करके जल संचयन और जल संवर्धन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

**कृषि क्षेत्र में प्रभावी जल प्रबंधन:** सिंचाई प्रणालियों को समीक्षा करें और अधिक समृद्ध और सहज विकल्पों का अनुसरण करें।

**जल संयंत्रों की समीक्षा और उनका अपग्रेड :** संवेदनशील जल संयंत्रों का निरीक्षण करें और उन्हें अपग्रेड करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

**जल बचाव के लिए जनसहयोग :** लोगों को जल संरक्षण के महत्व को समझाने और उन्हें इसमें शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

इन सभी कदमों का अनुसरण करने से हम जल संकट को संभाल सकते हैं और हमारे जीवन को और हमारे पर्यावरण को स्वस्थ रख सकते हैं। जल की कमी एक गंभीर समस्या है, जिसे हमें मिलकर हल करना होगा।

## महिलाओं के उत्पीड़न और जमीन कब्जा करने के मामले में निष्पक्षता जरूरी

संदेशखाली को लेकर राजनीतिक रस्साकशी कुछ अधिक बढ़ गई है। इसे लेकर भाजपा जहां ममता सरकार पर निशाना साध रही है, वहीं ममता बनर्जी का कहना है कि संदेशखाली आरएसएस का गढ़ बन चुका है और वही ऐसे बेबुनियाद विवाद पैदा कर रहा है।

अगर अदालत किसी आपराधिक मामले की जांच केंद्रीय एजंसी को सौंप दे तो उससे यही संदेश जाता है कि उस मामले को सुलझाने में राज्य सरकार नाकाम रही या उस पर भरोसा नहीं रह गया है। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के उत्पीड़न और जमीन कब्जा करने के मामले में वहां के उच्च न्यायालय ने केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने का आदेश दिया है।

इससे राज्य सरकार पर कमजोर हुए भरोसे का संदेश जाता है। हालांकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस इस मामले को भाजपा की रची साजिश बता रही है। इस वर्ष जनवरी से ही संदेशखाली विवादों में घिरा हुआ है। राशन घोटाला मामले में जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय का दल तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के घर पहुंचा तो उस पर पथराव किया गया, जिसमें कई कर्मचारी घायल हो गए।

उसके बाद वहां की महिलाओं ने आरोप लगाया कि शाहजहां शेख के लोग महिलाओं को घर से उठा कर ले जाते और उनका यौन शोषण करते हैं। उन्होंने कई भूखंडों पर जबरन कब्जा कर लिया है। इसे लेकर महिलाएं पिछले करीब दो महीने से आंदोलन कर रही हैं। हालांकि राज्य सरकार ने मामले की जांच कराई, पर उसमें कोई भी आरोप साबित नहीं हो पाया। उसके बाद वहां भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच सियासी आरोप-प्रत्यारोप चल रहे हैं।

कोलकाता उच्च न्यायालय ने इस मामले का स्वत- संज्ञान लिया था। पहले उसने राज्य सरकार से स्थिति रिपोर्ट मांगी, पर उसमें तमाम आरोपों का सिरे से खंडन ही किया गया था।

राज्य महिला आयोग और पुलिस की महिला शाखा की रिपोर्टें राज्य सरकार की दलीलों को सही ठहरा रही हैं, मगर राष्ट्रीय महिला आयोग इसके उलट तस्वीर पेश कर रहा है।

स्वाभाविक ही, अदालत ने मामले की जांच सीबीआइ से कराना उचित समझा है। अब संदेशखाली को लेकर राजनीतिक रस्साकशी कुछ अधिक बढ़ गई है। इसे लेकर भाजपा जहां ममता सरकार पर निशाना साध रही है, वहीं ममता बनर्जी का कहना है कि संदेशखाली आरएसएस का गढ़ बन चुका है और वही ऐसे बेबुनियाद विवाद पैदा कर रहा है।

जाहिर है, इस आरोप-प्रत्यारोप के बीच हकीकत सामने नहीं आ पा रही। शाहजहां शेख पर गंभीर आरोप हैं और उसे केवल एकतरफा दलीलों के आधार पर बेगुनाह करार नहीं दिया जा सकता। पश्चिम बंगाल पर सदा से राजनीतिक वर्चस्व के लिए खूनी संघर्ष और सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगता रहा है।

पहले वाम मोर्चा के कार्यकर्ताओं पर आरोप लगते थे कि वे सरकारी संरक्षण में जमीनों पर कब्जा करते, ठेके उठाते, अनियमितताएं करते और विरोधी दलों के कार्यकर्ताओं के खिलाफ हिंसा करते हैं।

उन्हीं प्रवृत्तियों के प्रतिकार में लोगों ने तृणमूल कांग्रेस के हाथ में सत्ता सौंपी थी। मगर अब यह छिपी बात नहीं है कि तृणमूल के कार्यकर्ता और नेता भी उसी राह पर चल पड़े हैं, जिस पर पहले वाम मोर्चा के कार्यकर्ता चला करते थे।

ऐसी अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें तृणमूल कार्यकर्ताओं और नेताओं पर दबंगई के आरोप हैं। हालांकि भाजपा जिस तरीके से अपना राजनीतिक प्रभाव जमाना चाहती है, वह भी आरोपों से मुक्त नहीं है। मगर चूंकि कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार पर है, इसलिए उससे पारदर्शिता और निष्पक्षता की उम्मीद अधिक की जाती है।

संदेशखाली को लेकर छिड़े विवादों को अगर राज्य सरकार ने निष्पक्ष होकर निपटा लिया होता, तो अदालत को सीबीआइ जांच का आदेश देना ही न पड़ता।

# धनतंत्र के बोझ से कसमसाता लोकतंत्र

**विश्वनाथ सचदेव**



शायद आपने भी देखा हो फेसबुक पर चक्कर लगाते उस संदेश को जिसमें आगाह किया गया है कि 4 जून तक यानी आम-चुनाव के परिणाम आने तक, पचास हजार की नकदी लेकर घूमने से बचें अन्यथा सरकारी एजेंसियों द्वारा परेशान किये जाने की आशंका बनी रहेगी। इस चेतावनी का मतलब समझना किसी के लिए भी मुश्किल नहीं होना चाहिएङ्कहर चुनाव के मौके पर इस आशय के समाचार मिलते रहे हैं कि फलां जगह इतना बेहिसाबी पैसा पकड़ा गया, फलां जगह उम्मीदवार मतदाता को पैसा बांटते देखा गया।

इस बीच शायद यह समाचार भी आपने देखा-पढ़ा होगा जिसमें देश की वित्तमंत्री को यह कहते हुए बताया गया है कि वे चाहते हुए भी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ सकतीं, क्योंकि उनके पास चुनाव लड़ने लायक पैसा नहीं है!

चुनाव जनतंत्र का उत्सव ही नहीं होता एक तरह से प्राण भी होता है। जनता की सार्थकता का एक पैमाना यह भी है कि मतदाता कितनी स्वतंत्रता और समझदारी से मतदान के द्वारा अपना प्रतिनिधि चुनता है। चुनाव लड़ने के लिए पैसे की आवश्यकता होती है, यह निर्विवाद है। मतदाता तक पहुंचने के लिए, उस तक अपनी बात पहुंचाने के लिए ज़रूरी साधन बिना पैसे के नहीं जुट सकते। सवाल यहां कितने पैसे खर्च करने का है। चुनाव आयोग द्वारा लगाए गये अनुमान के आधार पर यह सीमा तय की गयी है कि लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार क्रमश: 75 लाख और 40 लाख रुपये खर्च कर सकता है। व्यवस्था यह भी की गयी है कि मतदान के बाद एक निश्चित अवधि में उम्मीदवारों द्वारा चुनाव में किये गये खर्च का पूरा ब्योरा देना होता है, और यदि यह खर्च तय सीमा से अधिक पाया जाता है तो चुनाव- परिणाम रद्द घोषित हो सकता है।

तो क्या हमारे यहां 75 अथवा 40 लाख रुपये में चुनाव लड़ा जा सकता है? इस प्रश्न का एक उत्तर तो यह है कि चुनाव खर्च की सीमा सिर्फ उम्मीदवार द्वारा खर्च की गयी राशि के लिए ही निर्धारित है, राजनीतिक दल अपने उम्मीदवार के लिए कितना भी खर्च करने के लिए स्वतंत्र हैं! इसीलिए सभी राजनीतिक दल अपने 'स्टार प्रचारकों' की सूची घोषित करते हैं और उनके द्वारा किया गया खर्च चुनाव-आयोग की जांच के अंतर्गत नहीं आता। यह स्टार प्रचारक चार्टर्ड विमान द्वारा यात्रा करते हैं, लंबे-चौड़े 'रोड शो' करते हैं, लाखों समर्थकों वाली रैलियां करते हैं। यह सारा खर्च राजनीतिक दल करते हैं। इसीलिए इन दलों द्वारा की गई 'उगाही' को लेकर सवाल उठते हैं। पूछा जाता है कि अक्सर सत्तारूढ़ दलों को अधिक चंदा मिलता है, इस बात की जांच क्यों नहीं होती कि सत्तारूढ़ दल, या बाकी दल भी, इस चंदे के बदले में चंदा देने वालों को अनुचित लाभ तो नहीं देते?

स्टेट बैंक आफ इंडिया द्वारा जारी किए गए 'चुनावी बॉण्ड' इसलिए विवाद का विषय बने हैं कि इन बॉण्डों की अधिकतर राशि सत्तारूढ़ दल यानी भाजपा के हिस्से में क्यों आयी है? लगातार घाटे में रहने वाले व्यावसायिक संस्थानों ने भी बढ़-चढ़कर यह चुनावी बॉण्ड क्यों खरीदे हैं और किस राजनीतिक दल के खाते में यह राशि पहुंची है? उच्चतम न्यायालय द्वारा चुनावी बॉण्डों की इस योजना को गैरकानूनी करार दिया जाना भी कुल मिलाकर चुनावी खर्चे से ही जुड़ा है!

पिछले कुछ सालों में राजनेताओं और राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों में खर्च की जाने वाली राशि को लेकर कई तरह के सुझाव दिये जाते रहे हैं। यह सवाल भी अक्सर उठा है कि चुनावों में होने वाला असीमित खर्च जनतंत्र में सबको समान अवसर की अवधारणा को ही सवालों के घेरे में नहीं ले आता?

ज्ञातव्य है कि आज देश की लगभग आधी आबादी गरीबी रेखा के नीचे का जीवन जी रही है। सरकारी पक्ष भले ही बीस करोड़ से अधिक लोगों को इस रेखा से ऊपर ले आने का दावा कर रहा हो, पर यह हकीकत अपने आप में भयावह है कि आज देश की अस्सी करोड़ जनता को सरकार द्वारा मुफ्त भोजन दिये जाने की ज़रूरत पड़ रही है। स्पष्ट है, अस्सी करोड़ लोग अपना पेट भरने लायक कमाई नहीं कर पा रहे हैं। विडंबना यह भी है कि मुफ्त खाद्यान्न दिये जाने की इस व्यवस्था को सत्तारूढ़ पक्ष अपनी उपलब्धि के रूप में भुना रहा है!

सबको विकास का समान अवसर देने का दावा करता है जनतंत्र। चुनाव लड़ने के लिए भी समान अवसर जैसी कोई बात होनी चाहिए थी, पर विडंबना है कि हमारी व्यवस्था में ऐसी कोई बात नहीं है जो यह आश्वासन देती हो कि दुनिया का सबसे बड़ा जनतंत्र होने का दावा करने वाले हमारे देश में हर नागरिक चुनाव लड़ सकता है। यह दुर्भाग्य ही है कि हमारी चुनावी-व्यवस्था पर बाहुबली और धनबली हावी हैं। हमारी संसद के दोनों सदनों में करोड़पतियों का बड़ी संख्या में होना भी यही संकेत देता है कि देश का आम आदमी वोट भले ही दे सकता हो, और उसके वोट की कीमत भले ही उतनी ही हो जितनी 'खास आदमी' के वोट की होती है, पर यह आम आदमी चुनाव लड़कर आसानी से संसद में नहीं पहुंच सकता। आज हमारी राज्यसभा में नब्बे प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं, 543 सांसदों वाली हमारी लोकसभा में 475 सांसदों का करोड़पति होना भी क्या यह नहीं बताता कि सांसद या विधायक बनने के लिए उम्मीदवार की जेब भारी होना भी एक ज़रूरी शर्त है! फिर, यह भी ध्यान रखना होगा कि ये करोड़पति वास्तव में करोड़ोंपति हैं!

हकीकत यही है कि संसद और विधानसभाओं में पहुंचने के लिए उम्मीदवार और उनका दल निर्धारित राशि से कहीं अधिक खर्च कर रहा है। और यह खर्च हर चुनाव में बढ़ ही रहा है। पिछले आम-चुनाव में तो एक विजयी उम्मीदवार ने सार्वजनिक घोषणा की थी कि उसने चुनाव में आठ करोड़ रुपये खर्च किए थे? पता नहीं इस घोषणा के बाद चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई की थी अथवा नहीं, पर यह तो प्रमाणित हो ही जाता है कि धन-बल हमारे जनतंत्र पर हावी होता जा रहा है।

था कोई ज़माना जब आर्थिक रूप से कमज़ोर व्यक्ति भी संसद या विधानसभा में पहुंचने का सपना देख सकता था। मुझे याद है दूसरे आम चुनाव में राजस्थान के सिरोही विधानसभा क्षेत्र के लिए सड़क पर बैठकर जूते ठीक करने वाला एक उम्मीदवार चुनाव जीता था। तब उसे चंदा इकट्ठा करके इतना पैसा दिया गया था कि वह ढंग से ठीक-ठाक तरीके से राज्य की राजधानी जयपुर पहुंचकर विधायक पद की शपथ ले सके। क्या आज हम ऐसी किसी स्थिति की कल्पना कर सकते हैं?

दो बार देश के प्रधानमंत्री बनने वाले डॉक्टर मनमोहन सिंह भी चुनाव लड़कर कभी संसद में नहीं पहुंच पाये। पता नहीं कितनी सच है यह बात, पर कहते हैं एक बार उन्होंने राजधानी दिल्ली से चुनाव लड़ा था। हार गये थे वे यह चुनाव।

उनके कार्यकर्ता बताते हैं कि इस हार का एक कारण यह भी था कि वह अपने कार्यकर्ताओं को सवेरे नाश्ते में दो-चार केले और एक कप चाय ही दिया करते थेङ्क वह इससे ज्यादा खर्च ही नहीं कर पाये! हमारी वर्तमान वित्त मंत्री भी जब यह कहती हैं कि उनके पास चुनाव लड़ने लायक पैसा नहीं है तो इसे हमारे जनतंत्र पर एक शर्मनाक टिप्पणी के रूप में ही स्वीकार जाना चाहिए। बननी चाहिए कोई व्यवस्था ऐसी कि जनतंत्र का हर नागरिक चुनाव लड़ने लायक बन सके। पर कब होगा ऐसा? कब उबरेगा हमारा जनतंत्र पैसे के चंगुल से?

## सूर्य के समान ही देदीप्यमान अष्टभुजा धारी माता कुष्मांडा

मां कुष्मांडा देवी का अवतार, मां दुर्गा के नौ रूपों में से एक है जिनकी पूजा नवरात्र के चौथे दिन की जाती है। मां दुर्गा के इस अवतार का नाम, तीन शब्दों से मिलकर बना है – 'कु' यानी छोटा सा, 'उस्मा' यानी ऊर्जा और 'अंडा' यानी एक गोला। अर्थात, मां कुष्मांडा के नाम का पूरा मतलब है- ऊर्जा का एक छोटा सा पवित्र गोला। कहा जाता है, कि जब सृष्टि में चारों ओर अंधकार फैला था, तब माँ दुर्गा अपने इसी स्वरूप में प्रकट हुई थीं। अपनी मनमोहक मुस्कान से माँ दुर्गा ने चारों तरफ प्रकाश उत्पन्न कर ब्रह्माण्ड की रचना की थी। इस कारण, यह आदि स्वरूपा या आदिशक्ति के नाम से भी जानी जाती हैं। मां कुष्मांडा को ब्रह्मांड की पहली देवी कहा गया है, जो आंतरिक शक्ति का एक रूप हैं।

मां कुष्मांडा की आठ भुजाएं हैं, जो आठों दिशाओं को दर्शाती हैं। इसी कारण, उन्हें अष्ट भुजाओं वाली भी कहा जाता है। मां के सात हाथों में चक्र, गदा, धनुष, कमंडल, कमल पुष्प, कलश और बांध क्रमश: सुशोभित रहते हैं और उनके आठवें हाथ में, सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला विभूषित है।

माना जाता है, कि जब सृष्टि की कोई रचना नहीं हुई थी, तब एक छोटा सा ऊर्जा का गोला उत्पन्न हुआ और उस गोले ने आठों दिशाओं में रोशनी फैला दी।

देखते ही देखते, उस गोले ने एक नारी का रूप ले लिया। वह नारी और कोई नहीं, बल्कि माता कुष्मांडा थीं। इस प्रकार, उन्होंने सृष्टि की रचना की। माता कुष्मांडा के नाम में ही सृष्टि की रचना का भाव छुपा है।सृष्टि की रचना कर माता कुष्मांडा ने 3 देवियों को जन्म दिया और अन्य देवताओं की रचना की। उन्होंने अपने त्रिनेत्र से तीनों देवियों की सर्जना की। उन्होंने अपने बाएं नेत्र से महाकाली देवी को उत्पन्न किया 7 दाएं नेत्र से मां सरस्वती देवी को उत्पन्न किया, तो वहीं, अपने मस्तक पर केंद्रित आंख से महालक्ष्मी देवी का निर्माण किया।

तत्पश्चात, उन्होंने तीनों देवियों से एक नर और एक नारी को प्रजनित कराया। उन्होंने महाकाली देवी से उत्पन्न हुए पुरुष को भगवान शिव और महिला को माता सरस्वती का नाम दिया तदोपरांत, उन्होंने जीवनसाथी के रूप में ब्रह्मदेव को माता सरस्वती, भगवान शिव को मां शक्ति और भगवान विष्णु को लक्ष्मी माता प्रदान किया। इसके बाद, देवी कुष्मांडा सूर्य के मूल में रहने लगीं 7 अर्थात, मां कुष्मांडा एकमात्र ऐसी देवी हैं, जो सूर्य के मूल में निवास करती हैं। उनकी ऊर्जा, कांति और प्रभा भी सूर्य के समान ही देदीप्यमान है। सूर्य लोक में रहने की क्षमता केवल इन्हीं देवी में है।

वहां, भगवान सूर्य की शक्ति का स्रोत भी है। सूर्य के केंद्र में निवास करते हुए वे सारे सौर्य मंडल को नियंत्रित करती हैं। मां कुष्मांडा की पूजा करने से, सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है और सभी कष्ट मिट जाते हैं। मां कुष्मांडा आध्यात्मिक साधना में अनाहत चक्र की प्रतिनिधि मानी जाती हैं।

## जो तेरी भक्ति में चरणों में आ जाये।

जो पत्थर तेरे पैरों के नीचे आ जायें,
वो सचमुच नायाब हीरा बन जाये।

चार दिन जो तेरी सोहबत में आ जाये।
वो सच मुच राधा और मीरा हो जाये।

जो तेरी भक्ति में चरणों में आ जाये,
वो सचमुच बैकुण्ड को पा जाये।।

कई जन्मों से प्यासे है दरस को तेरे
तुझे देख समझो चारों धाम पा जाये।

तेरी भक्ति में लीन जो हो जाये,
वो राधा -कृष्ण में खो जाए।

जो तेरे चरणों की धूल पा जाये,
वो मीरा सी दीवानी हो जाये।

जिस पानी से चरण कमल धुल जाये,
वो नीर समझो अमृत हो जाये।

अपने चरणों धूलि से तर बतर कर दो,
हमारे सातों जनम सफल हो जाये।



**संजीव ठाकुर**
**रायपुर**

## चुनाव आयोग का फरमान-उम्मीदवार बने प्रत्याशियों गंभीरता से ध्यान दीजिएगा जी!



सामुदायिक भोज,लंगर,भंडारे या समारोहों में उम्मीदवार बने प्रत्याशी शामिल हुए तो पूरा खर्च खाते में जुड़ेगा

लोकसभा चुनाव 2024 के उम्मीदवारों को चुनाव आयोग के खर्चे नियमों में,कड़े तेवरों से पग पग पर नकेल कसना सराहनीय-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में 19 अप्रैल से 1 जून 2024 तक होने वाले चुनावी महापर्व में उम्मीदवार बने प्रत्याशियों के लिए केवल चुनावों का प्रचार प्रसार करना और लोगों का समर्थन हासिल करने तक ही अकेली चुनौती नहीं है,चुनावी अभियान का संचालन करने के बीच खर्च का हिसाब किताब रखना भी आसान नहीं होगा। हालांकि 2024 के चुनाव में खर्च सीमा बढ़ाकर 70 लाख से 95 लाख कर दी गई है,परंतु फिर भी चुनाव आयोग द्वारा पहले से निर्धारित खर्च संबंधी नियमों का सख्ती से पालन करने के अतिरिक्त जैसे-जैसे डेवलपमेंट्स हो रहे हैं, चुनाव आयोग वैसे-वैसे दिशानिर्देशों की कड़ी में नए-नए नियमों को जोड़ता जा रहा है,जिसे उम्मीदवार बने प्रत्याशी को गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है,वरना लोकसभा सदस्य बन जाने के बाद भी चुनाव आयोग की कार्रवाई से सदस्यता पर प्रश्न चिह्न भी लग सकता है क्योंकि अभी दो दिन पहले ही चुनाव आयोग ने सख्ती बढ़ाते हुए फरमान जारी कर दिया है कि अगर उम्मीदवार समुदायिक भोज लंगर भंडारे या विभिन्न समारोहों में शामिल हुए तो पूरा खर्च उनके खाते में जोड़ दिया जाएगा। बता दें अभी 9, 10 व 11 अप्रैल 2024 को चैत्र नवरात्र, गुड़ी पड़वा,चेट्रीचंड्र सिंधी दिवस वह ईद उल फितर सहित विभिन्न सामाजिक समूहों धार्मिक समूहों द्वारा मनाया गया, जिसमें मैं विशेष रूप से इन धार्मिक उत्सवों पर नजर रखी तो मुझे कोई किसी भी पार्टी का कोई नेता या उम्मीदवार नजर नहीं आया और ना ही किसी पार्टीबाजी का वर्चस्व दिखा साफ जाहिर है,चुनाव आयोग द्वारा उम्मीदवारों की नकेल कसने का असर दिखाई दिया। चूंकि चुनाव आयोग सख्त बना हुआ है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी केसहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव 2024 के उम्मीदवारों की चुनाव आयोग के खर्च के नियमों में कड़े तेवरोंसे पगपग पर नकेल कसना सराहनीय है।

साथियों बात अगर हम चुनाव आयोग द्वारा प्रत्याशियों के लिए नियम कड़े कर सख्त नकेल कसने की कड़ी में एक और नियम जोड़ने की करें तो,चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों के लिए नियम कड़े कर दिए हैं। साथ ही प्रत्याशियों के खर्च पर भी पैनी निगाह रखी जा रही है। अब एक ऐसा ही नियम प्रत्याशियों के भंडारे और लंगर से भी जुड़ा है। दरअसल, चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक यदि प्रत ?याशी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी सामुदायिक भोज या लंगर में शामिल होता है, तो ऐसे सामाजिक समारोह पर किया गया खर्च अभ्यर्थी के चुनावी खर्च के रूप में माना जाएगा और इसे उसके चुनावी व्यय लेखा में जोड़ा जाएगा।आयोग ने कहा है कि मतदाताओं से मिलने के लिए आयोजित किए गए ऐसे सामुदायिक भोज के कार्यक्रम भले ही किसी नाम से बुलाए गए हों अथवा खुद प्रत्याशी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ही क्यों न आयोजित किए गए हों, यदि प्रत्याशी उसमें भाग लेता है तो इस पर होने वाले खर्च को प्रत्याशी के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जाएगा।यह निर्देश धार्मिक समुदायों द्वारा अपने संस्थानों के अंदर प्रथागत तौर पर आयोजित लंगर, भोज या कोई समारोह जैसे शादी, मृत्यु आदि के सामान्य भोज पर लागू नहीं होगा। ऐसे सामुदायिक भोज, लंगर, दावत आदि पर किए गए व्यय को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल नहीं किया जाएगा बशर्ते कि अभ्यर्थी उसमें सामान्य आगंतुक के रूप में भाग लेता।

कर पेशेवर प्रत्याशियों को सावधान कर रहे हैं कि शादियों के मौसम में वे विशेष ध्यान रखे सामाजिक आयोजन, शादी या पार्टी में प्रत्याशी शामिल तो हो सकते हैं, लेकिन ऐसी किसी शादी-पार्टी या आयोजन में उनके लिए वोट की अपील कर दी गई या कोई फोटो-बैनर लगा दिया गया तो उस पूरे आयोजन का खर्च उसके चुनावी खर्च में जोड़ लिया जाएगा। चुनाव आयोग ने इफ्तार पार्टी और भंडारे जैसे आयोजनों के दौरान रास्ता रोकने पर भी सख्ती दिखाई है। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह सुनिश्चित करें कि कहीं भी रास्ता रोककर ऐसे आयोजन न किए जाए, जिससे लोगों को परेशानी हो।आयोग ने यह निर्देश कर्नाटक के मंगलुरू से मिली शिकायत के बाद दिए हैं, जिसमें सड़क के बीचों-बीच इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया था। आयोग ने इस मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। आयोग ने साफ कहा है कि रास्ता रोककर किसी भी तरह के आयोजन करना गैर-कानूनी है।आयोग ने ऐसे आयोजनों को लेकर न सिर्फ सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को सतर्क किया है, बल्कि ऐसे आयोजनों के राजनीतिक जुड़ाव पर उसका खर्च राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों के चुनावी खर्च में जोड़ने का निर्देश दिया है। साथ ही जरूरी कार्रवाई भी करने को कहा है। चुनावी निष्पक्षता के लिए राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की ओरसे मतदाताओं को लुभाने की प्रत्येक कोशिश को रोकने में जुटे चुनाव आयोग ने फिलहाल रोजा इफ्तार दावतों और धार्मिक भंडारों जैसे आयोजनों पर भी चौकसी बढ़ा दी है।

साथियों बात अगर हम उम्मीदवारों के लिए प्रचार प्रसार अतिरिक्त खर्च हिसाब किताब सहित अन्य चुनौतियों की करें तो, आम चुनाव में उम्मीदवार बने रहे प्रत्याशियों के लिए प्रचार और लोगों का समर्थन हासिल करना ही अकेली चुनौती नहीं है। चुनावी अभियान के संचालन के बीच खर्च का हिसाब-किताब रखना भी आसान नहीं है। हालांकि लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बन रहे उम्मीदवार इस साल थोड़ी राहत महसूस कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने खर्च की सीमा में पूरे 25 लाख रुपये की वृद्धि की है। हालांकि खर्च के नियमों की सख्ती अब भी जारी है।इन आम चुनाव में प्रत्येक लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनने वाला उम्मीदवार अधिकतम 95 लाख रुपये खर्च कर सकता है। खर्च की गिनती तब से शुरू होगी जबसे वह उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल करता है।

प्रत्येक उम्मीदवार को चुनाव खर्च के लिए अलग से बैंक खाता खुलवाना होगा। उस करंट खाते के जरिये ही उम्मीदवार चुनाव का खर्च कर सकेगा।नकद खर्च को लेकर भी बंधन लागू है। पूरे चुनावी दौर में कोई भी उम्मीदवार एक व्यक्ति को 10 हजार से ज्यादा का भुगतान नकद नहीं कर सकता। उम्मीदवार इस खाते में खुद के पास मौजूद पूंजी के साथ परिवार, अपने दल या किसी से कर्ज लेकर पैसा जमा कर सकता है लेकिन चंदा नहीं ले सकता है।

## शार्ट न्यूज

### सड़क पर नमाज पढ़ने को लेकर नोकझोंक



**मेरठ।** मेरठ में सड़क पर ईद की नमाज पढ़ने से रोकने पर पुलिस और नमाजियों के बीच नोकझोंक हो गई। नमाजियों ने पुलिस का विरोध करते हुए अल्लाह हू अकबर के नारे लगाने शुरू कर दिए। पुलिस ने सड़क पर नमाज रोकने के लिए बैरिकेडिंग लगाकर नमाजियों को रोका। सड़क पर दरी बिछाते नमाजियों को भी हटाया। गुरुवार को ईद के अवसर पर शाही ईदगाह में सुबह सवा आठ बजे ईद की नमाज पढ़ी गई। नमाज के लिए हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग पहले से ईदगाह पहुंचने लगे। पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। शाही ईदगाह में नमाजियों की संख्या बढ़ी तो लोगों ने सड़क पर नमाज पढ़ने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस ने उनकी एक न सुनी और वहां से किसी अन्य स्थान पर जाकर नमाज अदा करने के निर्देश दिए।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत



बहराइच। बहराइच गोंडा रेल मार्ग पर एक युवक डेमू ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में युवक की ट्रेन से कटकर मौके पर मौत हो गई। आस पास के लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्चरी में रखवा दिया है। गोंडा से चलकर डेमू ट्रेन संख्या 05373 बहराइच के लिए रवाना हुई। ट्रेन जब बहराइच जिले के देहात कोतवाली इलाके में स्थित दसईपुरवा ग्राम के पास से गुजर रही थी तभी एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, ग्राम के लोगों ने हादसे की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। जानकारी मिलने पर देहात कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंची आसपास के लोगों से युवक के बारे में जानकारी प्राप्त की लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। देहात कोतवाल ने बताया कि ट्रेन से कटकर एक अज्ञात युवक की मौत हुई है। मृतक की शिनाख्त न होने के कारण शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल में स्थित मर्चरी में रखवाया गया है ।

### बागपत में किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

**बागपत।** बागपत में आइसक्रीम विक्रेता ने किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता के चिल्लाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी फरार हो गया। इसके बाद डरी सहमी किशोरी ने आपबीती परिजनों को बताई। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच में जुटी है। मामला खेकड़ा थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि किशोरी अपने घर से आइसक्रीम खरीदने के लिए पहुंची थी। किशोरी के अकेला होने का फायदा उठाकर आइसक्रीम विक्रेता ने उससे दुष्कर्म का प्रयास किया। चीख पुकार सुनकर स्थानीय लोगों को आता देख आइसक्रीम विक्रेता मौके से फरार हो गया। इसके बाद पूरी घटना किशोरी ने अपने परिजनों को बताई परिजनों ने कोतवाली पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और पूरे मामले की जांच में जुटी है। सीओ प्रीता सिंह ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि एक बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। परिजनों की तहरीर पर तुरंत अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### बस्ती में शादी का झांसा देकर युवती से रेप

**बस्ती।** बस्ती के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली रेप पीड़िता को उसकी मां ने धक्के देकर घर से बाहर निकाल दिया। मां का कहना है कि जाओ अब उसी के पास रहो जिस युवक ने उसके साथ रेप किया। युवक ने शादी करने का झांसा दिया और कई बार शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन अब वह उससे शादी करने के लिए तैयार नहीं है। इसे लेकर पीड़िता पुलिस अधीक्षक के पास बुधवार को न्याय की गुहार लेकर पहुंची। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने आरोप लगाया कि गांव के युवक ने लॉकडाउन के दौरान उसके साथ जबरदस्ती संबंध बना लिए। उसने बहला-फुसलाकर कहा कि वह शादी कर लेगा। इसके बाद से वह बार-बार संबंध बनाता रहा। एक अप्रैल को पीड़िता की मां ने धक्के देकर घर से यह कहते हुए निकाल दिया कि जाओ उसी के पास रहो। इसके बाद उसने संपर्क किया तो साथ रखने से मुकर गया। थाने में शिकायत करने पर पुलिस ने आरोपी को चार दिन तक बैठाने के बाद छोड़ दिया। तब से वह केस दर्ज कर इंसाफ के लिए कप्तानगंज थाने का चक्कर काट रही थी।

### हापुड़ में 2 अंतरराज्यीय अफीम तस्कर गिरफ्तार

हापुड़। मेरठ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने आज हापुड़ में अंतरराज्यीय गिरोह के दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 51 लाख रुपए की की 5.10 किलोग्राम अफीम, तीन मोबाइल फोन और 2030 रुपए बरामद हुए हैं। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के प्रभारी सीओ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार रात उन्हें सूचना मिली थी। मुखबिर ने बताया था कि थाना गढ़मुक्तेश्वर के एनएच-09 पर मणिपुर का एक तस्कर दो अन्य तस्करों को अफीम तस्करी करने के लिए आने वाला है। सूचना पर उन्होंने गढ़मुक्तेश्वर थाना प्रभारी विनोद पांडेय से संपर्क किया। जिसके बाद दोनों टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया। बृहस्पतिवार को टीम ने ढाबे के पास से दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 5.10 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। छानबीन करने पर पता चला कि बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 51 लाख रुपए है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि मणिपुर के अफीम तस्कर से वह अक्सर हाईवे किनारे खुले ढाबों पर अफीम की खेप लेते हैं।

### शादी का झांसा देकर छात्रा का शारीरिक शोषण

कौशांबी। कौशांबी में शादी का झांसा देकर छात्रा के शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। घटना पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र की है। पश्चिम शरीरा के एक गांव की रहने वाली युवती बीए की छात्रा है। उसकी बड़ी बहन की शादी मंझनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव मे हुई है। शादी के बाद बहन के घर पीड़ित का आना-जाना होता था। इसी बीच युवती की बहन के जेठानी के लड़के मतेश चन्द्र सोनकर से मेल जोल बढ़ गया। साल 2022 मे शुरू हुआ बातचीत का सिलसिला नजदीकी में बादल गया। पीड़िता के मुताबिक 7 महीने पहले मतेश सोनकर ने उससे शादी की बात कहकर प्रयागराज लेकर गया। प्रयागराज के एक मोहल्ले मे मतेश ने उसे पत्नी की तरह रखा। इसके बाद वह अचानक वहा से भाग निकला। पीड़िता उसे खोजते हुए उसके घर पहुची। जहां पीड़िता को उसके प्रेमी ने घर मे घुसने नहीं दिया। मतेश सोनकर के पिता गुलाब चन्द्र ने उसके साथ मारपीट व जान से मार डालने की धमकी दी।

# इलाहाबाद, फूलपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा से अटकलों पर विराम

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इलाहाबाद और फूलपुर संसदीय सीट पर नीरज त्रिपाठी और प्रवीण पटेल के नाम की घोषणा कर टिकट के दावोदारों की अफवाहों पर पूर्ण विराम लगा दिया।

भाजपा ने बुधवार को अपनी जारी 10वीं सूची में उत्तर प्रदेश के छह लोकसभा सीटों में से इलाहाबाद और फूलपुर के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की।

भाजपा ने इलाहाबाद संसदीय सीट से पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे पार्टी के दिग्गज नेता रहे स्वर्गीय पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी के पुत्र नीरज त्रिपाठी जबकि फूलपुर सीट पर विधायक प्रवीण पटेल पर दांव खेला है। भाजपा ने दोनो सीटों पर जातीय समीकरण को ध्यान में रखते हुए इनको प्रत्याशी बनाया है। नीरज त्रिपाठी की अभीतक भाजपा ही नहीं दूसरे किसी भी दल में राजनीतिक सक्रीयता नहीं थी। वह भाजपा के किसी कार्यक्रम में शिरकत भी नहीं करते थे। वह इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपर महाधिवक्ता हैं। नीरज को उनके पिता पंड़ित केसरी नाथ त्रिपाठी के नाम पर टिकट दिया गया।

प्रवीण पटेल पटेल अपनी पिता महेन्द्र प्रताप पटेल की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। महेन्द्र प्रताप झूंसी विधानसभा क्षेत्र से 1984, 1989 एवं 1991 में विधायक चुने गये थे। वह जनता पार्टी और कांग्रेस से जुड़े रहे। प्रवीण का राजनीति सफर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से शुरू हुआ। वर्ष 2007 में वह फुलपुर विधानसभा




क्षेत्र से पहलीबार विधायक चुने गए जबकि दूसरी बार भी बसपा से 2012 में भी भाग्य आजमाया था लेकिन विजय हासिल नहीं हो सकी। वर्ष 2017 में हाथी का साथ छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए।

इससे पहले वर्ष 2019 इलाहाबाद और फूलपुर संसदीय सीट पर जातीय समीकरण का कार्ड खेलते हुए डा रीता बहुगुणा जोशी और श्रीमती केसरी देवी पटेल को उतारा था। दोनो ही सीटें भाजपा की झोली में रहीं हैं। इलाहाबाद में डा रीता बहुगुणा जोशी ने चार लाख 94हजार 454 मत प्राप्त किये थे जबकि इनके निकटतम प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी (सपा) के राजेंद्र सिंह पटेल को तीन लाख 10 हजार 179 मत मिले थे। इसी प्रकार पटेल बाहुल फूलपुर सीट पर केसरी देवी पटेल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के पंधारी यादव को एक लाख 71 हजार 968 मतो से पराजित किया था। श्रीमती केसरी देवी पटेल को पांच लाख 44 हजार 701 मत मिले जबकि पंधारी यादव को 3 लाख 72 हजार 733 मत ही मिले थे। तीसरे स्थान पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे पंकज पटेल को 32 हजार 761 मत लेकर संतोष करना पड़ा था। इलाहाबाद संसदीय सीट पर डा रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, पूव विधायक नीलम करवरिया, विधायक हर्षवर्धन, समेत अनेकों लोगों के नाम प्रत्याशी के दावेदारी में चल रहे थे। इसी प्रकार फूलपुर सीट के लिए श्रीमती केसरी देवी पटेल, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, भाजपा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता समेत तमाम लोगों के नाम की चर्चा थी। कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन होने से फूलपुर की सीट सपा के खाते में गयी है जबकि इलाहाबाद कांग्रेस के हिस्से में है। इलाहाबाद सीट के लिए सपा के दिग्गज नेता रेवती रमण सिंह के बेटे के उज्जवल रमण सिंह के नाम की चर्चा चल रही है। उन्होंने हाल ही में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया है। लेकिन कांग्रेस ने अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं किया है। सपा ने भी फूलपुर सीट पर अपने किसी प्रत्याशी के नाम नाम की घोषणा किया है।

# झांसी : युवक की पीट-पीटकर हत्या

**सो रही महिला का हाथ पकड़ा था; पहले भीड़ ने पीटा...ट्रैक्टर से बांधा; गार्डों ने भी मारा**

झांसी। झांसी की बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के कैंपस में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बुधवार रात युवक ने सो रही महिला का हाथ पकड़ लिया था। इससे गुस्साए लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। उसे रस्सी से ट्रैक्टर के पहिए में बांध दिया। बाद में यूनिवर्सिटी के गार्डों ने उसे बुरी तरह से पीटा।

गुरुवार सुबह 5: 50 बजे युवक ने दम तोड़ दिया। इसके बाद हड़कंप मच गया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि युवक चोरी की नीयत से आया था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

#### झोपड़ी के बाहर सोए थे पति-पत्नी

मध्य प्रदेश के पन्ना निवासी दो बहनें अपने पतियों के साथ बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में ग्राउंड की चहारदीवारी



बना रही हैं। वे ग्राउंड पर ही झोपड़ी बनाकर रहती हैं।

एक बहन ने बताया कि बुधवार रात मैं पति के साथ झोपड़ी के बाहर चबूतरे पर सो रही थी।

रात 2 बजे एक युवक आया। वह नशे की हालत में था। आते ही उसने मेरा हाथ पकड़ लिया और खींचने लगा। मैंने तुरंत पति को जगाया, तो वह भागने लगा।

पति ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया और ले आया। तब तक आस-पास के लोग जुट गए। उन्होंने उसके साथ मारपीट कर दी। इसके बाद उसे रस्सी से ट्रैक्टर के पहिए में बांध दिया।

#### गार्डों ने आकर मारपीट की, फिर युवक की मौत हो गई

महिला का कहना है कि आरोपी को पकड़ने के बाद हम लोग यूनिवर्सिटी के गार्डों के पास गए। उनको पूरे मामले की जानकारी दी। तब गार्ड आ गए और उन्होंने भी उसे पीट दिया। गार्डों ने कहा कि इसे सुबह पुलिस के पास ले जाना। गुरुवार सुबह 5 बजे एक गार्ड आया, उसने भी उसे मारा-पीटा।

#### हम लोगों ने आरोपी को कभी नहीं देखा

दोनों बहनों का कहना है, युवक कौन है? कहां का रहने वाला है? हम लोग कुछ नहीं जानते हैं। हमने तो पहली बार ही उसे देखा है। पुलिस ने गार्ड राम किशोर की तहरीर पर भगवान दास, नेता, हीरालाल और अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। इसके बाद 7 लोगों को हिरासत में लिया है।

#### केस दर्ज करके जांच शुरू की

यूनिवर्सिटी चौकी के प्रभारी संदीप तोमर का कहना है कि बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के ग्राउंड पर एक युवक की हत्या की गई। युवक चोरी की नीयत से आया था। तब लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इससे उसकी मौत हो गई। गार्ड की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# झांसी में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी ईद

झांसी। उत्तर प्रदेश की वीरांगना नगरी झांसी में गुरूवार को ईद का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान नमाजियों ने देश में अमन चैन तथा खुशहाली की दुआएं मांगी।

महानगर में कोतवाली थानाक्षेत्र अंतर्गत नयी बस्ती क्षेत्र में आने वाली ईदगाह पर पहली नमाज अदा की गयी। सुबह आठ बजे यहां लगभग 20 हजार लोगों ने नमाज अदा की। इस दौरान जिले के आला अधिकारी भी ईदगाह में मौजूद रहे और उन्होंने लोगों को ईद की बधाई दी।

इसके बाद महानगर की अन्य प्रमुख मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने ईद की नमाज अदाकर एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी।

शहर काजी साबिर अंसारी ने नमाज के बाद सभी को ईद की मुबारकबाद दी और कहा कि अल्लाह से दुआ है सभी लोगों के बीच भाईचारा और सौहार्द जैसा अभी तक बना आया है ऐसा ही आगे भी कायम रहे।

उन्होंने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में पूरी शिद्दत से किये गये रोज़ों के ईनाम के रूप में ईद का यह त्योहार आता है। इस दिन सभी नमाजी अपने देश में अमन और चैन की दुआ मांगते हैं।

विभिन्न मस्जिदों में ईद का नमाज अता करने पहुंचे बच्चों के बीच ईद को लेकर एक अलग भी खुशी नजर आयी। नये नये परिधानों में सजे धजे बच्चे भी अपने बड़ों के साथ नमाज अता करते दिखे तो नमाज के बाद बड़ों की तरह ही एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद भी दी।

ईद को लेकर प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी से तैनात रहा। महानगर की सभी मस्जिदों के बाहर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी।

# फर्जी एसडीएम गिरफ्तार

सहारनपुर। सहारनपुर पुलिस ने एक फर्जी एसडीएम को अरेस्ट किया है। उसके पास से एक बोलेरो कार मिली है, जिस पर एसडीएम लिखा हुआ है। उस गाड़ी को लेकर आरोपी गांव-गांव में घूमता था। लोगों पर रौब गांठता था। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। मामला थाना बेहट के गंदेवड़ तिराहे का है।

#### पुलिस ने कागजात मांगे तो नहीं दिखा पाया

कोतवाली बेहट इंस्पेक्टर योगेश शर्मा लोकसभा चुनाव को लेकर गंदेवड़ तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बोलेरो गाड़ी संख्या यूपी-11 बीसी 6743 गुजर रही थी। पुलिस ने उसे रोक लिया। बोलेरो कार के आगे व पीछे शीशे पर एसडीएम और साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार लिखा हुआ है। गाड़ी चलाने वाले से पुलिस ने कागजात मांगे, लेकिन वह दिखा नहीं पाया।

पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपना नाम सोमपाल बताया। पुलिस ने आरोपी पर 420 का मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी गाड़ी करीब छह माह पहले तक सदर एसडीएम के यहां लगी हुई थी। लेकिन एसडीएम का ट्रांसफर हो गया।

उसकी समय एसडीएम लगाया था। लेकिन उनके जाने के बाद एसडीएम लगी गाड़ी को ही वह सड़कों पर दौड़ाने लगा। गांव-गांव में जाकर रौब भी गांठता था। फिलहाल पुलिस ने उसे अरेस्ट कर जेल भेज दिया है।

### कार खाई में गिरी, दो की मौत

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के निगोही क्षेत्र में एक कार के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिरने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बृहस्पतिवार को बताया कि पुवायां कस्बा निवासी लखन गुप्ता (20), आदि शर्मा (22) और दो अन्य युवक बरेली के अस्पताल में भर्ती किसी मरीज को देखकर वापस घर लौट रहे थे कि बीती देर रात उनकी कार सिधौली के निगोही पुवायां मार्ग पर सिंगपुर गुरुद्वारे के पास किसी अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। हादसे मे लखन गुप्ता और आदि शर्मा की मौत हो गई है जबकि उनके साथी वंश गुप्ता तथा आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

# गोरखपुर में ढाई साल की मासूम से गैंगरेप

**मां को पानी लेने भेजकर साथ रहने वाले मजदूरों ने दरिंदगी की, एक ही घर में किराए पर रहते थे**

**गोरखपुर।** गोरखपुर में ढाई साल की मासूम से गैंगरेप का मामला सामने आया है। मंगलवार रात मां घर में अपनी ढाई साल की बच्ची के साथ बैठी थी। इसी दौरान साथ में रहने वाले दो मजदूर आए और मोटर चलाकर पानी लाने को कहा। दोनों ने बच्ची को संभालने की बात कहते हुए उसे गोद में ले लिया।

मां के जाते ही दोनों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के शोर मचाने पर मां दौड़ी आई। उसने शोर मचाया तो साथ में रहने वाली अन्य महिलाएं भी आ गईं। घटना सहजनवा इलाके के एक गांव की है। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।

पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मां की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का केस दर्ज किया है। स्क्नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है। बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

#### एक ही मकान में किराए पर रहते हैं मजदूर

दरअसल, सहजनवा इलाके के एक फैक्ट्री में काम करने वाले बिहार के कई मजदूर किराए के एक ही मकान में परिवार के साथ रहते हैं। मंगलवार रात महिला अपनी ढाई साल की बच्ची के साथ बैठी थी। इसी दौरान साथ में रहने वाले दो मजदूर आए और मोटर चलाकर पानी लाने को कहा। दोनों ने बच्ची को संभालने की बात कहते हुए उसे गोद में ले लिया।

#### मां के जाते ही बच्ची से करने लगे गंदी हरकत

मां के जाते ही दोनों ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के शोर मचाने पर मां दौड़ी आई। उसने शोर मचाया तो साथ में रहने वाली अन्य महिलाएं भी आ गईं। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। फिलहाल पुलिस इस मामले में केस दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में ली है।

# देवरिया में दो युवतियों पर एसिड अटैक

**बाइक सवार युवकों ने किया हमला, एक का चेहरा और दूसरी का कंधा झुलसा**

**देवरिया।** देवरिया में गुरुवार को साइकिल से जा रही दो युवतियों पर अज्ञात बाइक सवारों ने एसिड अटैक कर दिया। एसिड अटैक में एक युवती का चेहरा और दूसरी लड़की की बांह झुलस गई। दोनों युवती का प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

घटना की जानकारी होते ही एसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों युवतियों से पूछताछ की और पुलिस को सख्त निर्देश दिए। वहीं दोनों युवतियों की स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

#### क्या है पूरा मामला...

जिले के गौरी बाजार थाना क्षेत्र के देवगांव की रहने वाली दो युवतियां पूजा और निशा गौरी बाजार कस्बे के एक निजी अस्पताल में काम करती हैं। बृहस्पतिवार की सुबह 11 बजे जब वह रोज की तरह साइकिल से अस्पताल जा रही थीं। दोनों अभी गौरी बाजार-हाटा मार्ग पर देवगांव मोड़ के नजदीक पहुंची ही थी कि बाइक सवार दो युवकों ने उनके ऊपर एसिड से हमला कर दिया।

इस हमले में एक युवती का चेहरा झुलस गया और दूसरी युवती की बांह झुलस गई। स्थानीय लोगों ने दोनों को



अस्पताल पहुंचाया और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसपी संकल्प शर्मा ने घटना स्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और अस्पताल पहुंचकर युवतियों से पूछताछ की।

#### दोनों युवती मेडिकल कॉलेज रेफर

हालत में सुधार नहीं होने पर दोनों युवतियों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दोनों युवतियों ने बताया कि एक महीना पहले उनका पर्स छीन लिया गया था। इस मामले में उन्होंने थाना पर प्रार्थना पत्र दिया था। इस मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। आज इस तरह की घटना हुई है। मैं उन युवकों नहीं जानती हूं। बाइक सवार युवक हेलमेट लगाए थे। इसलिए उनका चेहरा पहचान नहीं पाई हूं।

#### आसपास के सीसीटीवी चेक कर रही पुलिस

एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि जिले के गौरी बाजार क्षेत्र का मामला है, जिसमें दो युवतियों पर जिनकी उम्र 25 वर्ष है। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ज्वलनशील पदार्थ फेंके जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने सूचना मिलते ही घायल युवतियों को हॉस्पिटल पहुंचाया है।

जैसा कि डॉक्टर ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है, कोई रिस्क की बात नहीं है। जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है। उनके बारे में डेफिनेटली लीड्स हैं। तीन टीमें गठित की हैं। जल्दी ही बदमाशों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। आसपास के सीसीटीवी चेक किए जा रहे हैं।

### कानपुर में गांव की झोपड़ियों में लगी आग

कानपुर। कानपुर के महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत झोपड़ी में आग लग गई। आग लगने से आधा दर्जन झोपड़ियां जल गई। गृहस्थी का सामान जलकर पूरी तरह से खाक हो गया। दमकल की गाड़ी पहुंचने से पहले ही गृहस्थी पूरी तरह से स्वाहा हो गई। किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है। महाराजपुर थाना क्षेत्र के डोमनपुर गांव में गुरुवार दोपहर आग लग गई । गांव के अंदर बनी झोपड़िया में चिंगारी से अचानक आग अलग-अलग झोपड़िया में पहुंच गई। आग लगने के बाद गांव वालों ने आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन हवा के चलते 6 झोपड़ियां को आग में चपेट में ले लिया। फायरब्रिगेड के आने तक छह झोपड़ियां पूरी तरह से जलकर राख हो गई। झोपड़ियों में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंची और आग पर कुछ ही देर में काबू पा लिया गया। जांच में अब तक सामने आया है कि चूल्हे से चिंगारी के कारण आग लगी थी। किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला अरेस्ट

**झांसा देकर रेप भी किया, पुलिस ने फाइल बंद कर दी**

**कानपुर।** कानपुर की हरबंशमोहाल पुलिस ने 25 हजार के इनामी शातिर ठग संजय दुबे उर्फ उदित रंजन उर्फ आनंद कृष्ण को अरेस्ट कर लिया है। शातिर 5 साल से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। ठगी के मामलें में पुलिस ने जांच करके केस बंद कर दिया। लेकिन ठगी की शिकार महिला ने शातिर को महिला के एक होटल से उसकी जानकारी पुलिस को सौंपी और दोबारा जांच का आदेश कराया। इसके बाद पुलिस ने जांच में चार्जशीट दाखिल की और अब उसे 5 साल बाद अरेस्ट करके जेल भेज दिया।

#### पुलिस ने जांच करके बंद कर दी थी 25 हजार के इनामी की फाइल

कलक्टरगंज एसीपी मोहसिन खान ने बताया कि नारियल बाजार निवासी शोभा वर्मा ने हरबंशमोहाल थाने में अक्तूबर 2019 में ठगी की एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के पास उनकी मुलाकात खुद को कृषि विभाग में अधिकारी बताने वाले उदित रंजन अवस्थी नाम के



व्यक्ति से मुलाकात हुई थी। उदित ने कृषि विभाग में क्लर्क की नौकरी का झांसा देकर 1 लाख 88 हजार रुपए लिया और ज्वाइनिंग लेटर तक दिया था। लेकिन बाद में पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है। उसे फर्जी नियुक्ति पत्र पकड़ाकर उदित फरार हो गया है। शोभा ने हरबंशमोहाल थाने में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हरबंशमोहाल पुलिस ने जांच की लेकिन उदित का फोन नंबर दूसरे के नाम पते पर निकला। काफी तलाश की लेकिन पुलिस को कोई साक्ष्य नहीं मिला तो पुलिस ने मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाकर केस बंद कर दिया था। लेकिन शोभा वर्मा हार नहीं मानीं और आरोपी से संबंधित अन्य जानकारी जुटाकर 2023 में हरबंशमोहाल पुलिस को सौंपी।

नई दिल्ली
शुक्रवार 12 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### सरकार ने पान मसाला, गुटखा कंपनियों के लिए रिटर्न फाइलिंग की समय सीमा बढ़ाई

सरकार ने पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के पंजीकरण और मासिक रिटर्न दाखिल करने के लिए विशेष प्रक्रिया के कार्यान्वयन की समय सीमा 15 मई तक बढ़ा दी है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इससे पहले नई पंजीकरण और मासिक रिटर्न दाखिल प्रक्रिया एक अप्रैल 2024 से क्रियान्वित करने की जनवरी में घोषणा की थी। ऐसे व्यवसायों के पंजीकरण, रिकॉर्ड रखना और मासिक जानकारी में आमूलचूल बदलाव के कदम का मकसद पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के जीएसटी अनुपालन में सुधार करना था। वित्त विधेयक 2024 के जरिए जीएसटी कानून में भी संशोधन किया गया। इसमें कहा गया कि पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं को एक लाख रुपये तक का जुर्माना देना होगा, यदि वे एक अप्रैल से अपनी पैकिंग मशीनरी को जीएसटी अधिकारियों के साथ पंजीकृत करने में विफल रहते हैं। सीबीआईसी ने एक अधिसूचना के जरिए इस विशेष प्रक्रिया के कार्यान्वयन की तारीख 45 दिन बढ़ाकर 15 मई तक कर दी है। इस बीच, मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि न तो जीएसटी प्रणाली ने नई प्रक्रिया पर कोई परामर्श जारी किया है और न ही नई फाइलिंग संबंधी जानकारी दी गई। परिणामस्वरूप सरकार ने नई प्रक्रिया के कार्यान्वयन को 45 दिन यानी 15 मई तक स्थगित करने का निर्णय लिया है।

### एनसीएलटी ने पार्श्वनाथ लैंडमार्क डेवलपर्स के खिलाफ दिवालिया याचिका खारिज की

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण ने पार्श्वनाथ लैंडमार्क डेवलपर्स की अनुषंगी कंपनी के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू करने के लिए पार्श्वनाथ लैंडमार्क डेवलपर्स के चार इकाई खरीदारों द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की प्रधान पीठ के आदेशों को बरकरार रखा, जिसने 17 अक्टूबर 2023 को तकनीकी आधार पर उनकी याचिका खारिज कर दी थी क्योंकि याचिकाकर्ताओं की संख्या केवल चार थी, जबकि पार्श्वनाथ लैंडमार्क द्वारा आवंटितों की कुल संख्या 488 है। मामला रियल एस्टेट कंपनी के दिल्ली स्थित प्रोजेक्ट ला ट्रॉपिकाना खैबर पास से जुड़ा है। इसके अलावा, अपीलीय न्यायाधिकरण ने फ्लैट खरीदारों की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि वे एक अलग वर्ग के हैं और दिल्ली रेरा के एक आदेश में डेवलपर को 22 अक्टूबर 2022 को ब्याज के साथ राशि वापस करने का निर्देश दिया गया था। डेवलपर पर आदेश के 45 दिन के भीतर राशि वापस करने का दायित्व था, लेकिन किसी राशि का भुगतान नहीं किया गया। इस प्रकार उसने प्रत्येक याचिकाकर्ता को 10 प्रतिशत ब्याज के साथ 24.14 करोड़ रुपये वापस नहीं करके चूक की थी। उनके अनुसार वे रियल एस्टेट आवंटियों की श्रेणी में वित्तीय ऋणदाता नहीं हैं, लेकिन डिक्री धारकों की श्रेणी में वित्तीय ऋणदाता हैं। हालांकि, एनसीएलएटी ने उच्चतम न्यायालय के उस फैसले का हवाला देते हुए दलीलों को खारिज कर दिया, जिसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि ''वित्तीय ऋणदाता'' के रूप में आवंटियों की स्थिति नहीं बदलती है।

### भारत का चीन को निर्यात 2023 में बढ़ा, लौह अयस्क और सूती धागे में भारी उछाल

चीन को निर्यात की जाने वाली कुल 161 वस्तुओं में से लगभग 90 प्रमुख वस्तुओं का निर्यात पिछले साल बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इनमें लौह अयस्क, दूरसंचार उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे आदि शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, भारत से चीन को निर्यात होने वाली कुल वस्तुओं में से इन 90 वस्तुओं की हिस्सेदारी 67.7 प्रतिशत है, जबकि शेष 32.3 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली शेष 71 वस्तुओं का निर्यात घटा है। भारत का चीन को निर्यात चार स्तरों में पिछले साल 10 करोड़ डॉलर से अधिक बढ़ा है। वे हैं लौह अयस्क (2023 में 216.8 प्रतिशत बढ़कर 3.33 अरब डॉलर), सूती धागा (2023 में 542.6 प्रतिशत बढ़कर 61.11 करोड़ डॉलर), मसाले (2023 में 19.4 प्रतिशत बढ़कर 13.22 करोड़ डॉलर), और प्रसंस्कृत खनिज (2023 में 174.19 प्रतिशत बढ़कर 12.9 करोड़ डालर तक)। चीन के लिए 15 अन्य उत्पादों का निर्यात 10 से 100 अरब डॉलर तक बढ़ा है। इन वस्तुओं में समुद्री उत्पाद, लौह एवं इस्पात, दूरसंचार उपकरण, वनस्पति तेल, कृषि रसायन, कागज, पेपर बोर्ड, दवा फॉर्मूलेशन, जैविक, एसी, फ्रिज मशीनरी, पेंट, थोक खनिज और अयस्क और प्रसंस्कृत सब्जियां शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, भारत का चीन को दूरसंचार उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का निर्यात 2023 में क्रमशः 46.45 प्रतिशत और 6.75 प्रतिशत बढ़कर 24.75 करोड़ डॉलर और 15.65 करोड़ डॉलर हो गया।

### भारत का आर्थिक प्रदर्शन अच्छा, इसे कायम रखने के लिए प्रयास जरूरी

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि का प्रदर्शन ''अच्छा'' है और इसे बरकरार रखने के लिए अब कुछ प्रयासों की जरूरत होगी, क्योंकि बाहरी माहौल को लेकर चिंताएं हैं जो पूरी तरह दूर नहीं हुई हैं। सान्याल ने कहा कि यदि मौसम की स्थिति और मानसून अनुकूल रहा तो उम्मीद है कि खाद्य कीमतों में भी नरमी आएगी। यह ऐसी स्थितियां तैयार करेगा जो सात प्रतिशत या उससे अधिक की वृद्धि गति के लिए काफी अनुकूल होंगी, जिससे कुछ हद तक अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों से भी आगे बढ़ा जा सकेगा। सान्याल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए वीडियो साक्षात्कार में कहा, '' हमारा वर्तमान आर्थिक वृद्धि प्रदर्शन काफी अच्छा है। अब यहां से काम इसे बनाए रखने का होगा।'' वर्ष 2023 के अंतिम तीन महीनों में भारत की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर 8.4 प्रतिशत बढ़ी जो डेढ़ साल में सबसे तेज गति है। अक्टूबर-दिसंबर में वृद्धि दर पिछले तीन वर्षों में 7.6 प्रतिशत से अधिक रही और इससे पिछले वित्त वर्ष (अप्रैल 2023 से मार्च 2024) के अनुमान को 7.6 प्रतिशत तक ले जाने में मदद मिली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा, '' ज्हालांकि हम अपनी अर्थव्यवस्था में घरेलू वृद्धि की गति को लेकर बहुत आश्वस्त हैं, लेकिन निश्चित रूप से बाहरी माहौल को लेकर चिंताएं हैं जो पूरी तरह से दूर नहीं हुई हैं।'' सान्याल ने बताया कि निर्यात काफी कमजोर बना हुआ है और वैश्विक निर्यात में अभी कोई गति नहीं दिख रही है।

# ब्याज दर कटौती की जल्दबाजी से बचने, राजकोष मजबूत करने की जरूरत : जॉर्जिएवा

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (अमुको) की प्रबंध निदेशक क्रिस्तालिना जॉर्जिएवा ने गुरुवार को सदस्य देशों की सरकारों से आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं में सुधार के लिए कर्ज-भार में कमी लाने, राजकोषीय मजबूती के लिए काम करने , नीतिग दरों में कटौती की जल्बाजी नहीं करने तथा उद्योग तथा व्यापार नीति में संरक्षणवाद से बचने पर बल दिया है।

उन्होंने यहां वैश्विक अर्थव्यवस्था की संभावनओं और नीतिगत प्राथमिकताओं पर एक व्याखान में कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था की मध्यकालिक वृद्धि दर अभी केवल तीन प्रतिशत से कुछ ही ऊपर है जो अपने ऐतिहासिक औसत से काफी नीचे है। अमुको प्रमुख ने यह भी कहा कि मुद्रास्फीति 2023 में नरम हो गयी है और 2024 में इसके और नीचे आने की संभावनाए हैं, लेकिन अभी केंद्रीय बैंकों से भी कर्ज सस्ता करने की नीति को ओर लौटने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी जल्दबाजी का असर उल्टा हो सकता है और मुद्रास्फीति फिर चढ़ने का खतरा बन सकता है।

उन्होंने कहा देशों की राजकोषीय, मौद्रिक , औद्योगिक और व्यापार नीतियों में आवश्क सुधारों के बिना, हम वास्तव में एक ढुलमुल चाल वाले 2020 के दशक की ओर बढ़ रहे हैं - जो एक एक सुस्त और निराशाजनक दशक बन सकता है।

उन्होंने कहा, केंद्रीय बैंकों का काम है कि वे ब्याज दरों को कब और कितनी कमी करनी है इस महत्वपूर्ण नीति विकल्प का निर्णय सावधानीपूर्वक तय करें।

अमुको प्रबंध निदेशक ने कहा कि 2023 की अंतिम तिमाही में, विकसित अर्थव्यवस्थाओं में खुदरा मुद्रास्फीति 2.3 प्रतिशत थी, जो कि केवल 18 महीने पहले 9.5 प्रतिशत के दायरे में पहुंच गयी थी। इसी तरह उभरते और विकासशील अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति का स्तर घटकर इस दौरान 4.1 प्रतिशत के दायरे में आ गया। उन्होंने इस कमी का श्रेय केंद्रीय बैंकों की अच्छी मौद्रिक नीति को दिया।




उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि यह प्रवृत्ति 2024 में भी जारी रहेगी, जिससे प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्था वाले केंद्रीय बैंकों के लिए वर्ष की दूसरी छमाही में दरों में कटौती शुरू करने की स्थिति बनेगी। जार्जिएवा ने कहा बार-बार लगने वाले झटकों और बढ़ती अनिश्चितता की दुनिया में हमें पहले से कहीं ज्यादा अच्छी नीतियों की जरूरत है। सही नीति विकल्प विश्व अर्थव्यवस्था के भविष्य को परिभाषित करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका और भारत तथा इंडोनेशिया जैसी कई उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में मजबूत आर्थिक गतिविधि के कारण वैश्विक वृद्धि की स्थिति थोड़ा मजबूत है।

अमुको प्रमुख ने कहा, मजबूत निरंतर घरेलू उपभोग और व्यावसायिक निवेश और आपूर्ति श्रृंखला की समस्याओं को कम करने से आर्थिक वृद्धि को बल मिला है। महंगाई भी कम हो रही है। विश्व अर्थव्यवस्था का लचीलापन, मुख्य रूप से पिछले वर्षों में निर्मित मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों के कारण, मजबूत श्रम बाजारों और बढ़ती श्रम शक्ति से मदद मिलती है।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने स्थितियां खराब होने की भविष्यवाणी की थी, पर हम वैश्विक मंदी और मुद्रास्फीतिजनित मंदी के दौर से बच गए हैं, लेकिन अभी भी चिंता की बहुत सी बातें हैं।

जार्जिएवा कहा कि वैश्विक वातावरण अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। भू-राजनीतिक तनाव से विश्व अर्थव्यवस्था के विखंडन का खतरा बढ़ जाता है। हम एक ऐसी दुनिया में हैं जिसमें हमें हमेशा अप्रत्याशित स्थितियों का सामना करने को तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के निशान अभी भी हमारे साथ हैं। वर्ष 2020 के बाद से वैश्विक उत्पादन हानि अनुमानित लगभग 3.3 लाख करोड़ डालर है, जिसकी मार कमजोर देशों पर ज्यादा पड़ रही है।

जॉजिएवा ने कहा कि राजकोषीय बफर मजबूत करने की जरूरत है और यह भी जरूरी है कि कर्ज का भार कम किया जाए। कोविड के कारण कर्ज का बोझ बढ़ा। आज ब्यज दरें ऊंची हैं, कर्ज की लागत ऊंची है। अमेरिका को इस समय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पांच प्रतिशत कर्ज की किश्तों पर खर्चकरना पड़ रहा है। कमजोर देशों में यह अनुपात 14 प्रतिशत तक है। जरूरत इसे एक सही स्तर पर लाने तथा राजकोषीय स्थिति की मजबूती बहाल करने की है।

उन्होंने कहा कि आगे सरकारी कर्ज पर वैश्विक गोलमेज सम्मेलन में इस पर चर्चा होने वाली है। उन्होंने कहा कि राजकोषीय स्थिति मजबूत होने पर ही सरकारें कमजोर वर्गों की मदद करने, वृद्धि की जरूरतों को समर्थन देने की स्थिति में हो कसती हैं।

उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधा, लाल फीताशाही को दूर करने, श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने जैसे विभिन्न सुधारों के जरिए चार वर्ष में वैश्विक जीडीपी कुल मिला कर आठ प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। हम इस दिशा में जितनी प्रगति करेंगे इस दशक की विरासत उसी से तय होगी।

# एडीबी ने बढ़ाया भारत का विकास अनुमान

नयी दिल्ली। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत सार्वजनिक और निजी निवेश तथा मजबूत सेवा क्षेत्र का हवाला देते हुए 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अनुमान को 6.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है।

यह पूर्वानुमान आज जारी एडीबी के प्रमुख आर्थिक प्रकाशन, एशियन डेवलपमेंट आउटलुक (एडीओ) अप्रैल 24 के नवीनतम संस्करण में व्यक्त किया गया है। वित्त वर्ष 2024 में विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास पर उच्च पूंजीगत व्यय, निजी कॉर्पोरेट निवेश में वृद्धि, मजबूत सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन और उपभोक्ता विश्वास में सुधार को कारक बताया गया है।

इसमें कहा गया है कि वस्तु निर्यात में सुधार और विनिर्माण उत्पादकता और कृषि उत्पादन में वृद्धि से वित्त वर्ष 2025 में विकास को गति मिलेगी।

भारत में एडीबी के निदेशक मियो ओका ने कहा,वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, भारत अपनी मजबूत घरेलू मांग और सहायक नीतियों के बल पर सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। राजकोषीय समेकन करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने और एक सक्षम कारोबारी माहौल प्रदान करने के भारत सरकार के प्रयासों से निर्यात बढ़ाने और भविष्य के विकास को बढ़ावा देने के लिए विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।




पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ-साथ राज्य सरकारों को धनराशि हस्तांतरण से बुनियादी ढांचे के निवेश को बढ़ावा मिलेगा। मध्यम आय वाले परिवारों के लिए शहरी आवास का समर्थन करने के लिए एक नई सरकारी पहल से आवास विकास में और तेजी आने की उम्मीद है। स्थिर ब्याज दरों से निजी कॉर्पोरेट निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

वित्त वर्ष 2024 में मुद्रास्फीति के 4.6 प्रतिशत तक कम होने और वित्त वर्ष 2025 में 4.5 प्रतिशत तक रहने के साथ, मौद्रिक नीति कम प्रतिबंधात्मक हो सकती है, जिससे बैंक ऋण के तेजी से उठाव की सुविधा मिलेगी। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं की मांग बढ़ेगी जबकि विनिर्माण को कम इनपुट लागत दबाव से लाभ होगा जो उद्योग की भावना को बढ़ावा देगा। सामान्य मानसून की उम्मीद से कृषि क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा मिल सकती है।

वित्त वर्ष 2024 के लिए राजकोषीय घाटे के सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 के लिए 4.5 प्रतिशत के लक्ष्य के साथ राजकोषीय समेकन पर सरकार का ध्यान, सरकार को वित्त वर्ष 2024 में सकल उधार को सकल घरेलू उत्पाद के 0.9 प्रतिशत तक कम करने और निजी क्षेत्र के ऋण के लिए और जगह बनाने में सक्षम करेगा। घरेलू मांग को पूरा करने के लिए आयात बढ़ने से भारत का चालू खाता घाटा मामूली रूप से बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद का 1.7 प्रतिशत हो सकता है । कड़ी वैश्विक वित्तीय स्थितियों के कारण निकट अवधि में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रभावित होगा, लेकिन उद्योग और बुनियादी ढांचे के निवेश के साथ वित्त वर्ष 2025 में इसमें तेजी आएगी। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में कम वृद्धि से वस्तु निर्यात भी प्रभावित होगा, लेकिन वैश्विक विकास में सुधार के साथ वित्त वर्ष 2025 में इसमें तेजी आएगी।

कच्चे तेल के बाजारों में आपूर्ति में व्यवधान और कृषि उत्पादन को प्रभावित करने वाले मौसम के झटके जैसे अप्रत्याशित वैश्विक झटके भारत के आर्थिक दृष्टिकोण के लिए प्रमुख जोखिम हैं।

## खाद्य तेलों में टिकाव; अरहर दाल महंगी

नयी दिल्ली । विदेशी बाजारों में गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर ईद के अवकाश के कारण मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में कारोबार स्थगित रहा। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.49 सेंट गिरकर 47.11 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 400 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर शेष दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे

दाल-दलहन : चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 11700-11800 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल : 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 12234 रुपये, मूंगफली तेल 20073 रुपये, सूरजमुखी तेल 12234 रुपये, सोया रिफाइंड 10622 रुपये, पाम ऑयल 8400 रुपये और वनस्पति तेल 10133 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## अरबों रुपये की धोखाधड़ी मामले में संपत्ति कारोबारी को मौत की सजा

नई दिल्ली। वियतनाम की संपत्ति कारोबारी ट्रूओंग माय लैन को अरबों डॉलर की धोखाधड़ी के मामले में गुरुवार को मौत की सजा सुनाई गई। प्रमुख डेवलपर फर्म वान थिन्ह फाट की अध्यक्ष ट्रूंग माई लैन पर एक दशक से अधिक समय तक साइगॉन कमर्शियल बैंक से नकदी ठगने का आरोप लगाया गया था। ट्रूओंग माय लैन और दर्जनों अन्य सह-आरोपियों पर 12.5 बिलियन डॉलर के गबन से जुड़े देश के सबसे बड़े धोखाधड़ी मामलों में से एक में फैसले सुनाया गया। लैन और 85 अन्य को पांच सप्ताह तक चली सुनवाई के बाद हो ची मिन्ह सिटी में फैसला और सजा सुनाई गई। सह-आरोपियों की सूची में पूर्व केंद्रीय बैंकर, पूर्व सरकारी अधिकारी और पूर्व एससीबी अधिकारी शामिल हैं। इन पर रिश्वतखोरी, सत्ता का दुरुपयोग, विनियोग और बैंकिंग कानून का उल्लंघन करने का आरोप है। हालांकि, लैन ने आरोपों से इनकार किया था और अधीनस्थों पर उंगली उठाई थी। अभियोजकों ने लैन के लिए मौत की सजा की मांग की, जो ऐसे मामलों में एक दुर्लभ कदम है। वह वियतनाम में सरकारी हस्तियों और व्यापारिक नेताओं को निशाना बनाने वाले राष्ट्रव्यापी भ्रष्टाचार विरोधी अभियान में गिरफ्तार किए गए 85 लोगों में शामिल थीं। लैन ने पिछले हफ्ते अदालत में अपने अंतिम बयान में, आत्मघाती विचारों के संकेत दिए थे। सरकारी मीडिया के अनुसार, उसने कहा, मेरी हताशा के कारण, मैंने मौत के बारे में सोचा। उन्होंने कहा, मैं इतनी गुस्से में हूं कि मैं इतनी बेवकूफ थी कि इस बहुत ही भयंकर कारोबारी माहौल- बैंकिंग क्षेत्र में शामिल हो गई।

## फोनपे की नेपाल में यूपीआई के लिए ईसेवा

नयी दिल्ली। फोनपे ने नेपाल के फोनेप नेटवर्क पर यूपीआई को लोकप्रिय बनाने के लिए ईसेवा और होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल पोखरा के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह फेवा नव वर्ष महोत्सव का हिस्सा है। यह महोत्सव 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है ।नव वर्ष का यह उत्सव न केवल पूरे नेपाल के नागरिकों के बीच लोकप्रिय है, बल्कि उन भारतीय पर्यटकों के बीच भी काफी लोकप्रिय है जो नेपाल की यात्रा करते हैं और उत्सवों का आनंद लेते हैं। पारंपरिक नेपाली व्यंजन और अंतरराष्ट्रीय व्यंजन परोसने वाले फूड स्टॉलों, स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय कलाकारों के लाइव संगीत प्रदर्शन, यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम नेपाली संस्कृति और स्थानीय पाक कला के बेहतरीन अनुभव का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

## फ्लाई91 ने की गोवा से अगत्ती, जलगांव, हैदराबाद के बीच उड़ानें शुरू करने की घोषणा

पणजी। क्षेत्रीय एयरलाइन फ्लाई91 ने ग्रीष्मकालीन मांग में तेजी होने से पहले गुरुवार को घोषणा की कि वह 18 अप्रैल को गोवा से अगत्ती तथा जलगांव के लिए नयी उड़ाने शुरू करेगी। इसका परिचालन केंद्र गोवा है।

फ्लाई91 की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह एयरलाइन 18 अप्रैल से गोवा-अगत्ती-गोवा, गोवा-जलगांव-गोवा और हैदराबाद-जलगांव-हैदराबाद के बीच इन नयी उड़ानों परिचालन शुरू करेगी।

उसका कहना है कि अच्छी संभावना वाले इन गंतव्यों का गोवा से सीधा विमान सम्पर्क स्थापित हो जाने से यात्रियों को अच्छी सुविधा होगी।

गोवा-अगत्ती (लक्षद्वीप द्वीप समूह) मार्ग पर किराया 4391 रुपये से शुरू होगा। इस मार्ग पर उसकी उड़ान मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को उपब्ध होंगी।




गोवा-जलगांव-गोवा और हैदराबाद-जलगांव-हैदराबाद मार्ग की उड़ानें सोमवार, गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध होंगी। इन मार्गों पर हवाई किराया 1991 रुपये से शुरू होगा।

फ्लाई91 के प्रबंधनिदेशक एवं मुख्य अधिशासीमनोज चाको ने कहा, हम भारत के आकर्षक केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप को फ्लाई91 के नवीनतम घरेलू गंतव्य के रूप में पेश करते हुए प्रसन्न हैं। इन नई उड़ानों का शुभारंभ हवाई यात्रा पहुंच का विस्तार करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हम एक अग्रणी क्षेत्रीय वाहक के रूप में किफायदी दर पर अच्छी सेवा प्रदान करने के लिए समर्पित हैं।

# निवेश चक्र की निरंतरता बनाए रखने के लिए सरकार का जोर बुनियादी ढांचे के विकास पर

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति रिपोर्ट- अप्रैल 2024 के अनुसार बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास पर सरकार के ध्यान और कारोबार में उत्साह के कारण देश में होने वाले निवेश में सतत सुधार जारी रह सकता है। रिपोर्ट के अनुसार घरेलू आर्थिक गतिविधि, मजबूत बुनियादी बातों के समर्थन से 2023-24 की पहली छमाही में मजबूत रही, हालांकि इस दौरान इसे मौन वैश्विक मांग से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि जहां स्थिर निवेश और शुद्ध बाह्य मांग में कमी से वास्तविक जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा मिला, वहीं निजी खपत को स्थिर शहरी मांग से समर्थन मिला। आपूर्ति पक्ष पर रिपोर्ट में कहा गया कि विनिर्माण गतिविधि मजबूत हुआ इसे इनपुट लागत और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुधार से लाभ मिला।

आवास की मांग में तेजी और बुनियादी ढांचे पर सरकार के जोर के कारण निर्माण गतिविधि भी दृढ़ बनी रही। रिपोर्ट के अनुसार आने वाले समय में निजी उपभोग को ग्रामीण मांग में सुधार की संभावनाओं और बढ़ते उपभोक्ता विश्वास से समर्थन मिलेगा। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार द्वारा बुनियादी ढांचा निर्माण पर लगातार जोर देने के साथ निजी कंपनियों के निवेश में तेजी आने और बाजार में सकारात्मक रुझान बढ़ने से निवेश में और सुधार हो सकता है। यह अर्थव्यवस्था में उत्पादकता और विकास को बढ़ावा देने के लिहाज से अच्छा संकेत है।

आरबीआई की रिपोर्ट के अनुसार अर्थव्यवस्था की मध्यम और दीर्घकालिक विकास क्षमता बढ़ रही है, जो भौतिक बुनियादी ढांचे में सुधार जैसे संरचनात्मक कारकों से प्रेरित है। इसमें विश्व स्तरीय डिजिटल और भुगतान प्रौद्योगिकी का विकास; व्यापार करने में आसानी श्रम शक्ति की भागीदारी में वृद्धि; और राजकोषीय खर्च की गुणवत्ता में सुधा आदि शामिल हैं।

# 2024 में वैश्विक स्तर पर वस्तुओं के व्यापार की मात्रा में आ सकती है 1.2 प्रतिशत की कमी

एजेंसी

नई दिल्ली। आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने गुरुवार को दावा किया है कि मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण मात्रा के संदर्भ में वैश्विक स्तर पर वस्तुओं के व्यापार में 1.2 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

विश्व वस्तु व्यापार का अमेरिकी डॉलर मूल्य 2023 में 5 प्रतिशत गिरकर 24.01 ट्रिलियन डॉलर हो गया, लेकिन इस गिरावट को ज्यादातर वाणिज्यिक सेवाओं के व्यापार में मजबूत वृद्धि से सहारा मिला, जो 9 प्रतिशत बढ़कर 7.54 ट्रिलियन डॉलर हो गया।

इससे भुगतान संतुलन के आधार पर वैश्विक सतर पर वस्तुओं और वाणिज्यिक सेवाओं का निर्यात 2023 में 2 प्रतिशत फिसलकर 30.8 ट्रिलियन डॉलर हो गया।

जीटीआरआई ने कहा, विश्व व्यापार संगठनकी ओर से वैश्विक व्यापार की मात्रा में 2024 में 2.6 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद जताने के बावजूद विश्व वस्तु व्यापार का मूल्य अभी भी 2023 की तुलना में 2024 में अब तक 1.2 प्रतिशत तक फिसल गया है।

विश्व व्यापार संगठन ने अनुमान लगाया है कि वैश्विक स्तर पर वस्तु व्यापार की मात्रा 2024 में 2.6 प्रतिशत और 2025 में 3.3 प्रतिशत बढ़ेगी। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, डब्ल्यूटीओ के पूर्वानुमान में व्यापार मूल्यों पर प्रभाव शामिल नहीं है, जो व्यापार प्रदर्शन को मापने के लिए आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला पैरामीटर है।

व्यापार मूल्य की गणना करना सीधा है, क्योंकि इसमें सभी लेनदेन के मूल्यों को जोड़ना शामिल हो है।

उन्होंने कहा, हालांकि वस्तुओं के व्यापार की मात्रा की गणना करना उतना आसान नहीं है जितना कि लौह अयस्क और हीरे जैसी विभिन्न वस्तुओं की मात्रा को जोड़ना, इस कारण गलत निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूटीओ व्यापार की मात्रा में बदलाव की गणना करने के लिए एक जटिल तरीका अपनाता है।

## भारत और मॉरीशस ने कर संधि में संशोधन के लिए प्रोटोकॉल पर किए हस्ताक्षर

भारत और मॉरीशस ने दोहरे कराधान बचाव समझौते (डीटीएए) में संशोधन के लिए एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसमें यह तय करने के लिए एक प्रिंसिपल परपज टेस्ट (पीपीटी) शामिल है कि कोई विदेशी निवेशक संधि लाभों का दावा करने के लिए पात्र है या नहीं।

कर विशेषज्ञों ने कहा कि प्रोटोकॉल में एक नया आर्टिकल 'आर्टिकल 27बी लाभ का अधिकार' जोड़ा गया है।

संशोधित प्रोटोकॉल पर 7 मार्च को हस्ताक्षर किए गए और अब इसे सार्वजनिक किया गया है। पीपीटी की शुरुआत का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि संधि लाभ केवल वास्तविक उद्देश्य वाले लेनदेन के लिए ही हो।

साथ ही इसका मकसद करदाताओं की ओर से कर समझौते के दुरुपयोग को रोकना है। कर समझौते में संशोधन के बाद से अब मॉरीशस से आने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को कड़ी जांच का सामना करना पड़ सकता है। पीपीटी नियम के अनुसार, विदेशी निवेशकों को अब कर अधिकारियों को यह दिखाना होगा कि उनके ज्यूरिडिक्शन का चुनाव सिर्फ कर बचाने के उद्देश्य से नहीं था।

## शार्ट न्यूज

### रामजस और किरोड़ी मल कॉलेज ने जीता पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

नयी दिल्ली। रामजस कॉलेज और किरोड़ी मल कॉलेज ने तीसरे पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट में महिला और पुरुष वर्ग के खिताब जीते। दिल्ली बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कालिया और पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी गौतम वडेरा ने टीमों और खिलाड़ियों को ट्रॉफी और पुरस्कार दिए। विजेता टीमों को 21 हजार और उपविजेता टीमों को 11 हजार रुपए इनाम में दिए गए। महिला वर्ग के फाइनल में रामजस कॉलेज ने गार्गी कॉलेज को 51 -26 से हराया ।रामजस की शिवानी को वूमेन ऑफ़ द मैच का अवार्ड से नवाजा गया। तीसरे स्थान के मैच में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने किरोड़ी माल कॉलेज को 30-26 से हराया। रायमा को मिला वूमेन ऑफ़ द मैच का अवार्ड ।वहीं पुरुष वर्ग के फाइनल में किरोड़ी मल कॉलेज ने मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी को 51- 44 से हराकर खिताब जीता। केएमसी के रॉबी पांडे मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरे स्थान के मैच में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने हंसराज कॉलेज को 52-44 से हराया। खालसा कॉलेज के साहिल माथुर मैन ऑफ द मैच रहे। महिला वर्ग में मोस्ट वैल्युबल प्लेयर रामजस कॉलेज की कोमल बनीं और श्री गुरू तेग बहादुर खालसा कॉलेज एलुमनी के मुकेश बिश्नोई को पुरूष वर्ग में मोस्ट वैल्युबल प्लेयर का अवार्ड मिला।


### इंडियन सुपर लीग 2023-24 के मुकाबले 19 अप्रैल से होंगे शुरु

मुंबई। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने 2023-24 सीजन के मुकाबले 19 अप्रैल से शुरु होंगे और फाइनल चार मई को खेला जायेगा। आईसीएल के सत्रों ने बताया कि 19 अप्रैल से नॉकआउट मुकाबले शुरु होंगे और उसके बाद होम और अवे प्रारूप में सेमीफाइनल होंगे। फाइनल मुकाबला चार मई को खेला जायेगा। फाइनल कहां खेला जायेगा इसकी अभी घोषणा नहीं की गई है। लीग चरण के आखिर में शीर्ष दो टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रहने वाली टीमें अन्य दो सेमीफाइनलिस्टों का निर्धारण करने के लिए नॉकआउट प्रारूप में सिंगल-लेग प्लेऑफ खेलेंगी। खेल कार्यक्रम इस प्रकार है। नॉकआउट - 19 और 20 अप्रैल, सेमीफाइनल (पहला चरण) - 23 और 24 अप्रैल, सेमीफाइनल (दूसरा चरण) - 28 और 29 अप्रैल। छह प्लेऑफ़ टीमों की पुष्टि पहले ही हो चुकी है और ईस्ट बंगाल एफसी की पंजाब एफसी से हार के बाद छठा स्थान चेन्नईयिन एफसी ने ले लिया है। मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के अलावा, ओडिशा एफसी, एफसी गोवा और केरला ब्लास्टर्स एफसी पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुके थे।

### तीन भारतीय एथलीटों पर चला नाडा का डंडा

नई दिल्ली। गोवा राष्ट्रीय खेलों के रजत पदक विजेता स्टीपलचेज खिलाड़ी मोहम्मद नूर हसन के साथ भारत के विश्व क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के प्रतिभागी हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी को प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। भारतीय एथलेटिक्स में डोपिंग के नवीनतम मामलों में राष्ट्रीय डोपिंग विरोधी एजेंसी पैनल द्वारा धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर भी क्रमश: दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। हसन ने पिछले साल फेडरेशन कप और नेशनल ओपन चैंपियनशिप में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता था। गुर्जर ने जनवरी में गया में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप जीती थी लेकिन मार्च में बेलग्रेड में विश्व क्रॉस कंट्री में वह 88वें स्थान पर रहे थे। अंजलि कुमारी जनवरी में नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थीं । इस प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन वैश्विक प्रतियोगिता के लिए हुआ था जिसमें वह 80वें स्थान पर रहीं। इन तीनों को नाडा द्वारा अस्थाई निलंबन सौंपे गए लोगों की नवीनतम सूची में शामिल किया गया है। इस बीच यह भी पता चला है कि 2017 एशियाई चैंपियनशिप में 5000 मीटर और 10,000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतने वाले लक्ष्मणन पर पिछले साल 10 अगस्त से दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है।

### संजू सैमसन पर 12 लाख जुर्माना



राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जयपुर में बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते संजू पर जुर्माना लगा। इंडियन प्रीमियर लीग ने यह जानकारी बुधवार को दी। आईपीएल के 17वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स को बुधवार को इस सीजन की पहली हार मिली। टॉस हार कर पहले बैटिंग करने उतरी राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 196 रन बनाए। 197 रन का टारगेट गुजरात ने 20 ओवर में 7 विकेट पर हासिल कर लिया। गुजरात को जीत के लिए 20वें ओवर जीत के लिए 15 रन चाहिए थे। राजस्थान की टीम तय वक्त पर ओवर करने से 5 मिनट पिछड़ गई। इसके चलते आखिरी ओवर में संजू 5 की जगह सिर्फ 4 प्लेयर बाउंड्री पर भेज पाए। जीटी के राशिद खान ने 3 चौके लगाकर टीम को जीत दिला दी। आईपीएल ऑफिशियल्स ने कहा कि इस सीजन टीम राजस्थान की यह पहली गलती थी, इसलिए आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है।

### हार्दिक से सौतेले भाई ने बिजनेस में धोखाधड़ी की : दोनों को 4.3 करोड़ रुपए का नुकसान

मुंबई। मुंबई पुलिस ने क्रिकेटर हार्दिक पंड्या और क्रुणाल पंड्या के सौतेले भाई (स्टेप ब्रदर) वैभव पंड्या की एक हाई-प्रोफाइल मामले में गिरफ्तारी की है। कथित तौर पर बिजनेस पार्टनरशिप में वैभव ने पंड्या ब्रदर्स के साथ लगभग 4.3 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, 37 साल के वैभव को मुंबई पुलिस की इकोनॉमी ऑफेंस ब्रांच ने गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, तीनों भाईयों ने तीन साल पहले पॉलिमर का बिजनेस शुरू किया था। इसमें क्रिकेटर भाइयों (क्रुणाल और हार्दिक) को 40-40 प्रतिशत निवेश करना था, जबकि वैभव को 20त्न योगदान देना था। ऑपरेशन्स भी देखने का जिम्मा भी उन्हीं पर था। प्रॉफिट शेयर का बंटवारा भी ऐसे ही तय हुआ था। हालांकि, पंड्या ब्रदर्स ने इस मामले पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। वैभव पर आरोप है कि उसने कथित तौर पर अपने सौतेले भाइयों को बिना बताए उसी बिजनेस में एक और फर्म बनाई। वैभव ने खुद के प्रॉफिट का हिस्सा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 33.3 प्रतिशत कर दिया।

### इजरायली हमलों में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 33,482 हुआ

गाजा। फिलीस्तीन में जारी इजरायल के हमलों में अब तक मृतकों का आकंड़ा बढ़कर 33,482 हो गया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान फिलिस्तीन में हमला किया, जिसमें 122 लोगों की मौत हो गयी और 56 अन्य घायल हो गये। बयान के अनुसार, कुछ पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे दबे हुये हैं और कुछ सड़कों पर कराह रहे हैं, क्योंकि इजरायली सेना ने एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को वहां तक पहुंचने नहीं दिया। गौरतलब है कि सात अक्टूबर, 2023 को फिलीस्तीन में विद्रोही समूह हमास ने दक्षिणी इजरायल पर हमला किया था जिसके बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर हमला किया। इस दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए और 200 से अधिक को बंधक बना लिया गया।

# दो बड़े शॉट के साथ 15 रन प्रति ओवर के फार्मूले से मिली जीत : गिल




जयपुर। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि आखिरी तीन ओवरों में दो बड़े शॉट के साथ 15 रन प्रति ओवर बनाने के फॉर्मूले से टीम को जीत मिली।

मैच के बाद गिल ने कहा, हम टारगेट कर रहे थे कि अंतिम तीन ओवरों में बस 45 रन बचा रहे क्योंकि इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। 15 ओवर प्रति रन का मतलब है कि आपको एक ओवर में दो बड़े हिट्स चाहिए। उस समय हमारा माइंडसेट यही था। गणितीय रूप से देखा जाए तो ऐसे में पिच पर टिके दोनों बल्लेबाजो को नौ-नौ गेंदों पर 22-22 रन बनाने होते। यह अधिक कठिन नहीं है। इसका मतलब है कि दोनों बल्लेबाजो को अपनी नौ गेंदों में तीन बड़े हिट लगाने हैं। वहीं कोई बल्लेबाज ऑल आउट होकर खेलने जा रहा है, तो कुछ गेंद पहले भी मैच समाप्त हो सकता है। अगर आप इस तरह से सोचते हैं तो चीजें आपके लिए आसान होती हैं।

उन्होंने कहा, मैं स्वयं ही मैच समाप्त करना चाहता था। लेकिन मैं खुश हूं कि हमारे लिए राशिद खान भाई और राहुल तेवतिया भाई ने मैच को समाप्त किया। हम पूरे मैच के दौरान पीछे थे, लेकिन मैं खुश हूं कि हमने अंतिम गेंद पर जीतते हुए मैच को खत्म किया।

उल्लेखनीय है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 मुकाबले जीतने वाली गुजरात टाइटंस को चेज मास्टर कहा जा सकता है। अधिकतर बार गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करते हुए लगभग हारे हुए मैचों में जीत हासिल की है। बुधवार रात राजस्थान रॉयल्स के खिालफ मुकाबले में भी उन्होंने यह कारनामा किया। आठ मैचों में यह चौथी बार है जब गुजरात की टीम ने अंतिम ओवरों में कम से कम 15 रन का लक्ष्य प्राप्त किया हो।

### अंपायर के फैसले से असहमति जताने पर गिल पर लग सकता है जुर्माना


गुजरात टाइटंन के कप्तान शुभमन गिल को राजस्थान रॉयल के साथ हुये मुकाबले के दौरान अंपायर के फैसले से असहमति जताने, बहस करने और गुस्से में गेंद पटने के लिए जुर्माना भरना पड़ सकता है।

शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से मंजूरी मिलने के बाद जुर्माना भरना पड़ सकता है। बुधवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गये मैच में मोहित शर्मा द्वारा 17वें की आखिरी गेंद फेंके जाने पर अंपायर ने इस गेंद को वाइड करार दिया। इस दौरान गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने डीआरएस लिया और उनकी मैदानी अंपायर के साथ तीखी बहस हुई और उन्होंने गुस्से में गेंद पटक दी थी।

मैच में अंपायर संभवत: रेफरी को घटना की रिपोर्ट देंगे। गुजरात के कप्तान को प्रतिबंधों के बारे में सूचित करने के लिए बुला सकता है। नियमों के अनुसार, खिलाड़ी अंपायर के कॉल पर असहमति नहीं दिखा सकते हैं।

फैसले को मानने से इनकार करने पर मैच रेफरी ने क्रिकेटरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाती है। गिल की गुस्से भरी प्रतिक्रिया उन्हें बड़ी मुसीबत में डाल सकती है और उन्हें मैच फीस का जुर्माना भरना पड़ सकता है।

# एडम जम्पा ने आईपीएल से अपना नाम लिया वापस




**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज एडम जम्पा ने थकान और जून में होने वाले टी-20 विश्वकप पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से अपना नाम वापस ले लिया है।

जम्पा ने राजस्थान रॉयल्स में शामिल होने की पूर्व संध्या पर आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया। वह पिछले साल ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय विश्वकप जीत में एक प्रमुख गेंदबाज रहे थे। इसके बाद वह कुछ समय के लिए भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज की शुरुआत के लिए रुके और फिर बीच में ही चले गए। उनके घरेलू सीज़न में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए बीबीएल शामिल थे। इसके बाद वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला खेली। जम्पा ने विलो टॉक पॉडकास्ट को बताया, इस साल आईपीएल मेरे लिए नहीं होने के कई कारण हैं। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह था कि यह विश्वकप वर्ष है और मैं 2023 से पूरी तरह से थक गया हूं। उन्होंने कहा, मैंने पिछले साल पूरा आईपीएल खेला था। विश्वकप भी भारत में तीन महीने तक चला था।

उन्होंने कहा, इसलिए मेरा इस साल फिर से आईपीएल खेलने का प्रयास करने का इरादा था। मुझे लगाता कि मैं वास्तव में राजस्थान रॉयल्स को अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे सकता। विश्व कप का इंतजार कर रहा हूं। यह निश्चित और मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण है।

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पीवी सिंधु और एचएस प्रणॉय हारे

निंगबो। भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और एचएस प्रणॉय को गुरुवार को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2024 में राउंड ऑफ 16 में हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही टूर्नामेंट से भारत का अभियान समाप्त हो गया।

आज यहां चीन के निंगबो में आयोजित टूर्नामेंट में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने महिला एकल मुकाबले में चीनी शटलर को कड़ी टक्कर दी। एक घंटा 9 मिनट तक चले मुकाबले में बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर मौजूद पीवी सिंधु को चीन की हान यू से 18-21, 21-13, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा।





पहले गेम में भारतीय शटलर ने 6-4 से शुरुआती बढ़त हासिल की और शानदार स्मैश के दम पर पांच अंकों की बड़ी बढ़त बना ली, लेकिन इसके बाद हान यू ने आक्रामक खेल का मुजाहिरा करते हुए बढ़त को कम कर गेम में वापसी कर यू पहला गेम 21-18 से अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में सिंधु ने शानदार प्रदर्शन के साथ वापसी की और हान यू को कड़ी टक्कर दी। इस गेम में सिंधु ने अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए 21-13 से स्कोर अपने पक्ष में कर दिया और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने बड़ी आसानी से जीत दर्ज की और खेल को निर्णायक तक पहुंचाया।

निर्णायक गेम में पीवी ने अपनी लय बरकरार रखते हुए बढ़त बनाई और स्कोर को 8-6 कर दिया, लेकिन चीनी शटलर ने स्कोर को 9-9 से बराबर कर दिया। इसके बाद हान यू ने लगातार स्कोर अर्जित किए और सिंधु को गेम में 17-10 से पीछे कर दिया।

सिंधु ने गेम वापसी का प्रयास किया लेकिन हान यू ने उनकी कोशिशों को नाकाम करते हुए तीसरा गेम 21-17 से जीत लिया और पीवी सिंधु दूसरे राउंड में हारकर इस प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

वहीं पुरुष एकल में भी एचएस प्रणॉय को दूसरे राउंड में हार मिली और इसी के साथ इस प्रतियोगिता में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

पुरुष एकल में 43 मिनट तक चले मुकाबले में एचएस प्रणॉय को चीनी ताइपे के लिन चुन यी से सीधे गेम में 21-18, 21-11 से हार झेलनी पड़ी।

# इजराइल दूसरी जगहों पर जंग के लिए तैयार

**कहा- हम पर हमला हुआ तो जवाब जरूर देंगे, ईरान ने दी थी अटैक की धमकी**

तेल अवीव। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा है कि इजराइल गाजा के अलावा दूसरे मोर्चों पर भी जंग की तैयारी कर रहा है। ईरान का नाम लिए बिना इजराइली पीएम ने कहा, अगर किसी ने भी हम पर हमला किया, तो हम इसका जवाब जरूर करेंगे।

F-15 फाइटर जेट के बेस पर पहुंचे पीएम नेतन्याहू ने कहा, आज का समय बहुत चुनौतीपूर्ण है। गाजा में युद्ध चल रहा है। हम हमास की कैद में मौजूद इजराइलियों को छुड़ाने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। इजराइल की सुरक्षा के लिए हम अटैक और डिफेंस दोनों तरह की नीति अपनाने को तैयार हैं।

### इजराइल ने सीरिया में ईरानी दूतावास के पास हमला किया था



दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने इजराइल को बदला लेने की धमकी दी थी।

ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई ने बुधवार को कहा था, इजराइल को इस हमले की सजा जरूरी दी जाएगी। उन्होंने सीरिया में हमारे दूतावास पर हमला किया। यह ईरान की धरती पर हमला करने जैसा ही था। ईरान की तरफ से हमले के खतरे के बीच गुरुवार को अमेरिका के सेंट्रल कमांड के जनरल माइकल कुरिला इजराइल पहुंचे। यहां वे इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और इजराइल डिफेंस फोर्स के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

### ईरानी मीडिया की रिपोर्ट- तहरान का एयरस्पेस बंद, ईरानी सेना युद्धाभ्यास कर रही

इस बीच जर्मनी की एयरलाइंस लुफ्थांसा एयरलाइन्स ने गुरुवार को तहरान के लिए सभी फ्लाइट सस्पेंड कर दीं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, मिडिल ईस्ट इस वक्त ईरान की तरफ से हमले के खतरे को लेकर अलर्ट पर है।

अरबी भाषा में छपी ईरानी न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने राजधानी तहरान के ऊपर अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया, जिससे वो सैन्य अभ्यास कर सकें। हालांकि, ईरानी मीडिया ने बाद में इस रिपोर्ट को हटा दिया।

### इजराइल ने जीपीएस सिस्टम बंद किया, सैनिकों की छुट्टी कैंसिल

वहीं कुछ दिन पहले इजराइल ने अपने जीपीएस नेविगेशन सिस्टम को बंद कर दिया था। माना जाता है कि गाइडेड मिसाइलों के हमलों को रोकने के लिए जीपीएस को बंद किया जाता है। इसके अलावा सभी सैनिकों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई थीं।

ईरान से हमले की आशंका के बीच इजराइली सेना ने कहा था, हमारे सैनिक पहले से युद्ध में हैं। स्थिति को देखते हुए अस्थायी लड़ाकू इकाइयों की छुट्टी रद्द की गई है। एयर डिफेंस कमांड को अलर्ट पर रखा गया है। कई शहरों में एंटी बॉम्ब शेल्टर शुरू कर दिए गए हैं।

# पाकिस्तान के पंजाब में सेना ने पुलिस को पीटा

**एसएचओ-स्टेशन इंचार्ज को लॉक-अप में बंद कर मारा, पुलिस ने अवैध हथियार जब्त किए थे**

बहावलनगर। पाकिस्तान के सैनिकों ने बुधवार को पंजाब प्रांत के बहावलनगर में पुलिस अधिकारियों पर हमला कर दिया। घटना मदरीसा पुलिस स्टेशन की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने एक पाकिस्तानी सैनिक के भाई के पास से अवैध हथियारों का जखीरा जब्त किया था।

इसके बाद 7-8 गाड़ियों में बैठकर 40 से 50 सैनिक पुलिस स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने स्टेशन की चाबी छीन ली। इसके बाद उन्होंने छड़ी और राइफल के पीछे के हिस्से से पुलिस अधिकारियों की जमकर पिटाई की। सैनिकों ने स्टेशन हाउस ऑफिसर और स्टेशन इंचार्ज को भी मारा।

अधिकारियों के शरीर पर जख्मों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सैनिकों के हमले में कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे वीडियो के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तानी सैनिकों ने पुलिसकर्मियों से वीडियो रिकॉर्डर छीन लिए थे। इसके बाद उन्हें लॉक-अप में बंद करके मारा गया।



### पंजाब पुलिस बोली- मामले को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया

घटना के बाद पंजाब पुलिस ने सोशल मीडिया पर सफाई भी दी है। मामले को एक छोटी सी घटना बताते हुए पुलिस ने लिखा, बहावलनगर की घटना को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। यह गलत धारणा बनाने की कोशिश की गई है कि पाकिस्तानी सेना और पंजाब पुलिस के बीच टकराव हुआ।

पंजाब पुलिस ने आगे कहा, हमने इसकी जांच कराई है और दोनों संस्थानों ने शांतिपूर्ण तरह से मामले को सुलझा लिया है। पाक सेना और पंजाब पुलिस आतंकियों, बदमाशों और खतरनाक अपराधियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रही है।

### किम जोंग उन ने खाई दुश्मन देश का खात्मा करने की कसम

सोल । उत्तर कोरियाई शीर्ष नेता किम जोंग-उन ने कहा कि अगर किसी भी दुश्मन देश ने सैन्य टकराव का विकल्प चुना तो उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के दुश्मन देश का खात्मा करने की कसम खाई है। कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी (केसीएनए) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता उन ने बुधवार को किम जोंग-इल यूनिवर्सिटी ऑफ मिलिट्री एंड पॉलिटिक्स के दौरे के दौरान यह बयान दिया। उन के दिवंगत पिता के नाम पर बने इस विश्वविद्यालय को कोर कमांडिंग अधिकारियों के लिए एक सैन्य प्रशिक्षण स्कूल के नाम से जाना जाता है। उन ने कहा, अब युद्ध के लिए पहले से कहीं अधिक अच्छी तरह से तैयार होने का समय है और डीपीआरके को युद्ध के लिए और अधिक मजबूती के साथ तैयार होना चाहिए।

### दोहा हवाई अड्डे पर निर्वस्त्र करके तलाशी के मामले में ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं को न्याय नहीं

कतर। दोहा हवाई अड्डे पर लावारिस मिले एक नवजात शिशु की मां की पहचान के लिए निर्वस्त्र करके तलाशी का सामना करने वाली पांच ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं को कतर एयरवेज के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अदालतों में न्याय नहीं मिल सका है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार करीब पांच साल पहले दोहा एयरपोर्ट पर कूड़ेदान में मिले बच्चे की मां का पता लगाने लिये पांच ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं की निर्वस्त्र करके तलाशी ली गयी थी। ये महिलाएं कतर एयरवेज के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने में असफल रहीं। बीबीसी के अनुसार, न्याय दिलाने वाली अदालतें, पांच साल बाद भी दोहा एयरवेज अधिकारियों के खिलाफ मानवता को शर्मसार करने वाली घटना से संबंधित पीड़ित महिलाओं की याचिका खारिज कर दी। रिपोर्ट के अनुसार ,वर्ष 2020 में हवाईअड्डे के कूड़ेदान में एक नवजात शिशु को लावारिस पाया गया था। जिसके बाद, पांच ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं को निर्वस्त्र करके आपत्तिजनक तरीके से उनकी तलाशी ली गयी। जिससे बच्चे को जन्म देने वाली महिला का पता लगाया जा सके। इस घटना की कई देशों ने कड़ी निंदा की थी। एक ऑस्ट्रेलियाई अदालत ने कहा कि राज्य के स्वामित्व वाली एयरलाइन पर वैश्विक यात्रा को नियंत्रित करने वाले कानूनों के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है।

### अमेरिका हर परिस्थिति में इजरायल के समर्थन में है

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि अगर ईरान अपने दूतावास पर इजरायली हमले का जवाब देता है तो अमेरिका इजरायल का दृढ़ता से समर्थन देने का वादा करता है। बाइडेन ने चेतावनी दी कि इजरायल द्वारा सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद ईरान इजरायल पर हमला करने की धमकी दे रहा है। उन्होंने कहा, इजरायल की सुरक्षा के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। इससे पहले, ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने मीडिया को बुधवार को कहा, जब इजरायल ने हमारे पृथक क्षेत्र सीरिया की राजधानी दमिश्क पर हमला किया, तो ऐसा लगा जैसे उन्होंने हमारे क्षेत्र पर हमला किया हो। एक ईरानी अधिकारी ने रविवार को चेतावनी दी कि इजरायल के दूतावास अब सुरक्षित नहीं हैं और वाणिज्य दूतावास की इमारत किसी संभावित लक्ष्य का निशाना बन सकती हैं। बिडेन ने कहा, जैसा कि मैंने प्रधानमंत्री नेतन्याहू को बताया, ईरान और उसके प्रतिनिधियों से इन खतरों के खिलाफ इजरायल की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ है और मैं फिर से कहना चाहता हूं कि मैं समर्थन देने के लिये दृढ़ हूं। बिडने ने इससे पहले एक साक्षात्कार में गाजा में युद्धविराम का आह्वान किया था और इसके एक दिन बाद ही इजरायल को समर्थन देने की यह टिप्पणी कर दी है।

### दक्षिण कोरिया : संसदीय चुनाव में हार के बाद प्रधानमंत्री सू ने दिया इस्तीफा

सोल। दक्षिण कोरिया में संसदीय चुनावों में सत्तारूढ़ पार्टी की करारी हार के बाद प्रधानमंत्री हान डक-सू और उनके वरिष्ठ सलाहकारों ने गुरुवार को राष्ट्रपति यूं सुक येओल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। 'योनहाप' समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के नेता हान डोंग-हून ने अलग से संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह चुनाव में हार की जिम्मेदारी लेते हैं और वह भी शीघ्र ही अपना पद छोड़ देंगे। चुनावों के नतीजे बुधवार को आए थे। दक्षिण कोरिया में बुधवार के संसदीय चुनाव के नतीजों से राष्ट्रपति येओल को एक बड़ा राजनीतिक झटका लगा। इससे उनके घरेलू एजेंडे को भी तगड़ा झटका लगा है और अब उन्हें अपने कार्यकाल के बाकी तीन वर्षों के दौरान विपक्षी सांसदों के तेज राजनीतिक हमले का सामना करना पड़ सकता है। संसदीय चुनाव में अधिकांश मतों की गिनती के बाद मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके सहयोगी दल ने 300 सदस्यीय नेशनल असेंबली में से कुल 174 सीटें जीत ली हैं, जो निवर्तमान विधायिका के 156 से अधिक है। राष्ट्रीय चुनाव आयोग के अनुसार लगभग अंतिम नतीजों में यून की सत्तारूढ़ पार्टी पीपुल्स पावर पार्टी और उसके सहयोगी दल को संसद में 114 से 108 सीटों पर पिछड़ते हुए दिखाया गया है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# दीपेंद्र हुड्डा की जीत, देश की सबसे बड़ी जीत होगी : कुलदीप वत्स

## दीपेंद्र हुड्डा के प्रचार में कुलदीप वत्स ने ताकत झोंकी

**ललित कुमार गोठवाल**



कांग्रेस पार्टी से बादली विधायक कुलदीप वत्स रोहतक से लोकप्रिय सांसद दीपेंद्र हुड्डा के लिए चुनाव प्रचार जोरों शोरों से कर रहे हैं। बादली में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान के तहत कुलदीप वत्स ने बादली के आम जनता के बीच जाकर चुनाव प्रचार करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

बादली में जनसंपर्क के दौरान कुलदीप वत्स रोजगार, महंगाई, गरीबी और पेंशन को लेकर लगातार सत्ता पक्ष पर हमला बोलते हुए दिखे ।रोहतक से कांग्रेस पार्टी को लोगों का खूब समर्थन मिल रहा है। अब देखना होगा कि कुलदीप वत्स का मेहनत कितना रंग लाता है ।

वहीं डोर टू डोर कार्यक्रम के दौरान कुलदीप वत्स ने कहा कि भाजपा के दस साल के शासनकाल में ना तो कोई परियोजना हरियाणा के अंदर आई और ना ही हरियाणा का विकास हुआ है। जब हरियाणा में हमारी कांग्रेस की सरकार बनेगी तो उसी रफ्तार के साथ विकास का पहिया घूमेगा जैसा की भाजपा शासनकाल के दस साल से पूर्व हुड्डा राज में घूमा था। कुलदीप वत्स ने लोगों से वादा किया कि इस बार केंद्र और हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आएगी, वहीं लोकसभा चुनाव में सभी दस सीटों पर हमारी पार्टी के उम्मीदवार जीतेंगे।

इस दौरान कुलदीप वत्स के साथ कांग्रेस पार्टी के नेता रिटायर्ड डीआईजी धर्मपाल ढाकला, जिला पार्षद अंकुर गुभाना, कुलदीप सरपंच (फतेहपुर), चेतानंद बाढ़सा, मुरारी बुपनिया, बबलू लाड़पुर, परजीत गुलिया उर्फ काला प्रधान (लाड़पुर) मोटा कोच (लाड़पुर), जितेंद्र सरपंच (गंगडवा), कुलदीप बुपनिया मौजूद रहें।

## अभिनेत्री अरुषि निशंक ने हिट और फिट रहने के लिए लोगों को प्रेरित किया



मुंबई (अनिल बेदाग)। अभिनेत्री आरुषि निशंक ने अपनी प्राथमिकताएं तय कर ली हैं। प्राथमिकता की बात करें तो उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक फिटनेस और स्वास्थ्य है। यही कारण है कि चाहे वह अपने दैनिक कार्यक्रम में कितनी भी व्यस्त या व्यस्त क्यों न हो, वह वास्तव में अपने वर्कआउट को कभी नहीं भूलती। यह वास्तव में उनके अनुशासन का एक हिस्सा है और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, वह कई लोगों के लिए कुछ गंभीर फिटनेस लक्ष्य प्राप्त करने वाली एक सर्वोत्कृष्ट दिवा हैं। एक सार्वजनिक हस्ती होने के नाते जो लोगों को सही तरीके से प्रभावित करने की शक्ति रखती है, अरुशी निश्चित रूप से अपनी जिम्मेदारी के बारे में अच्छी तरह से और वास्तव में जागरूक है। यही कारण है कि, विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर, आरुषि ने लोगों को फिट और हिट जीवन के लिए सही तरीके से प्रेरित करने की जिम्मेदारी खुद लेने का फैसला किया। अरुशी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो साझा किया जिसमें वह अपनी फिटनेस दिनचर्या के हिस्से के रूप में योग करती नजर आईं।

## शार्ट न्यूज

### मैनपुरी में ध्वस्त करेंगे सपा का किला

मैनपुरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी जयवीर सिंह ने गुरुवार को कहा कि इस बार मैनपुरी लोकसभा सीट पर भगवा लहरायेगा और समाजवादी पार्टी का किला ध्वस्त होगा। सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 2012 से 2017 तक अखिलेश सरकार का समय मैनपुरी की जनता के लिए कठिन समय था। समाजवादी पार्टी के लोगों ने मैनपुरी की जनता पर जो जुल्म किये उनको आज भी लोग भुला नहीं पाए हैं। मोदी और योगी की गारंटी से जनता को बहुत कुछ मिला है। सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं और विकास का पहिया तेजी से चल रहा है। योगी के कार्यों और मोदी की गारंटी का असर जनता देख रही है। डिम्पल यादव को अपने पति के कार्यकाल को याद कर लेना चाहिए। समाजवादी पार्टी की गुंडई, अराजकता, महिला उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जे, जो पिटा वही जेल गया का दंश मैनपुरी की जनता अब तक नहीं भूली है। अखिलेश यादव को घोषणा पत्र की जगह एक पत्र जारी करना चाहिए था, जिसमें वह अपनी सरकार के कार्यकाल की गलतियों को लिखकर वायदा करते कि अब यह पुनरावृत्ति नहीं होगी। जयवीर सिंह ने मैनपुरी से प्रत्याशी बनाये जाने पर शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि जो विश्वास पार्टी ने उन पर किया है, उस पर वह खरा उतरेंगे और मैनपुरी सीट जीतकर वह उत्तर प्रदेश की 80 में से 80 सीटें जीतने के लक्ष्य को पूरा करने में अपना योगदान देंगे।

### उल्लास और उमंग से मनायी गयी ईद

लखनऊ। राजधानी लखनऊ समेत समूचे उत्तर प्रदेश में ईद का त्योहार उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। लखनऊ में बड़ा इमामबाड़ा, टीले वाली मस्जिद और ईदगाह समेत सैकड़ो छोटी बड़ी मस्जिदों में सुबह सवेरे सजे सवरे नमाजियों की टोलियां पहुंचने लगी थी। बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज पढ़ी और अल्लाह से मुल्क की तरक्की और अमन चैन की दुआ मांगी। टीले वाली मस्जिद में मौलाना फरंगी महली ने नमाज पढायी। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने वहां मौजूद लोगों को ईद की शुभकामनायें दी। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिल कर ईद की बधाई दी। इसके बाद लजीज सेंवई और व्यजंनो का दौर चल पड़ा जो देर शाम तक जारी रहा। ईद की नमाज के दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये थे। नमाज के मद्देनजर कई स्थानो पर रुट डायवर्जन किया गया था। सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के जरिये शरारती तत्वों पर पैनी निगाह रखी जा रही थी। जौनपुर, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़ और गाजियाबाद समेत लगभग समूचे उत्तर प्रदेश में ईद की धूम रही। ललितपुर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ईद की नमाज अदा कर लोगों ने मुल्क में अमन-चेन बरकरार रखने की दुआ मांगी व एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने ईद की नमाज अदा कर मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी।

### अमन-चैन की दुआ को एक साथ उठे हजारों हाथ



ललितपुर ।ईदगाह, व सभी मस्जिदों में हर्षोल्लास से ईद-उल-फितर का पर्व मनाया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद का त्योहार मनाया गया। मुकद्दस रमजान की नेमत के रूप में ईद उल फितर का जश्न जमकर मनाया जा रहा है। ईदगाह पर नमाज अदा कर लोग गले मिले और हाथ मिलाकर एक दूसरे को मुबारक बाद दी। गुरुवार की सुबह से ही शहर से लेकर गांवों तक घरों से मस्जिदों तक ईद की खुशियां दिखीं। ईद की नमाज अदा कर लोगों ने दुआ की कि मुल्क में अमन-चैन बरकरार रहे। सुबह ईदगाह, जामा मस्जिद, मस्जिद सदन शाह सहित सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। ईदगाह पर सुबह 8 बजे शहर पेश इमाम ने नमाज अदा कराई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने नमाज अदा की। नमाज के दौरान हजारों हाथ मुल्क में अमन चैन की दुआ के लिए एक साथ उठे। मुस्लिम भाईयों द्वारा अधिकारियों के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चों ने भी एक दूसरे को ईद की मुबारक बाद दी। ईदगाह के पास उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, उपजिलाधिकारी राघवेंद्र शर्मा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शशि भूषण सिंह के अलावा पुलिस बल तैनात रहा।

### हरियाणा सड़क हादसा : मोदी और शाह ने बच्चों की मौत पर जताया दुख

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरुवार को हरियाणा में सड़क दुर्घटना में छह स्कूली बच्चों की मौत और 20 अन्य के घायल होने पर गहरा दुख व्यक्त किया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुआ बस हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। मेरी शोक-संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने बच्चों को खोया है। इसके साथ ही मैं सभी घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों और उनके परिजनों की हरसंभव सहायता में जुटा है। श्री शाह ने कहा, हरियाणा के महेंद्रगढ़ में हुई स्कूल बस दुर्घटना अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं मृत बच्चों के शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। भगवान उन्हें यह दुख सहने की शक्ति दे। घायल बच्चों को स्थानीय प्रशासन की ओर से सहायता मुहैया करायी जा रही है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। दत्तात्रेय ने घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, मैं नारनौल में हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में बहुमूल्य जिंदगियों की हानि से बहुत दुखी हूं। दिवंगत आत्माओं को शाश्वत शांति मिले!

## योगी दस दिन में तीसरी बार सहारनपुर आयेंगे

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले एक पखवाड़े के दौरान तीसरी बार 12 अप्रैल को सहारनपुर के राजपूत बहुल क्षेत्र बड़गांव में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचेंगे। सहारनपुर मंडल में लोकसभा की तीन सीटें सहारनपुर, कैराना और मुजफ्फरनगर आती हैं। भाजपा के प्रबंधकों का कहना है कि राजपूतों की नाराजगी का असर कैराना और मुजफ्फरनगर सीटों पर ज्यादा और सहारनपुर सीट पर कम दिखता है। सहारनपुर सीट पर राघव लखनपाल शर्मा भाजपा के तीसरी बार उम्मीदवार हैं हालांकि वह पिछला चुनाव बसपा-सपा गठबंधन के उम्मीदवार फजर्लुरहमान कुरैशी से हार गए थे। अबकी उनका मुख्य मुकाबला सपा-कांग्रेस गठबंधन के धाकड़ नेता इमरान मसूद से है। कैराना लोकसभा सीट पर राजपूतों ने सपा-कांग्रेस उम्मीदवार इकरा हसन को समर्थन दे दिया है। इस सीट पर बसपा ने नानोता क्षेत्र के दमदार राजपूत नेता श्रीपाल राणा को उम्मीदवार बनाया हैं। भाजपा के उम्मीदवार प्रदीप चौधरी पिछला चुनाव इकरा हसन की मां तबस्सुम हसन को हराकर जीते थे। प्रदीप चौधरी गुर्जर बिरादरी से हैं और उनकी क्षेत्र में बेदाग छवि है पर राजपूतों की नाराजगी उनकी परेशानी बढ़ाए हुए है। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा के संजीव बालियान का यह लगातार तीसरा चुनाव है।

# भारतीय लिबरल पार्टी अध्यक्ष डॉ रायज़ादा ने अन्ना आंदोलन के सच्चे सिपाहियों को बीएलपी से जुड़ने की अपील की

भारतीय लिबरल पार्टी के अध्यक्ष डॉ. मुनीश कुमार रायज़ादा ने अन्ना आंदोलन के वॉलंटियर्स से अपील की हैं कि वह व्यवस्था परिवर्तन के सपने को पूरा करने के लिए भारतीय लिबरल पार्टी से जुड़ें । डॉ. रायज़ादा ने, दिल्ली सरकार के मंत्री राजकुमार आनंद के इस्तीफे पर बात करते हुए कहा कि भ्रष्टाचारी आप की नाव अब डूब रही है। आपसरकार के दस साल भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और झूठ से भरे थे, डॉ. रायज़ादा ने कहा। आम आदमी पार्टी अब एक डूबती हुई नाव है

वर्तमान मुख्यमंत्री पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर बात करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल का सच्चा चेहरा धीरे-धीरे सामने आ रहा है। शराब घोटाले मामले में उनकी(सीएम) भागीदारी उनके असली चेहरे को देश के सामने ले आई है।

इतने बड़े आरोप लगने के बावजूद भी वह थोड़ी राजनीतिक नैतिकता दिखा कर इस्तीफ़ा देने के बजाय जेल से कानूनी खेल खेल रहें हैं, डॉ रायज़ादा ने कहा। आप के MLAs को भी महसूस होने लगा है कि जेल में बंद भ्रष्ट अरविंद केजरीवाल उनके भविष्य को नुकसान पहुंचा रहें हैं।

पार्टी अध्यक्ष डॉ रायज़ादा ने अन्ना आंदोलन और इंडिया एगेंस्ट करप्शन मूवमेंट से जुड़े लोगों को भारतीय लिबरल पार्टी से जुड़ कर एक ईमानदार राजनीति के पहल का समर्थन करने की अपील की है।

भारतीय लिबरल पार्टी राजनीति में नैतिकता और जवाबदेही को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय लिबरल पार्टी ने सत्ता का दोबारा दुरुपयोग होने से बचाने के लिए तो नीतियों को अपनाया है- 1) पार्टी की शीर्ष नेतृत्व चुनाव नहीं लड़ेगी 2) 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों का चयन लोगों द्वारा किया जाएगा(लोक उम्मीदवार)। भारतीय लिबरल पार्टी सोशल इलेक्शन के माध्यम से उम्मीदवारों का चयन करेगी। जिस उम्मीदवार को सबसे अधिक वोट मिलेंगे उसको BLP उस विधानसभा से टिकट देगी। यह व्यवस्था लोगों के प्रति जवाबदेही को सुनिश्चित करेगी।

# लोकप्रिय अभिनेता साईं केतन राव ने खोले टीवी के सबसे सफल शो इमली के राज़

मुंबई (अनिल बेदाग)। साईं केतन राव एक प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता हैं। उन्हें स्टार प्लस के मेहंदी है रचने वाली में राघव राव की मुख्य भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। बाद में उन्हें स्टार प्लस के चासनी में रौनक बब्बर के रूप में देखा गया। उन्हें हाल ही में स्टार प्लस के प्रमुख धारावाहिक इमली में अगस्त्य सिंह चौधरी और सूर्य प्रताप की दोहरी मुख्य भूमिका निभाते हुए देखा गया है।

शो इमली में दो अलग-अलग किरदारों और उनके लिए तैयारी के बारे में सवाल पूछने पर उन्होंने जवाब दिया, मैंने इमली शो में अगस्त्य सिंह चौधरी के रूप में शुरुआत की, जो बहुत सारी जिम्मेदारियों वाला एक उच्च श्रेणी का लड़का है, एक सीधा-सादा व्यक्ति है, जो कार्यभार संभालना पसंद करता है। परिवार की जिम्मेदारियां और हर किसी के विकल्पों का सम्मान करने वाला व्यक्ति है। वह मूल रूप से भावनात्मक रूप से कमजोर है। अगस्त्य के बाद मैं सूर्य प्रताप की भूमिका निभा रहा हूं, जो एक कठोर और एक डाकू प्रकार का पुलिस अधिकारी है, उसके अपने नियम हैं और यदि न्याय ना मिले, तो वह मामले को व्यक्तिगत रूप से संभालते हैं।



वह आगे कहते हैं कि, दोनों भूमिकाएं एक-दूसरे से काफी अलग हैं और मैं वास्तव में भाग्यशाली हूं कि मुझे एक ही शो में दो अलग-अलग किरदार निभाने का मौका मिला।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि, टेलीविजन में हमेशा समय की कमी होती है, जहां तैयारी के लिए समय कम होता है, लेकिन सौभाग्य से मैंने दोनों भूमिकाओं के लिए अपने कोड को क्रैक कर लिया है और वादे के मुताबिक काम कर रहा हूं। प्रशंसक हमेशा आश्चर्यचकित रहते हैं क्योंकि मैंने दो अलग-अलग व्यक्तित्व बनाए हैं। केतन यह भी कहते हैं, अगस्त्य के चरित्र की भूमिका काफी चुनौतीपूर्ण है, खासकर वह बोली जो हिंदी में बोलने की मांग करती है, जबकि दूसरी तरफ, सूर्या एक कठिन दक्षिण भारतीय शैली में हिंदी बोलता है। साथ ही, सूर्या की शारीरिक भाषा भी असहयोगात्मक है।

मैं निर्माताओं और चैनल का आभारी हूं जिन्होंने इस हिस्से पर मुझ पर भरोसा किया है।

मैंने एक साथ दोनों भूमिकाएं निभाने का पूरा आनंद लिया है। मैं किसी एक भूमिका को अपनी पसंदीदा नहीं चुन सकता। इसलिए यहां अगस्त्य और सूर्या दोनों मेरे पसंदीदा हैं।

साईं केतन राव कहते आगे कहते हैं कि, हां, मुझे निश्चित रूप से बिग बॉस ओटीटी और अन्य रियलिटी शो के लिए संपर्क किया गया था, लेकिन मैं उन्हें करने के लिए उत्सुक नहीं हूं क्योंकि मैं वर्तमान में अपना टेलीविजन शो कर रहा हूं, शायद भविष्य में मैं कुछ साहसिक रियालटी का हिस्सा बन सकता हूं।

जब हमने उनके सह-अभिनेता के साथ उनके डेटिंग के बारे में और पूछताछ की, तो साईं ने कहा, नहीं, मैं किसी को डेट नहीं कर रहा हूं। हम सिर्फ अच्छे सह-कलाकार हैं और कार्यस्थल पर अच्छे दोस्त हैं। मुझे लगता है कि एक अभिनेता के रूप में व्यक्ति को काम पर अधिक ध्यान देना चाहिए अन्य विचलनों के बजाय।

उन्होंने आगे कहा, मैं सबसे पहले उन सभी दर्शकों का आभारी हूं जो हमें रोजाना स्क्रीन पर देखकर हमारा समर्थन कर रहे हैं और इससे एक अभिनेता के रूप में हमें बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलती है।

जब हमने उनके अनुबंध में कभी भी जोड़े जाने वाले नो डेटिंग क्लॉज पर उनकी राय के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, यह वास्तव में किसी भी स्तर पर एक व्यक्ति के रूप में मुझे प्रभावित नहीं करेगा, क्योंकि मुझे पता है कि मैं ईमानदारी से सेट पर जाऊंगा, अपना काम पूरी लगन से करूंगा और घर वापस आ जाऊंगा। व्यक्तिगत स्तर पर, मैं कार्यस्थल पर डेटिंग में विश्वास नहीं रखता।

साईं केतन राव ने कहा, यह एक अद्भुत मिलन होगा और मुझे लगता है कि यह दर्शकों के बीच फिर से ध्यान आकर्षित करेगा क्योंकि, उन्हें मेहंदी है रचने वाली में मेरी और शिवांगी खेडकर की केमिस्ट्री बहुत पसंद आई है और अगर ऐसा कोई मौका मिलता है भविष्य में मुझे यह प्रोजेक्ट करने में खुशी होगी।

जब उनसे पूछा गया कि क्या अगस्त्य और सूर्या सीरियल इमली में कभी आमने-सामने आएंगे तो उन्होंने कहा, मुझे यकीन नहीं है कि वे कभी आमने-सामने आएंगे लेकिन ऐसा भी हो सकता है।

## इंडिया आईटीएमई सोसाइटी ने मुंबई में बहुसांस्कृतिक सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया



मुंबई (अनिल बेदाग)। गैर-लाभकारी संगठन इंडिया इंटरनेशनल टेक्सटाइल मशीनरी एग्जिबिशन सोसाइटी (इंडिया आईटीएमई सोसाइटी) ने अपने बहुसांस्कृतिक सुविधा केंद्र के शुभारंभ की घोषणा की है। यह केंद्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कॉर्पोरेट इवेंट की मेजबानी के लिए उपलब्ध होगा. यह बहुसांस्कृतिक केंद्र, आईटीएमई की सभी पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ आने और उन्हें अपनी परंपराओं, कहानियों और अनुभवों को साझा करने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल बनेगा. इस दिशा में यह कदम एक मील का पत्थर है. सांस्कृतिक विविधताओं और गतिविधियों के सेंटर के रूप में, यह केंद्र मल्टी—कल्चरलिज़्म को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों और पहलों के लिए एक जीवंत स्थान के रूप में कार्य करेगा.

इस कार्यक्रम में मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री सुश्री स्मिता जयकर, उनके साथ मिस्टर इंडिया इंटरनेशनल 2017 श्री दारा सिंह खुराना और स्टैंड-अप कॉमेडियन श्री रोहन गुजराल शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएमई की कार्यकारी निदेशक सुश्री सीमा श्रीवास्तव ने कहा, हम सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए अपने परिसर के दरवाजे समुदाय, व्यक्तियों और संगठनों के लिए हमेशा खुले रखेंगे. उनका स्वागत करने के लिए हम रोमांचित हैं. हमारा मानना है कि सांस्कृतिक और व्यावसायिक दोनों तरह के समारोहों के लिए एक गतिशील स्थल उपलब्ध कराके, हम अपने स्थानीय समुदाय को और समृद्ध बनाने में योगदान कर सकते हैं. इसके माध्यम से हम विभिन्न समूहों के लोगों के बीच एक सार्थक संबंध स्थापित कर सकते हैं।

अत्याधुनिक सुविधाओं और मनमाफिक लेआउट की सुविधा से सुसज्जित यह आईटीएमई परिसर आयोजनकर्ताओं और उपस्थित लोगों को निश्चित रूप से एक सहज अनुभव देता है।

इस अवसर पर मशहूर अभिनेत्री स्मिता जयकर ने कहा, आईटीएमई केंद्र दक्षिण मुंबई में एक अलग ही चमक लेकर लाएगा।

# मायावती को प्रधानमंत्री बनाने के लिए बसपा को जिताएं : आकाश आनन्द

मथुरा। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के राष्ट्रीय कोआर्डीनेटर आकाश आनन्द ने जनता से अपील की कि पार्टी अध्यक्ष मायावती को प्रधानमंत्री बनाने के लिए बसपा के प्रत्याशियों को ज्यादा से ज्यादा तादाद में विजयी बनाएं।

जमुनापार स्थित एक चुनावी सभा में उन्होंने बहरूपियों से सावधान रहते हुए कहा कि वे उनसे लड़े नही मगर सतर्क अवश्य रहें क्योंकि समय आने पर उनकी कलई अपने आप खुल जाएगी। ये ऐसे लोग हैं जो समाज के लोगों को भटकाकर दूसरे को वोट देने के लिए कह सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा, कांग्रेस, सपा समेत 25 राजनैतिक दलों ने साढ़े 16 हजार करोड़ का चन्दा लिया पर बसपा ने एक पैसा भी नही लिया। आकाश आनन्द ने भाजपा से पूछा कि उसने शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार के लिए पिछले दस साल में क्या किया। उनका कहना था कि खाली पेट धर्म नही जानता। उन्होंने प्रधानमंत्री से बिना नाम लिए पूछा कि उनके महंगाई को कम करने तथा ढाई करोड लोगों को हर साल नौकरी देने के वायदे का क्या हुआ।

उन्होने कहा कि पिछले दस साल में महंगाई आसमान को छू रही है। युवकों के अरमानों को तोड़ा जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर आउट हो जाने के बहाने उन्हें नौकरी से दूर रखा जा रहा है। शिक्षा का हाल है कि आज 25 प्रतिशत स्कूलों में या तो कम्प्यूटर नही हैं या फिर उसके शिक्षक नही है और डिजिटल इण्डिया की बात की जा रही है। बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डीनेटर का कहना था कि भाजपा सरकार साल में 12 हजार का मुफ्त राशन दे रही है लेकिन युवकों को नौकरी से दूर रख रही है जबकि एक युवक नौकरी से ढाई लाख रूपए साल में कमा सकता है। बेरोजगारी का यह आलम है कि पीएचडी प्राप्त लोग भी चतुर्थ श्रेणी की नौकरी के लिए आवेदन करने को मजबूर हैं। महंगाई बढ़ती ही जा रही है पर उस तरफ ध्यान न देकर संविधान बदला जा रहा है। उनका कहना था कि राम मन्दिर बनना अच्छी बात है पर अकेले धर्म से पेट नही भरता। उन्होंने 60 साल में बहुजन समाज के लिए कोई काम न करने , बाबा साहब को सम्मान न दिलाने आदि के लिए कांग्रेस की आलोचना की तो सपा को गद्दार बताते हुए कहा कि इस दल ने बहुजन समाज के वोट तो ले लिए पर उनके लिए कुछ भी नही किया।

# आयकर से जुड़े तनाव दूर करने का एक क्रांतिकारी मंच है सीए दुनिया

मुंबई (अनिल बेदाग) कर(टैक्स) का मौसम कई व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए समान रूप से एक तनावपूर्ण समय हो सकता है। जैसे-जैसे आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा नजदीक आ रही है, सभी आवश्यक दस्तावेजों को इकट्ठा करने और अपने करों की सटीक गणना करने का दबाव भारी महसूस कर सकता है।

### टैक्स फाइलिंग के दौरान आने वाली चुनौतियां

कर जमा करना एक जटिल और समय लेने वाला काम हो सकता है। कई व्यक्तियों को जटिल कर कानूनों और विनियमों को समझने में कठिनाई होती है, जिससे उनकी आय की सटीक रिपोर्ट करना और उचित कटौती का दावा करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, डब्ल्यू-2 फॉर्म, 1099 और रसीदें जैसे सभी आवश्यक दस्तावेजों




पर नज़र रखना एक कठिन काम हो सकता है। यह अक्सर कर दाखिल करने की प्रक्रिया में अव्यवस्था और संभावित त्रुटियों की ओर ले जाता है। इसके अतिरिक्त, गलतियाँ करने या कर अधिकारियों द्वारा ऑडिट किए जाने का डर कर के मौसम से जुड़े तनाव और चिंता को बढ़ाता है।

सीए दुनिया एक क्रांतिकारी मंच है जिसका उद्देश्य व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए कर दाखिल करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। चाहे आप एक वेतनभोगी व्यक्ति हों, एक फ्रीलांसर हों, या एक छोटे व्यवसाय के मालिक हों, सीए दुनिया आपकी सभी कर फाइलिंग आवश्यकताओं को पूरा करती है। यह एक व्यापक समाधान प्रदान करता है जो सटीकता और अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रक्रिया के प्रत्येक चरण के माध्यम से आपका मार्गदर्शन करता है।

सीए दुनिया सुविधाओं और लाभों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है जो इसे कर दाखिल करने का आदर्श समाधान बनाती है। सबसे पहले, इसका सुरक्षित क्लाउड-आधारित प्लेटफॉर्म यह सुनिश्चित करता है कि आपकी वित्तीय जानकारी हर समय सुरक्षित रहे। आप कहीं से भी, किसी भी समय अपनी कर फाइलों तक पहुँच सकते हैं और अपने कर सलाहकार के साथ निर्बाध रूप से सहयोग कर सकते हैं। यह गैर-अनुपालन के जोखिम को कम करता है और आपको सूचित वित्तीय निर्णय लेने में मदद करता है। अंत में, सीए दुनिया अनुभवी कर पेशेवरों की एक टीम से व्यक्तिगत सहायता प्रदान करती है जो किसी भी प्रश्न का उत्तर देने और कर दाखिल करने की प्रक्रिया के दौरान मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए उपलब्ध हैं।

कहने का मतलब ये है कि अपनी कर दाखिल करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करें और सीए दुनिया के साथ वित्तीय अनुपालन प्राप्त करें। कर दाखिल करने की जटिलताओं को सरल बनाकर और एक व्यापक समाधान प्रदान करके, सीए दुनिया आपको कर के मौसम के दौरान मन की शांति प्रदान करती है। टैक्स फाइलिंग के तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें-सीए दुनिया की सुविधा और दक्षता को अपनाएं। हमारी वेबसाइट पर जाकर और आज एक मुफ्त परीक्षण के लिए साइन अप करके सहज कर दाखिल करने की दिशा में अगला कदम उठाएं।

सीए दुनिआ.कॉम पर जाएं और आज एक नि: शुल्क परीक्षण के लिए साइन अप करें। अपनी कर दाखिल करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करें, वित्तीय अनुपालन प्राप्त करें और सीए दुनिया के साथ मन की शांति का अनुभव करें।